मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 34.9 | 29.4 |
| जमशेदपुर | 36.3 | 27.7 |
| डालटनगंज | 38.4 | 26.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार




पेज 09

www.lagatar.in रांची, रविवार 30 जून 2024 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष 08 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 82 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## 1 जुलाई 2024 से देश में लागू होने वाले नए कानूनी प्रावधानों को जानें

## सजग नागरिक बनें

# न्याय की नई परिभाषा





**श्री चम्पाई सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

आप कहीं से भी किसी भी थाने में जाकर FIR दर्ज करवा सकते हैं, वहां से संबंधित थाने में इसे भेज दिया जाएगा। **आप ऑनलाइन या ई-मेल से भी प्राथमिकी दर्ज करवा सकते हैं।**

प्राथमिकी के बाद **अनुसंधान में क्या प्रगति हुई है, इसकी जानकारी जांच अधिकारी को पीड़ित या सूचक को देनी होगी।** पहले थाने में जाकर जानकारी लेनी पड़ती थी।

**संगठित अपराध, झपटमारी और मॉब लिंचिंग को भी नए अपराध में शामिल किया गया है।** छोटे अपराधों के लिए सीधे जेल की जगह आरोपी से सामाजिक/सामुदायिक सेवा करने का भी दण्ड दिया जा सकता है।

पहले जहां अपराध के बाद केवल दण्ड आधारित न्याय व्यवस्था थी, वहीं **अब दण्ड की जगह न्याय व्यवस्था पर जोर है** यानी दण्ड ही केवल ना हो, यह ज्यादा महत्वपूर्ण हो कि पीड़ित को न्याय भी मिले।

18 साल से कम आयु की महिला के साथ **सामूहिक दुष्कर्म के अपराधियों को मृत्युदण्ड भी दिया जा सकता है।** जबकि 18 साल से अधिक आयु की महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के अपराधियों को 20 साल से आजीवन कारावास तक की सजा दी जा सकती है।

नए कानूनी प्रावधानों के अनुसार, **महिला से विवाह करने के झूठे वचन देकर शारीरिक संबंध बनाने के दोषी के लिए अब 10 वर्ष तक की सजा है।** दुष्कर्म पीड़िता का मेडिकल रिपोर्ट अब चिकित्सक को 7 दिन के भीतर देने होंगे।

नए कानूनी प्रावधानों में बालक (child) को परिभाषित किया गया है जो IPC में नहीं था। **महिला एवं बालकों के विरुद्ध अपराध को लिंग तटस्थ (Gender Neutral) बना दिया गया है, इसमें उभयलिंगी (Transgender) को भी सम्मिलित किया गया है।**

**आपराधिक न्याय प्रणाली की दिशा में तीन नए आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता (BNS), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) लागू होंगे...**
**ये कानून भारतीय दंड संहिता (IPC), दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC) और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर लागू होंगे।**

इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के व्यापक इस्तेमाल पर जोर दिया गया है, **इसमें ऑडियो-वीडियो संसाधनों के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक सूचना माध्यम का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।**

समन, तामिला का सबूत, दस्तावेजी समन के लिए इलेक्ट्रॉनिक सूचना माध्यम का प्रयोग एवं **साक्ष्य केवल लिखित नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक साधनों जैसे: ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग कर रखा जा सकेगा।**

तलाशी या जब्ती की प्रक्रिया में **ऑडियो-वीडियो संसाधनों का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।** इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख या रिकॉर्ड को विधिक दस्तावेज के रूप में मान्यता होगी।

फोरेंसिक जांचकर्ता को **अपराध स्थल पर जाकर साक्ष्य संकलन करने की बाध्यता होगी।** चिकित्सक अभियुक्त का जैविक परीक्षण कर चिकित्सीय साक्ष्य एकत्रित करेंगे।

नए कानूनी प्रावधानों के तहत अब **कम समय में अनुसंधान और न्यायिक प्रक्रिया सम्पन्न करने की व्यवस्था है।**

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

### सीता सोरेन और समीर उरांव से मिले असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा, कई मुद्दों पर किया विचार मंथन

# हर दिन कई लोग जेल जाते हैं, कइयों को बेल भी मिलती है : हिमंता

■ कार्यकर्ताओं ने हिमंता का किया स्वागत

प्रमुख संवाददाता। रांची

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने हेमंत सोरेन की बेल पर कहा है कि हर दिन कई लोग जेल जाते हैं और हर दिन कई लोगों को बेल मिलती है. इसका अकाउंटिंग करना भाजपा का काम नहीं है. यहां तो भ्रष्टाचार चरम पर है. आपराधिक घटनाएं बढ़ीं हैं. पेपर लीक हो रहे हैं. झारखंड में हुए लोकसभा चुनाव में लोगों ने भाजपा के पक्ष में वोट देकर आखिर क्या मैसेज दिया. लोगों ने



हिमंता बिस्व सरमा के साथ सीता सोरेन, अमर बाउरी, दीपक प्रकाश.

बताया कि वह यहां की सरकार से खुश नहीं है. हिमंता एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को झारखंड पहुंचे. उन्होंने कहा कि संथाल में घुसपैठ और लव जिहाद पर रोक लगाना भाजपा की प्राथमिकता है. कोई गलत तरीके से घुसपैठ कर यहां की आदिवासी लड़कियों से शादी न करे. इसे रोकना है. भाजपा के मैनिफेस्टो में इस मुद्दे को शामिल किया जाएगा.

**हिमंता ने जनजाति समाज के नेताओं से मुलाकात की :** असम के सीएम सह झारखंड विधानसभा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा से शनिवार को प्रदेश भाजपा के जनजाति समाज के नेताओं से मुलाकात की. इस कड़ी में हिमंता ने मधु कोड़ा, गीता कोड़ा, समीर उरांव, अरूण उरांव, सीता सोरेन से उनके आवास में मिले. हिमंता बिस्व सरमा के साथ प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद दीपक प्रकाश, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी भी उपस्थित रहे.

**सीता सोरेन और समीर उरांव से की मुलाकात**

रांची पहुंचते ही हिमंता बिस्वा सरमा ने सीता सोरेन से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की. हिमंता के साथ नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश मौजूद थे. इसके बाद लोहरदगा सीट से भाजपा के उम्मीदवार रहे समीर उरांव से मुलाकात की. बताते चलें कि सीता सोरेन ने अपनी हार के लिए भाजपा के बड़े नेताओं व विधायक को जिम्मेदार ठहराया है. उन्होंने भाजपा की पूर्व मंत्री लुईस मरांडी व सारठ विधायक रणधीर सिंह पर विश्वासघात करने का आरोप लगाया है. सीता सोरेन ने कहा था कि चुनाव में भाजपा संगठन की जो मजबूती है, वह देखने को नहीं मिली. भाजपा के कार्यकर्ता मनमानी पर उतर आये थे.

### हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने पर केंद्रीय सरना समिति ने खुशियां मनाई

# विजय जुलूस निकाला



बिरसा चौक पर भगवान बिरसा को नमन करने के दौरान हेमंत व कल्पना सोरेन.

संवाददाता। रांची

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल से बाहर निकलने पर आदिवासी समाज में खुशी की लहर है. केंद्रीय सरना समिति से जुड़े सैकड़ों लोग रांची विश्वविद्यालय में एकत्र हुए. सभी पारंपरिक वेशभूषा में थे. सभी ढोल नगाड़ा बजाते हुए अलबर्ट एक्का चौक पहुंचे. जहां एक-दूसरे के बीच लड्डू बांटे अतिशबाजी की गयी. इसके बाद सभी नाचते-गाते सीएम हाउस पहुंचे. जहां समिति के सदस्यों ने पूर्व सीएम को माला पहनायी. सरना वस्त्र और बुके देकर स्वागत किया. इस मौके पर सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में समिति भाजपा को उखाड़ फेंकने का काम करेगी.

उन्होंने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री को झूठे आरोप में फंसाया गया था. उन्हें षड्यंत्र के तहत पांच महीने तक जेल भेज दिया गया. शुक्रवार को न्याय पालिका ने उन्हें निर्दोष मान कर बेल दिया. जुलूस में शामिल लोगों ने कहा कि पूर्व सीएम को जमीन मामले में झूठे आरोप लगा कर फंसाया गया था.



केंद्रीय सरना समिति के सदस्यों ने विजय जुलूस निकाल खुशी मनाई.

हेमंत सोरेन की सरकार आदिवासियों की सरकार है. उन्होंने हमेशा आदिवासियों का साथ दिया है. मौके पर रूपचंद्र खेवट,अजीत उरांव, मानु तिग्गा, करमा लिंडा, शिवशंकर मुखर्जी, मुन्ना टोप्पो, अजय कच्छप, गायना कच्छप, प्रफुल्ल लिंडा, शुभानी तिग्गा, अनिल मुखिया, सीता उरांव, सुनिता कच्छप समेत अन्य उपस्थित थे.



**मोटरसाइकिल से पहुंचे सीएम आवास, झूमे-नाचे**

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई पर झामुमो के केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग जिला संयोजक संजीव बेदिया के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता मोटरसाइकिल से मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और जमकर ढोल-नगाड़े के साथ मंदार की थाप पर झूमे नाचे. संजीव बेदिया ने बताया कि हेमंत सोरेन की जेल जाने के बाद कोई भी पर्व त्योहार नहीं मना रहे थे. वहीं, आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से एक बार हेमंत सरकार का नारा को बुलंद करने का ऐलान किया.

### अलकतरा घोटाला

## कोर्ट ने तीन इंजीनियरों को तीन-तीन साल की सजा सुनायी

संवाददाता। रांची

सड़क निर्माण विभाग के इंजीनियरों और ठेकेदारों की मिलीभगत से लाखों रुपये के सरकारी राशि का गबन करने से जुड़े 25 साल पुराने मामले में रांची सीबीआई कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है. अलकतरा घोटाले के नाम से चर्चित इस मामले में कोर्ट ने तीन इंजीनियरों को तीन-तीन साल की सजा सुनवाई है. साथ ही अदालत ने ट्रायल फेस कर रहे तीनों आरोपियों जूनियर इंजीनियर विवेकानंद चौधरी, कुमार विजय शंकर (दोनों सेवानिवृत्त) और बिनोद कुमार मंडल पर 50-50 हजार का जुर्माना भी लगाया है. तीनों पर आरईओ वर्क्स डिवीजन रांची में पदस्थापित रहते हुए पद का दुरुपयोग करते हुए आपराधिक षड्यंत्र के तहत लाखों रुपये की सरकारी राशि का गबन करने का आरोप है.

**1992 से 1997 तक जारी रहा अलकतरा घोटाला**

अलकतरा घोटाला साल 1992-93 से लेकर 1997 तक जारी रहा. घोटाला की जानकारी मिलने के बाद इसकी जांच सीबीआई से करायी गयी. सीबीआई ने इस मामले में छह दिसंबर 1999 को प्राथमिकी दर्ज की थी. आरोपियों ने 12 अलग-अलग सड़कों की मरम्मत का कार्य दिखाकर अलकतरा की मांग की और सड़कों की मरम्मत किये बिना अलकतरा के लिए आवंटित राशि की निकासी कर ली. सीबीआई के मुताबिक, लगभग 1500 मिट्रिक टन अलकतरा आईओसीएल से ट्रांसपोर्टर के माध्यम से आरोपियों ने प्राप्त किया. अलकतरा लाने वाले को ट्रांसपोर्टर चालान भी दिया. लेकिन स्टॉक रजिस्टर में प्राप्ति से काफी कम मात्रा दिखायी गयी.

## पूर्व मंत्री के ओएसडी की बेल पर अब छह जुलाई को सुनवाई

संवाददाता। रांची

टेंडर घोटाला के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल की जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई हुई. इस दौरान ईडी ने कोर्ट से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा. जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 जुलाई की तिथि निर्धारित की. बता दें कि संजीव लाल ने रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है. संजीव लाल के सहायक जहांगीर के



घर से ईडी ने 35.23 करोड़ कैश बरामद किये थे. वहीं संजीव लाल के करीबी बिल्डर मुन्ना सिंह के घर से एजेंसी ने तीन करोड़ बरामद किये थे. इसी केस में एजेंसी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को भी गिरफ्तार कर चुकी है.

## राज्य के सभी सरकारी सेवकों को देना होगा संपत्ति का ब्योरा

▪ राज्य सेवा के अफसरों को पांच साल की परफॉरमेंस रिपोर्ट जमा करनी होगी

रवि भारती। रांची

झारखंड सरकार के सभी सरकारी सेवकों ( ग्रुप डी को छोड़कर) को अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा देना होगा. कार्मिक विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सरकारी सेवकों को एचआरएमएस पोर्टल के जरिए 15 जुलाई तक संपत्ति का विवरण जमा करना अनिवार्य है. वहीं राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को वर्ष- 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 का परफॉरमेंस स्वमूल्यांकन प्रतिवेदन जमा करना होगा. इसमें प्रतिवेदक पदाधिकारियों के स्तर से ऑनलाइन रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून रखी गयी है, जबकि समीक्षा पदाधिकारियों के स्तर से ऑनलाइन मूल्यांकन की अंतिम तिथि 10 जुलाई और स्वीकरण पदाधिकारियों के स्तर से ऑनलाइन मूल्यांकन की अंतिम तिथि 20 जुलाई रखी गयी है.

**रिपोर्ट जमा नहीं करने पर प्रोन्नति से हो सकते हैं वंचित**

सरकारी सेवकों और राज्य सेवा के अफसरों द्वारा तय समय सीमा के अंदर रिपोर्ट जमा नहीं करने पर राज्य सरकार की ओर से मिलने वाले आर्थिक लाभ से वे वंचित हो जा सकते हैं. साथ ही प्रोन्नति में भी पेंच फंस सकता है. मिली जानकारी के अनुसार सरकार के इस आदेश के बाद सरकारी सेवक और राज्य सेवा के अफसर एचआरएमएस पोर्टल पर विवरण जमा करने में लगे हुए हैं. बताते चलें कि राज्य प्रशासनिक सेवा के सभी अधिकारियों को हर तीन साल पर यह ब्योरा जमा करना होता है. लेकिन कई अधिकारियों ने राज्य सरकार को अपनी संपत्ति के बारे में कोई सूचना पिछले कुछ वर्षों से नहीं दी है.

### सीएम से मिले पोटका के विधायक संजीव सरदार



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शनिवार को पोटका विधायक संजीव सरदार ने मुलाकात की. इस अवसर पर मुख्यमंत्री को विधायक संजीव सरदार ने पोटका की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए समस्याओं के निराकरण का आग्रह किया. मुख्यमंत्री से उन्होंने पूर्वी सिंहभूम जिले में क्षेत्रीय भाषा के संवर्द्धकरण के लिए विद्यालयों में मास्टर चयन प्रक्रिया की विसंगतियों को दूर करने का भी आग्रह किया.

### सीएम से मिले टाटा मोटर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शनिवार को टाटा मोटर्स (कमर्शियल व्हीकल बिजनेस यूनिट) के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरिश वाघ ने मुलाकात की. इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया गया है.

## मंथन : तीन नये कानूनों पर की गयी गहन चर्चा



कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते न्यायिक पदाधिकारी.

▪ रांची सिविल कोर्ट के सभी न्यायिक पदाधिकारी रहे मौजूद

संवाददाता। रांची

देश में एक जुलाई से तीन नये आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) लागू होने वाले हैं. रांची के जज कॉलोनी स्थित मल्टी पर्पस हॉल में झारखंड न्यायिक अकादमी के दिशा-निर्देश पर शनिवार को बैठक कर इन तीनों आपराधिक कानून पर गहन चर्चा की गयी. इस बैठक की अध्यक्षता रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने की. बैठक में उपस्थित सभी न्यायिक पदाधिकारियों को 10 अलग-अलग समूहों में बांटा गया था और सभी को नये कानून से संबंधित एक-एक खंड दिया गया था. जिस पर न्यायिक पदाधिकारियों ने गहन मंथन किया और उक्त विषय पर अपने-अपने मंतव्य देकर एक-दूसरे से जानकारी साझा की. इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय के दो महत्वपूर्ण निर्णयों पर भी चर्चा की गयी, जिनमें टरसेम लाल बनाम डायरेक्टोरेट इंफोरर्समेंट और जलंधर जोनल ऑफिसर व बाबू साहेबागौड़ा बनाम स्टेट ऑफ कर्नाटक है. अभियुक्तों के कोर्ट में बेल एवं उनकी उपस्थिति से संबंधित प्रावधानों पर चर्चा की गयी. न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय ने भी न्यायिक पदाधिकारियों को नये आपराधिक कानून के बदले हुए प्रवधानों के बारे में विस्तार से बताया.

## नौ अफसरों का तबादला, संदीप कुमार बने झारखंड के नए खेल निदेशक

संवाददाता। रांची

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार और राज्यभाषा विभाग के नौ अफसरों का तबदला किया गया है. इससे संबंधित नोटिफिकेशन शुक्रवार को जारी की गयी. खेलकूद, पर्यटन कला संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग का नया निदेशक बोकारो के डीडीसी संदीप कुमार को बनाया गया है. वहीं सुशांत गौरव का पदस्थापन किसी भी विभाग में नहीं किया गया है. बता दें कि सुशांत गौरव उद्योग विभाग के निदेशक के अतिरिक्त प्रभार पर भी है.

**जानें किसका कहां हुआ तबादला**

- बोकारो डीडीसी संदीप कुमार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक निदेशक खेलकूद, पर्यटन कला संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग के पद पर पदस्थापित.
- संयुक्त सचिव झारखंड लोक सेवा आयोग इश्तियाक अहमद को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक डीडीसी पाकुड़ के पद पर पदस्थापित.
- संयुक्त सचिव अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग के मो. शब्बीर अहमद को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक डीडीसी पलामू के पद पर पदस्थापित.
- संयुक्त सचिव, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के गिरिजा शंकर प्रसाद को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक डीडीसी बोकारो के पद पर पदस्थापित.
- भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सिमरिया (चतरा) के बिनोद प्रजापति को सेवा राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड, रांची से वापस लेते हुए अगले आदेश तक अवर सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग, झारखंड, रांची के पद पर पदस्थापित.
- अवर सचिव, योजना एवं विकास विभाग के रवि प्रकाश को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपने वेतनमान में अपर नगर आयुक्त आदित्यपुर नगर निगम के पद पर पदस्थापित.
- अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के अनंत कुमार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपर नगर आयुक्त चास नगर निगम के पद पर पदस्थापित.
- अपर समाहर्त्ता साहिबगंज के पद पर पदस्थापित राज महेश्वरम को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपर समाहर्त्ता, गढ़वा के पद पर पदस्थापित.
- प्रखंड विकास पदाधिकारी, पदमा (हजारीबाग) के पद पर पदस्थापित मृत्युंजय कुमार की सेवा ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, रांची से वापस लेते हुए अगले आदेश तक कार्यपालक दंडाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के पद पर पदस्थापित.

**प्रदर्शन**

### आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम जारी, नेताओं और कार्यकर्ता ने कहा-

# हर योजना में गड़बड़ी, अफसरों की मनमानी चरम पर

प्रमुख संवाददाता। रांची

आजसू पार्टी ने सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी और सत्ता- सिस्टम की मनमानी के खिलाफ चौथे दिन भी हल्ला बोल कार्यक्रम जारी रखा. अलग-अलग जगहों पर कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी की और पब्लिक के काम को लेकर सरकार का ध्यान खींचा. कार्यकर्ताओं ने कहा कि सबसे ज्यादा प्रखंड और अंचल कार्यालयों में नौकरशाही- बिचौलिया गंठजोड़ के चलते आम आदमी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. अफसरों ने हर काम के लिए रेट फिक्स कर रखा है. अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं है और यह योजना बाबूगीरी की भेंट चढ़ रही है. छात्रों को जाति, आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अफसरों तथा



आजसू के हल्ला बोल कार्यक्रम में शामिल नेता व कार्यकर्ता.

कर्मचारियों के सामने चिरौरी करनी पड़ती है.

**सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं में अनियमितता व्याप्त :** सामाजिक सुरक्षा की तमाम योजनाओं में अनियमितता व्याप्त है. न समय पर राशन मिलता है और न ही जरूरतमंदों को पेंशन. सरकार की किसी भी योजना पर पकड़ नहीं है और सब कुछ झूठे वादे, कोरी घोषणाएं की होड़ मची है. आजसू कार्यकर्ताओं ने कहा कि जो सरकार लोगों को पीने का पानी तक मुहैया कराने में विफल है, वह झारखंड का हितैषी होने के दावे करती रही है। लूट और करप्शन का पैसी नीचे से ऊपर तक बंट रहा है और आम आदमी अपने हक अधिकार के लिए पिस रहा है. हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत देवघर जिला के प्रखंड मनोहरपुर, प. सिंहभूम के प्रखंड खुटपानी, गुमला जिला के प्रखंड चैनपुर, धनबाद जिला के प्रखंड बलियापुर समेत कई प्रखंडों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ पार्टी पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया.

**खास बातें**

- पूरे राज्य में आजसू हल्ला बोल कार्यक्रम कर रही है
- राज्य सरकार की विफलता को कर रही है उजागर

### विधानसभा चुनाव में जदयू भी ठोकेगा ताल, हुआ फैसला

**रांची।** झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में जदयू भी ताल ठोंकेगी. शनिवार को दिल्ली में जदयू की हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह फैसला लिया गया. बैठक में जदयू के चुनाव लड़ने के प्रस्ताव पर सहमति बनी. कहा गया कि झारखंड में पहले भी जदयू के उम्मीदवार उतरे हैं और जीते भी हैं. झारखंड की उन सीटों को चिन्हित करने की बात कही गयी, जहां प्रत्याशी उतारने की संभावना सबसे ज्यादा है, उसके बाद रणनीति बनाकर आगे तैयारी में जुटने की बात कही गयी, बताते चलें कि संजय झा को जदयू का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है, उनके नाम का प्रस्ताव नीतीश कुमार खुद लेकर आए, जिसपर पार्टी के सभी नेताओं ने अपनी सहमति दी.

क्लासिफाइड









30 जून, 1855
हूल दिवस



# शुभम संदेश



एक राज्य - एक अखबार

**हेमंत का ऐलान-ए-जंग :** विधानसभा चुनाव में जनता देगी मुंहतोड़ जवाब

# मेरे खिलाफ साजिश रचने वालों का सफाया हो जाएगा

प्रमुख संवाददाता। रांची

**बोले हेमंत**
- साजिश रचने वालों को हम मुंहतोड़ जवाब देंगे
- भाजपा जब चाहे विस चुनाव करवा ले, मुंह की ही खाएगी
- भाजपा को सामाजिक ताना-बाना नष्ट करने में महारत हासिल है
- जनता ने इन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में सबक सिखाया है

**अपने नेता को अपने बीच पाकर कार्यकर्ताओं के खिले चेहरे**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने शनिवार को भाजपा पर उनके खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया और दावा किया कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा का झारखंड से सफाया हो जाएगा. अपने आवास पर शनिवार को बारिश के बीच भींगते हुए झामुमो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा कि उन्हें जेल में बंद करने की साजिश रचने वालों के खिलाफ विद्रोह होगा और लोग भाजपा को नहीं बख्शेंगे. झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा, भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का समय आ गया है. आने वाले दिनों में झारखंड से भाजपा का सफाया हो जाएगा. धन शोधन के एक मामले में हाईकोर्ट द्वारा जमानत दिए जाने के बाद हेमंत को शुक्रवार को जेल से रिहा किया गया. भाजपा पर निशाना साधते हुए सोरेन ने कहा, जानकारी में आया है कि वे विधानसभा चुनाव समय से पहले कराने की योजना बना रहे हैं. मैं चुनौती देता हूं कि वे जिस दिन चाहें चुनाव करा लें. झारखंड में विस चुनाव जीतने का भाजपा का सपना मुंगेरीलाल के हसीन सपने जैसा होगा. भाजपा कई राज्यों में आदिवासियों को सीएम बना रही है, लेकिन वे सिर्फ रबर स्टाम्प हैं.

**भारी बारिश के बीच कार्यकर्ताओं को किया संबोधित :** हेमंत ने बारिश में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ कोई खड़ा न हो पाए, इसकी जुगत भिड़ाई जा रही है. उसी का परिणाम है कि आज दिल्ली के सीएम जेल में बंद हैं. मुझे षड्यंत्र में फंसा कर पांच महीने जेल में रखा गया. झारखंड गरीब गुरबा राज है. हमें समझने में थोड़ा वक्त लगता है.



अपने आवास के बाहर भारी बारिश के बीच कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हेमंत सोरेन. साथ हैं कल्पना सोरेन व सुप्रियो.

## भाजपा ने सीरिंज से लोगों का खून चूस लिया

हेमंत ने कहा कि मोदी सरकार में नीट व यूपीएससी पेपर लीक और ट्रेन व एयरपोर्ट दुर्घटनाएं हो रही हैं. इन लोगों ने सीरिंज से लोगों का खून चूस लिया है. संविधान की कई संस्थाओं को अपनी मुट्ठी में कर लिया. लेकिन जनता की अदालत सबसे बड़ी अदालत है. इस दिया को हम नहीं बुझने देंगे. कई ऐसे वीर शहीद हैं, जो हमारे प्रेरणास्रोत हैं. आपके आशीर्वाद से सबसे पहले देश में आदिवासी सीएम बना है. मजबूरन मोदी सरकार को पड़ोसी राज्यों में आदिवासी सीएम बनाना पड़ रहा. लेकिन वो रबर स्टैंप है. हेमंत का इशारा छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और ओडिशा के सीएम मोहन चरण मांझी की तरफ था. उन्होंने कहा, पूर्वजों के सपने को पूरा करने का हम काम करेंगे. बीजेपी वाले विधानसभा जीत का जो सपना देख रहे हैं, वह मुंगेरीलाल के हसीन सपने साबित होंगे. इस दौरान गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, सांसद कालीचरण मुंडा, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, अनूप सिंह, राजेश कच्छप, सुप्रियो भट्टाचार्य, विनोद पांडेय समेत अन्य कई नेता मौजूद थे.

## भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हेमंत सोरेन करीब 3.25 बजे बिरसा चौक पहुंचे. उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. कल्पना सोरेन, महुआ माजी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे. हेमंत ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया. हेमंत सोरेन करीब 10 मिनट तक बिरसा चौक पर रहे. इस दौरान उनकी एक झलक पाने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों से कार्यकर्ताओं का हुजूम पहुंचा था. हेमंत के जेल से बाहर आने की खुशी सभी के चेहरे पर साफ झलक रही थी. कार्यकर्ता काफी खुश और उत्साहित नजर आ रहे थे. क्योंकि पांच महीने बाद उनकी अगुवाई करने वाला फिर से उनके साथ खड़ा था.

खेल विभाग ने सीएम को बताया- झारखंड में 11 हजार क्लबों का हुआ रजिस्ट्रेशन

# हकीकत-जिलों में खेल क्लबों का रजिस्ट्रेशन नहीं

शुभम किशोर। रांची

18 जून को शुभम संदेश ने सिदो कान्हू खेल क्लब के 11 महीने में एक प्रतिशत भी निबंधन नहीं होने की खबर प्रकाशित की थी. इस दौरान सीएम चंपाई सोरेन सभी विभागों की समीक्षा कर रहे थे. 18 जून को ही खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की सीएम ने समीक्षा की. मौके पर पदाधिकारियों ने सीएम को अवगत कराया कि राज्य में अभी तक 27 हजार 248 सिदो कान्हू युवा खेल क्लबों का गठन किया जा चुका है, जिसमें लगभग 11 हजार से अधिक क्लबों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है. लेकिन जानकारी के अनुसार रांची को छोड़ कर किसी भी जिले में किसी क्लब का कोई रजिस्ट्रेशन नही हुआ है. बाकी जिलों के लगभग 80 क्लबों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जारी है.



18 जून को शुभम संदेश में प्रकाशित.

**उठते सवाल**
- सीएम को समीक्षा बैठक में क्लबों के रजिस्ट्रेशन की दी गई गलत जानकारी
- रांची को छोड़ कर किसी भी जिले में किसी क्लब का नहीं हुआ रजिस्ट्रेशन

## गलत जानकारी देने पर निदेशालय ने नहीं दिया जवाब

इस बारे में जब 11 हजार क्लबों के रजिस्ट्रेशन के बारे में खेल निदेशालय से पूछा गया, तो अधिकारी इससे बचते दिखे. निदेशक सुशांत गौरव, उपनिदेशक मनीष कुमार भी बोलने से बचते रहे. झारखंड में कुल 30,337 गांवों में सिदो कान्हू युवा खेल क्लब का गठन होना है. जिसमें विभाग कागज में 27, 233 क्लबों का गठन कर चुका है. सीएम ने रजिस्ट्रेशन में तेजी लाने को भी कहा है. कोऑपरेटिव के माध्यम से रजिस्ट्रेशन में तेजी लाने की बात भी कही गई है.

## सोसाइटी एक्ट से रजिस्ट्रेशन में परेशानी

सभी सिदो कान्हू क्लब का रजिस्ट्रेशन 1860 सोसाइटी एक्ट के रूप में कराया जाना था. क्लब गठन करने की प्रक्रिया प्रत्येक गांव में सिदो कान्हू युवा खेल क्लब के गठन के लिए आम सभा बुलाई जाएगी और क्लब की स्थापना की जानी है. निबंधन में एफिडिफिट और अन्य प्रक्रिया में लगभग 500 रुपए का खर्च क्लब के सचिव को उठाना था. जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपनी जेब से पैसे लगाने के पक्ष में नहीं हैं. बता दें कि निबंधन होने के बाद ग्राम स्तर पर प्रत्येक क्लब को डीसी द्वारा 25 हजार रुपए अनुदान दिया जाना था.

## अमित शाह 20 को आ सकते हैं झारखंड

**रांची।** लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार 20 जुलाई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह झारखंड आ सकते हैं. जानकारी के अनुसार वे भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों को संबोधित भी करेंगे. इधर असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा भी शनिवार को झारखंड दौरे पर रहे. उन्होंने जनजाति समाज के नेताओं से मुलाकात की. जानकारी के अनुसार, इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा किसी तरह का कोई चूक नहीं करना चाहती है.



नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामला में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

# गुजरात में सात स्थानों पर छापेमारी की

एजेंसी। नयी दिल्ली

सीबीआई ने नीट-यूजी पेपर लीक के मामले में गुजरात में सात स्थानों पर रेड की. आनंद, खेड़ा, अहमदाबाद और गोधरा में संदिग्धों के परिसरों पर रेड की गई. सीबीआई ने पेपर लीक मामले में हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्राचार्य, उपप्राचार्य और एक अखबार के एक पत्रकार को शुक्रवार को गिरफ्तार किया था.

अधिकारियों ने बताया कि ओएसिस के प्राचार्य एहसानुल हक और उप-प्राचार्य इम्तियाज आलम को एनटीए का पर्यवेक्षक और केंद्र समन्वयक नियुक्त किया गया था. इस मामले में सीबीआई पांच और लोगों से पूछताछ



कर रही है. पत्रकार जमालुद्दीन अंसारी को प्राचार्य की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. सीबीआई ने इस मामले में छह प्राथमिकी दर्ज की हैं. एनटीए ने देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की थी.

## नीट मामले पर पीएम मोदी चुप क्यों हैं: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने नीट-यूजी में कथित धांधली को लेकर दावा किया कि गुजरात के गोधरा में पेपर लीक होने का मामला स्पष्ट हो चुका है और इसके बावजूद सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में इस विषय को लेकर झूठ बोला. गुजरात कांग्रेस के अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने यह सवाल भी किया कि नीट मामले पर पीएम मोदी ने चुप्पी क्यों साध रखी है? गोहिल ने पुलिस के हलफनामे का हवाला देते हुए कहा, कई राज्यों से छात्र गोधरा में परीक्षा देने आए थे, यहां उनकी सेटिंग हो गई थी. -शेष पेज 11 पर

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,600 |
| चांदी (किलो) | 93,000 |

**ब्रीफ खबरें**

## पूर्वी लद्दाख में सेना के पांच जवानों की मौत

**नयी दिल्ली/लेह।** पूर्वी लद्दाख में एक टैंक को श्योक नदी पार कराने की कोशिश के दौरान सेना के पांच जवानों की मौत हो गई. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस हादसे के बाद, एक्स पर एक पोस्ट के जरिए शोक व्यक्त किया. कहा, लद्दाख में एक टैंक को नदी पार कराते समय हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में भारतीय सेना के हमारे पांच बहादुर जवानों की जान जाने से मुझे गहरा दुख हुआ है. हम अपने वीर जवानों द्वारा देश के लिए की गई अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे. सभी राजनीतिक दलों ने सेना के जवानों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है.

# संजय झा बने जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष

एजेंसी। नयी दिल्ली

जदयू के राज्यसभा सदस्य संजय झा को शनिवार को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया. यह निर्णय पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया. बैठक में पार्टी ने बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की अपनी सालों पुरानी मांग भी दोहराई.

जदयू नेता नीरज कुमार ने पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकिरिणी की बैठक के बाद कहा, कार्यकारिणी में दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गए. पहला, राजनीतिक और दूसरा संगठनात्मक. पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा में पार्टी के संसदीय दल के नेता संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया. कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य को एक विशेष पैकेज देने के विकल्प पर भी विचार कर सकती है. कार्यकारी अध्यक्ष पद पर अपनी नियुक्ति के बाद



- पार्टी ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग दोहराई
- **नीट मामले में आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए**

झा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी बिहार पर हमेशा ध्यान देते हैं और उम्मीद है कि विशेष दर्जे या पैकेज की (राज्य की) मांग पूरी होगी. बिहार सरकार में जल संसाधन मंत्री रह चुके झा ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत भाजपा से की थी. बाद में, वह जदयू में शामिल हो गए. वह जदयू के राष्ट्रीय महासचिव और राज्य योजना परिषद के सदस्य भी रह चुके हैं. नीरज कुमार ने कहा कि पार्टी ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने तथा परीक्षा में गड़बड़ी पर अंकुश लगाने के लिए संसद में कठोर कानून पारित करने की मांग की. झा को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय महत्वपूर्ण है, क्योंकि उन्हें भाजपा नेतृत्व के साथ अच्छे समीकरण के लिए जाना जाता है. कभी भाजपा के दिवंगत नेता अरुण जेटली के करीबी रहे झा को जदयू का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने के बाद उन अटकलों को भी विराम लगने की संभावना है, जिनमें अक्सर यह दावा किया जाता रहा है कि नीतीश कुमार कभी भी पाला बदल सकते हैं. पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में नीतीश कुमार ने घोषणा की कि वह अब हमेशा एनडीए का हिस्सा बने रहेंगे और उनके कहीं इधर-उधर जाने का सवाल ही नहीं उठता.

**हूल क्रांति दिवस पर विशेष**

# जब भोगनाडीह गांव में बजा क्रांति का बिगुल

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**30 जून 1855** को आकाश में मुस्कराते पूर्णिमा के चांद ने देखी आदिवासियों की एक ऐतिहासिक जनसभा, जो संथालपरगना के भोगनाडीह गांव में एक बरगद वृक्ष के नीचे आयोजित की गयी थी. उसमें चार सौ गांवों के लगभग 50 हजार संथाल पारंपरिक हथियार से लैस होकर भाग ले रहे थे. सभी उत्साहित थे एक ऐसी ताकत से टकराने के लिए, जिसके राज्य में कभी सूर्यास्त नहीं होता था. एक ऊंची चट्टान पर खड़े थे सिदो, कान्हू, चांद और भैरव. साथ में थीं फूलो और झानो जैसी वीरांगना बहनें. सिदो ऊंची आवाज में कह रहे थे- 'दामिन-ई-कोह में अंग्रेजों का अत्याचार दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है. उन्होंने हमें जल, जंगल, जमीन से बेदखल करने के लिए जमींदारों और महाजनों को भी हमारे बीच बसा रखा है और उन्हें मनमानी करने की पूरी छूट दे रखी है. हमारी गरीबी बढ़ती जा रही है. सरकार लगान बढ़ाती जा रही है. हम मजबूरी में लगान नहीं दे पाते तो हमारी जमीन नीलाम कर जमींदार को दे दी जा रही है. एक तरफ अंग्रेजी सरकार तो दूसरी तरफ सूदखोर महाजन हैं, जो हमें कर्ज के जाल में फंसा कर बर्बाद कर रहे हैं. ये दोनों दिकू हैं. इस बात को लेकर हमारे भगवान मरांगबुरु और देवी जाहेर ने मुझको दर्शन दिया और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने को कहा है. हमें आशीर्वाद दिया है. इसीलिए हम कहते हैं-करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो. अबुआ दिशुम, अबुआ राज. भाइयो, हमारा मानना है कि हम अपनी माटी के लिए, अपने हक के लिए, अपने देश के लिए, अपने समाज के लिए लड़ेंगे. यह लड़ाई केवल हम संथालों की और हम संथालों के लिए ही नहीं होगी. यह लड़ाई दामिन-ई-कोह में रहनेवालों उन तमाम शोषितों, पीड़ितों, उपेक्षितों और दलितों के लिए होगी और इसमें हमें उनका भी पूरा सहयोग चाहिए. आप सभी मेरे साथ बोलिए. अबुआ दिशुम!'

**भीड़ से सामूहिक आवाज गूंजी-'अबुआ राज!!'**
**सिदो ने पूरी ताकत लगा कर जोर से कहा-'करो या मरो!'**
**भीड़ से सामूहिक आवाज गूंजी-'अंग्रेजों, हमारी माटी छोड़ो!!'**

कुछ देर तक यही नारा गूंजता रहा. नारा थमने के बाद भीड़ में तालियां बजने लगीं और साथ ही खुसर-फुसर भी होने लगी. इसी बीच एक वयोवृद्ध मांझी चट्टान पर सिदो के बगल में आकर खड़े हो गये. मांझी ने कहा-'हम पूरे संथाली समाज की ओर से कहते हैं-करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो. अबुआ दिशुम, अबुआ राज. दूसरी बात यह है कि आज से हमारा दामिनी-ई-कोह आजाद है. हम अंग्रेजों से आजाद हैं. हमारे ऊपर अंग्रेजों का कोई जोर नहीं चलेगा. हम सरकार को लगान नहीं देंगे. आज से दामिन-ई-कोह आजाद हो गया है. आज से हमारे राजा सिदो मुर्मू हैं. कान्हो मंत्री, चांद प्रशासक और भैरव सेनापति हैं. हमारी सेना तैयार है. एक बात और, हमारी नयी सरकार में संदेशवाहक की भूमिका हमारी बहादुर बेटियां फूलो और झानो निभायेंगी. हम सभी लोग इस नयी सरकार को अपनी ओर से जी जान लगा कर सहयोग देंगे.'

भीड़ ने फिर जोरदार ढंग से तालियां बजायीं. कान्हू ने कहा-'हमारे बहादुर साथियों, अब हम आजाद हैं. अंग्रेजी राज गया. -शेष पेज 11 पर

**SONA DEVI UNIVERSITY**

Estd. by Govt. of Jharkhand Act-05, 2023 and approved under section 2(f) of UGC Act, 1956
Kitadih, PO & PS- Ghatsila, North Maubhandar, Jamshedpur, East Singhbhum, Jharkhand-832303
Web:www.sonadeviuniversity.com, enquiry@sonadeviuniversity.com



**RECRUITMENT, 2024**
(Advt. No. SDU/05/2024)

Applications for various Academic & Non-Academic posts are invited by Sona Devi University, Ghatsila, East Singhbhum, Jharkhand-832303. The University is situated admist a sprawling, picturesque campus with state - of- the-art infrastructure on Jamshedpur-Kharagpur National Highway No. 18 (NH-33) at Ghatsila, East Singhbhum. The Sona Devi University is running 11 schools & 49 courses in 91 disciplines. All the Courses are approved by UGC, New Delhi as well as by other Regulatory bodies related to various disciplines.

1. **Administrative Posts :** Registrar (1), Finance Officer (1), Controller of Examination (1), Sports Officer (1), Deputy Registrar (2) Assistant Registrar (2), Chief Librarian (1), Marketing Officer (MBA) (1), H.R Executive (MBA) (1).
2. **Post of Teaching Faculties** (Professor-01), Associate Prof. (02), Assistant Prof. (03) in each subject) in following Disciplines :-
   **Physics, Chemistry, Mathematics, Botany, Zoology, Psychology, Sociology, Social Work, Pol. Science, History, Geography, Anthropology, Economics, Hindi, English, Sanskrit, Bengali, Santhali, Home Science, Library & Info. Science, Commerce, Management, Education, Computer Application, Computer Science, Agriculture Science, Fisheries Science, Engineering & Technology (ME/ M.Tech in CSE, CE, ME, EEE with specialization in AI/DS/ML/Cyber Security) Yoga & Naturpoathy, Fine Arts, Environmental Science & Pharmacy (Professor/Principal in Pharmacy and Faculty Members).**
3. **Post of Supportive Staff in Different Disciplines/Schools :-**
   Office Superintendent/ Accountant(2), Library Assistant (3), Lab Assistant (15), Lab Technicians (10), Computer Operators (4), Store Keeper (2), Office Assistants (5), Multitask Workers (6), and Gradeners (6).
   # Qualification, Experience & Reservation Shall be as per norms of UGC, State Govt. / Central Govt./ Concerned Regulatory Body. Ph.D holders & Experienced persons will be given priority, Retired persons from University P.G. Deptt./ Principal of colleges / Industry may also apply for the above posts.

**Interested candidates may send their resume to :**
**enquiry@sonadeviuniversity.com up to 26th July, 2024 by 5 PM.**

▼ ब्रीफ खबरें

### योजनाओं पर ध्यान दें अधिकारी : डीडीसी

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक हुई. बैठक के दौरान सर्वप्रथम कार्यपालक अभियंता पेयजल1 एवं 2, राज्य समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन संजय कुमार पांडेय द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से डीडीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को धनबाद जिले में ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी दी गई. वहीं उनके द्वारा ओडीएफ प्लस के अंतर्गत धनबाद जिले में एस्पायरिंग, राइजिंग व मॉडल के अंतर्गत गांव की हुई रेटिंग की भी जानकारी दी गई. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति का अनुश्रवण, ग्राम स्तर पर स्वच्छता, ठोस, तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए ग्राम कार्य योजना तैयार करने, फाइव स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने का माहवार लक्ष्य का निर्धारण आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गयी.

### हेमंत की जमानत पर झामुमो में जश्न

**महुदा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाई कोर्ट से जमानत मिलने पर महुदा बाजार में झामुमो कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया. कार्यकर्ताओं ने कहा कि हेमंत सोरेन को विरोधियो ने झूठा केस में फंसाया, जिससे उन्हें जेल की सजा हुई. अब हाई कोर्ट से जमानत मिल गई है. अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी ने कहा कि झामुमो संघर्ष से निकली पार्टी है. केन्द्र की भाजपा सरकार झामुमो को जितना दबाएगी उतनी ही यह पार्टी मजबूत होगी. आगामी विधान सभा चुनाव में झारखण्ड से भाजपा का सफाया हो जाएगा तथा पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनगी. मौ अनिल रजक, कमल अंसारी, मिथुन ठाकुर, प्रदीप रवानी, अमबिया शेख, अर्जुन ठाकुर, भोला मिस्त्री, धनी दास, बडकू वर्मा समेत पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.

### कोल इंडिया की कम्पनियों में 27 % आरक्षण की मांग

**धनबाद।** पिछड़ा वर्ग आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज अहीर के बिलासपुर आगमन पर बैकवर्ड कोल एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मिलकर कोल इंडिया में अधिकारी और कर्मी के बहाली में 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग रखी .इस अवसर पर एसोसिएशन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया कि वर्तमान में कोल इंडिया के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भर्ती में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू है लेकिन उनकी अनुषंगी कम्पनियों में यह व्यवस्था नहीं है. सभी ने इस व्यवस्था को कोल इंडिया की तरह की उनके समस्त अनुषंगी कंपनियों में भर्ती एवं पदोन्नति में 27 प्रतिशत आरक्षण का मांग रखी.

### दहीबाड़ी में हूल दिवस

**पंचेत।** दहीबाड़ी सिद्धू-कान्हू फुटबॉल मैदान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को हर्ष और उल्लास के साथ हूल दिवस मनाया गया. मौके पर कमेटी के सचिन बाबूजान मरांडी ने बताया हमारे पूर्वज सिद्धू, कान्हू, चांद, भैरव ने जो अंग्रेजों के विरुद्ध हूल किए थे. उसी को लेकर हमलोग वर्षों से हूल दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं. उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कमेटी के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया.

---

सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना

# हैवी ब्लास्टिंग से कई घरों में पड़ी दरार, ग्रामीणों में आक्रोश

खास बातें
- लोदना जीएम ने ग्रामीणों के साथ बैठक की

संवाददाता ।झरिया





बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के ब्राह्मण बरारी बस्ती के बगल में संचालित सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना में लगातार कि जा रही हैवी ब्लास्टिंग से कई घरों में पड़ी दरार पड़ने की घटना के बाद भड़के ग्रामीणों द्वारा की जा रहे आंदोलन को लेकर शनिवार को लोदना महाप्रबंधक ने प्रभावित लोगों के साथ बैठक कर वार्ता की. यहां हैवी ब्लास्टिंग से बस्ती के एक दर्जन घरों में दरार पड़ने के बाद ग्रामीणों द्वारा आंदोलन किया जा रहा है. नाराज ग्रामीणों ने उपायुक्त, डीजीएमएस, अंचल अधिकारी, एसएसपी को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है. इसी संदर्भ में लोदना जीएम निर्झर चक्रवर्ती ने बस्ती में ग्रामीणों के साथ बैठक की. लोगों ने जीएम से कहा कि 2017 में बस्ती का सर्वे किया गया था. जिसमें 364 लोगों को सूचीबद्ध किया गया था. अभी बस्ती में 136 परिवार रहते हैं, जिन्हें हैवी ब्लास्टिंग एवं ओबी डंपिंग के कारण लोगों को परेशानी हो रही है. सड़क मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो गई है. स्कूल, बाजार, अस्पताल जाने और पानी लाने में दिक्कत होती है. जीएम चक्रवर्ती ने ग्रामीणों को हैवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाने तथा बस्ती का पूर्णरूप से विस्थापन कराने को जिला प्रशासन से बात करने का सहित अन्य समस्याओं के समाधान कराने का पहल करने का आश्वासन दिया. बैठक में सरेश चक्रवर्ती, जोसना देवी ,सुनील चक्रवर्ती ,काला चंद बाउरी, पिनु चक्रवर्ती आदि थे.

## शिल्पांचल के वरिष्ठ पत्रकार केके सिन्हा का निधन

संवाददाता ।बराकर



आसनसोल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष केके सिन्हा ( लालाजी 68 वर्ष ) ने शनिवार की सुबह चार बजे अंतिम सांस ली. हिंदी के राष्ट्रीय दैनिक अखबार से पत्रकारिता की शुरुआत करने वाले कृष्ण कुमार सिन्हा उर्फ लालजी कई अखबारों से जुड़े रहे और सफलतापूर्वक पत्रकारिता जीवन गुजारा. वे पिछले कई माह से बीमार थे. शनिवार को इलाज के दौरान कुल्टी के एक निजी नर्सिंग होम में उन्होंने अंतिम सांस ली. शनिवार को एक बजे बराकर नदी घाट में उनका अंतिम संस्कार उनके पुत्र मनीष सिन्हा द्वारा किया गया. स्वर्गीय सिन्हा अपने पीछे अपना भरा पूरा परिवार छोड़ गए. कुल्टी भाजपा के विधायक डाक्टर अजय पोद्दार ,भाजपा पार्षद लालन मेहरा, टिंकू वर्मा, विभाष सिंह, मनमोहन राय, जेडीयू के श्रमिक नेता सुभाष सिंह, तृणमूल के पूर्व पार्षद पप्पू सिंह, प्रेमनाथ साव, रंजीत राय, बैगुनिया बराकर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शंकर शर्मा, चरण सींग, किरीट झाला, बाबू कौर, बराकर चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, बराकर उत्सव कमिटी के सुजीत लटक शुभमय चक्रवर्ती, राणा मुखर्जी, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप सुमन, रमेश भारती सहित कुल्टी, बराकर और आसनसोल के पत्रकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित की.

### विधायक ने किया शेड निर्माण का शिलान्यास

**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा ने दास टोला पांडरपाला में काली मंदिर के सामने शेड का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया. यहां के लोग काफी समय से शेड बनाने की मांग कर रहे थे. शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक का माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया. लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है. जनहित में कार्य करने के लिए हमेशा तैयार बैठा हूं. विकास कार्यों में रोड, नाली, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करना हो या फिर अन्य कोई कार्य, उसे कराकर रहूंगा. उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी लोगों को दी. कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज नई ऊंचाइयों को छू रहा है. मौके पर खोरठा के मशहूर गायक सतीश दास, बबलू दास सहित सैकड़ों की संख्या स्थानीय निवासी उपस्थित थे.

# केशलपुर कोलियरी खदान में कर्मियों को बंधक बनाकर लूटपाट

**☛ दो दर्जन से अधिक की संख्या में पहुंचे थे अपराधी, डेढ़ सौ मोटरों में लगे कलपुर्जे की लूट**



खास बातें
- घटना के बाद से श्रमिक कॉलोनी में जलापूर्ति बाधित

**कतरास।** शुक्रवार की देर रात हथियारबंद अपराधियों ने केशलपुर कोलियरी के दो नंबर भूमिगत खदान में धावा बोलकर चार कर्मियों को बंधक बनाकर जलापूर्ति पंप में लगे लाखों रुपए के कलपुर्जे कीलूटपाटा का मामला प्रकाश में आया है. घटना के बाद से श्रमिक कॉलोनी में जलापूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई. करीब तीन हजार की आबादी इससे प्रभावित है. खबर पाकर कंपनी प्रबंधन घटनास्थल पर पहुंची और जायजा लेकर कर रामकनाली ओपी पुलिस को जानकारी दी. बंधक बने कर्मियों ने बताया कि रात्रि करीब दो बजे दो दर्जन से अधिक नकाबपोश अपराधी हथियार से लैस होकर खदान में प्रवेश कर गए. खदान में मौजूद माइनिंग स्टाफ सरन सिंह, बासुदेव महतो, पंप आपरेटर अशोक भर व राजकुमार को हथियार का भय दिखाकर बंधक बना लिया. सभी को एक स्थान पर बैठा दिया और चालाकी करने पर जान मारने की धमकी दी. इसके बाद अपराधियों ने जलापूर्ति के लिए लगे डेढ़ सौ पंप में लगे कलपुर्जे को खोल लिया. अपराधियों के जाने के बाद किसी तरह से चारों कर्मी खदान से ऊपर जाकर घटना की जानकारी प्रबंधक को दी. इधर मामले को लेकर इधर मामले को लेकर ओपी प्रभारी मंगल प्रसाद कुजूर ने कहा कि घटना की मौखिक सूचना मिली है लेकिन अब तक प्रबंधन की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है. शिकायत मिलने पर विधिसम्मत कारवाई की जाएगी.

## लौह सामग्री लूटने पहुंचे गिरोह का वैन जब्त

- गैस कटर से काट चुके थे एक लाख का लोहा
- सुरक्षा गार्ड की मुस्तैदी से होना पड़ा फरार
- एक वैन छोड़कर भागे, पुलिस ने किया बरामद



**पुटकी।** पीबी एरिया के अरलगड़िया गांव के निकट भागाबांध कोलियरी छह नम्बर पिट पर सशस्त्र लुटेरों के गिरोह ने शुक्रवार की रात सुनियोजित तरीके जमकर लूट मचाई. गैस कटर का उपयोग कर करीब एक लाख रुपये की लौह सामग्री काट ली. सुरक्षा गार्ड विश्वनाथ मांझी ने बताया कि कोलियरी के बगल में एक व्यक्ति के शादी के 25 वें साल गिरह की पार्टी चल रही थी. उसी वक्त गिरोह बिजली घर के पास लोहे के टावर को गैस कटर से काट रहा था. अपराधी करीब दो दर्जन की संख्या में थे.इनकी गतिविधि की भनक लगने पर निजी कम्पनी ईगल के सुरक्षा गार्डो ने आवाज लगाई तो भाग खड़े हुए. खबर पाकर मौके पर पहुंची पुटकी पुलिस ने कोलियरी के बाहर खड़ी बिना नम्बर की एक उजला मारुति वैन को बरामद किया है. इसके पहले अपराधी दो वाहन लेकर भाग निकले. लौह सामग्री ढोने के लिए वाहन में केवल चालक सीट था,अन्य बैठने की सीट को खोल लिया गया था. लुटेरों ने मन्दिर के कैम्पस में करीब एक टन लोहा काटकर रखा था, गार्डो की सक्रियता से गिरोह इसे खपाने में विफल रहे.

### लूट की बड़ी योजना विफल

अपराधियों की मंशा बड़ी लूटपाट की थी . बीसीसीएल ने भागाबान्ध छह नम्बर पिट की जिम्मेवारी निजी कम्पनी ईगल को दी है . पंपिंग कार्य के लिए बीसीसीएल के कर्मी काम करते हैं, जबकि आर्म्स से लैस निजी कम्पनी ईगल के गार्ड रात में मौजूद थे .अपराधियों की योजना गार्डो को अंधेरे में घेरकर बंधक बनाने व आर्म्स छीनने को हो सकती थी लेकिन गार्डो की सतर्कता ने उनकी योजना पर पानी फेर दिया . कोलियरी कैम्पस में काफी कीमती केबल व लौह सामग्री पड़े हुए हैं .जहां पहले भी अनेकों बार लूट की घटनाएं हो चुकी हैं . इलाके में झरिया व भागाबान्ध के गिरोह काफी अर्से से सक्रिय हैं .

## मुहल्ले के लोगों ने तामीर कराई थी मारूफ गंज मस्जिद




संवाददाता ।वासेपुर

धनबाद वासेपुर के मारूफ गंज मस्जिद की तामीर मुहल्ले के लोगों ने मिलकर 1988 में की गई. हाजी मोहम्मद महताब आलम मस्जिद की कई जिम्मेवारियों को उठाते हैं. इस मस्जिद में एक साथ 1500 लोगों की नमाज पढ़ने की व्यवस्था है, साथ ही यहां एक साथ दो सौ लोग वजू कर सकते हैं. पिछले बीस सालों से मस्जिद में पेशइमाम मुफ़्ती अलाउद्दीन हैं. जबकि मोअज्जिन हाफिज साजिद हैं. जुमे की नमाज में यहां काफी भीड़ होती है.

## भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू का बलियापुर में हल्ला बोल

**बलियापुर।** राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार ओर प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ शनिवार को बलियापुर प्रखंड व अंचल कार्यालय के मुख्यगेट पर आजसू पार्टी ने हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित किया.इसके पूर्व भिखराजपुर पुलिया के पास से सिंदरी विधानसभा प्रभारी राधेश्याम गोस्वामी के नेतृत्व में रैली निकाली गई. राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचे. सभा को संबोधित करते हुए वरीय अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने झारखंड सरकार के कामकाज की तीखी आलोचना की. कहा कि झामुमो नेतृत्व वाली इस सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है. आजसू जिलाध्यक्ष मंटू महतो ने कहा कि झारखंड सरकार के गलत नीति के कारण आम जनता को उसका हक अधिकार नहीं मिल रहा है. जमीन संबंधी कागजातों का निष्पादन नहीं किया जा रहा है. किसानों के बीच खाद्य एवं बीच की आपूर्ति समय पर नहीं किए जाने से किसान परेशान हैं. पेंशन धारियों का समय पर भुगतान करने व जनसमस्याओं का समाधान करने की बातें कही.मौके पर प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर महतो, केंद्रीय सदस्य बलराम महतो, मनोज रवानी, ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष गोपाल महतो, हरेराम रवानी आदि मौजूद थे। 12 सूत्री मांगों का ज्ञापन सीओ को सौंपा.

## यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का चापापुर कोलियरी के समक्ष प्रदर्शन

खास बातें
- वार्ता के बाद प्रदर्शन समाप्त, मांगी 7 दिनों की मोहलत

संवाददाता । निरसा



यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन ने 7 सूत्री मांगों को लेकर चापापुर कोलियरी कार्यालय के समक्ष शनिवार को प्रदर्शन किया. मांगों में आउटसोर्सिंग कंपनी में स्थानीय बेरोजगारों को नियोजन, एचपीसी द्वारा तय वेतनमान, प्रभावित गांवों में बिजली, पानी, सड़क व अन्य व्यवस्था, देवियाना गांव में तालाब की भराई समेत अन्य शामिल हैं. प्रदर्शन के दौरान मांगों को लेकर यूनियन की कोलियरी एजेंट एसएन शर्मा, प्रबंधक शमीम अंसारी, कार्मिक प्रबंधक कृष्णा विश्वकर्मा, आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रबंधक उपेंद्र सिंह के साथ वार्ता हुई. वार्ता में कंपनी ने 7 दिनों का समय मांगा गया. इसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ. प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे यूनियन के मुगमा क्षेत्रीय प्रभारी मन्नू तिवारी ने कहा कि प्रबंधन की मनमानी नहीं चलने दिया जाएगा. ग्रामीण व मजदूरों को हक दिलाकर रहेंगे. इसके लिए जो भी रास्ता अख्तियार करना पड़े वह करेंगे. मौके पर यूनियन के अध्यक्ष नाड़ु गोपाल चक्रवर्ती, सचिव मधुरेन्द्र गोस्वामी, वांपी चक्रवर्ती, अमर लोहार, बृहस्पति पासवान, शंकर बाउरी, कृष्णा मंडल, आशीष गोस्वामी, उत्पल बाउरी, उज्जवल गोराई, रामनारायण तांती, देवेंद्र ठाकुर, रॉबिन दत्ता, रॉबिन मंडल, बबलू दास, उज्जवल मालाकार समेत आसपास के ग्रामीण और मजदूर उपस्थित थे.

### बेगुनिया में सेवानिवृत कर्मियों को सम्मान

**बराकर।** बीसीसीएल से सेवानिवृत कर्मियों के सम्मान में बेगुनिया स्थित क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में समारोह का आयोजन किया गया. एरिया बारह से सात कर्मचारी व एक अधिकारी सेवानिवृत हुए थे. इन्हें फूल माला, प्रमाणपत्र, मिठाई तथा अन्य उपहार भेंट स्वरूप प्रदान किया गया. इस अवसर पर प्रबंधन की ओर से श्यामल चक्रवर्ती, राकेश नायक तथा राजेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे. इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि एक साथ काम करते-करते हम सभी एक परिवार जैसे हो जाते हैं. इस कारण सेवानिवृत होने पर मन में बहुत तकलीफ होती है लेकिन यह सब एक परंपरा है, जो लगातार चलता है और इसे निभाना ही पड़ता है.

चापापुर कोलियरी

## उत्पादन-ट्रांसपोर्टिंग ठप

खास बातें
- मजदूरों ने किया स्थानांतरण का विरोध

संवाददाता । मैथन



ईसीएल मुगमा एरिया के चापापुर कोलियरी के मजदूरों का प्रबंधन द्वारा श्यामपुर बी कोलियरी में स्थानांतरण किये जाने के विरोध में शनिवार को मजदूरों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कोलियरी का ट्रांसपोर्टिंग एवं उत्पादन ठप कर दिया. दो घंटे बाद कोलियरी प्रबंधन द्वारा मजदूरों के श्यामपुर बी कोलियरी में स्थानांतरण को स्थगित करने का आश्वासन के बाद यूनियन नेताओं ने आंदोलन वापस लिया. इस संबंध में जानकारी देते हुए यूनियन नेता अमित मुखर्जी एवं काशी कोइरी ने बताया कि चापापुर कोलियरी के मजदूरों का स्थानांतरण प्रबंधन द्वारा मनमाने तरीके से श्यामपुर बी कोलियरी में कर में कर दिया गया. जबकि पूर्व की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि चापापुर कोलियरी के मजदूरों को सीबीएच ग्रुप (चापापुर,हरियाजाम, बैजना ) में ही तबादला किया जाएगा. प्रबंधन द्वारा मनमानी तरीके से बगैर यूनियन के नेताओं एवं जेसीसी के सदस्यों को जानकारी दिये बिना मजदूरों का स्थानांतरण श्यामपुर बी कोलियरी में करने का पत्र निर्गत कर दिया. यूनियन नेताओं ने कहा कि पूर्व में हुई बैठक में तय हुआ था कि जो मजदूर शारीरिक रूप से अक्षम हैं तथा जो मार्च 2026 तक सेवानिवृत्ति होंगे, वैसे मजदूरों का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा. परंतु पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के विपरीत प्रबंधन द्वारा काम किया जा रहा है. मजबूरन हम लोगों को यह कदम उठाना पड़ा. यदि प्रबंधन अपने वादे से पुनः मुकरता है, तो हम लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे. मजदूरों का नेतृत्व बुधीराम,पोरेश सोरेन, शिबू महतो, भागीरथ तंतुबाई, रामाशीष चौहान, बामापदो बाउरी, शिबू दास आदि कर रहे थे.

**जागरुकता** गोविंदपुर नागरिक समिति प्रतिभा सम्मान समारोह में बोले सिटी एसपी

# मोबाइल की लत से विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय

संवाददाता । गोविंदपुर




सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि मोबाइल फोन विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय बना रहा है. विद्यार्थियों को मोबाइल की इस कदर लत लग गई है कि इसे छोड़ पाना मुश्किल हो गया है. अभिभावक भी अपने बच्चों का पीछा मोबाइल से नहीं छुड़ा पा रहे हैं. मोबाइल के कारण बच्चों में नैतिकता खत्म होती जा रही है. उक्त बातें उन्होंने शनिवार को गोविंदपुर नागरिक समिति द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी क्षमता का उपयोग पढ़ने में नहीं कर मोबाइल देखने में कर रहे हैं. बच्चे मोबाइल के प्रति जितने सीरियस हैं, उतने किताबों के प्रति नहीं. कोरोना काल में स्कूली बच्चों में मोबाइल की और ज्याद लत लगी. एलकेजी से लेकर प्लस टू तक के बच्चों को मोबाइल ने अपनी गिरफ्त में ले लिया. मोबाइल देखकर नाबालिग बच्चियां घर से भाग जा रही है. डीएसपी मुख्यालय-1 शंकर कामती ने कहा कि जीवन में कुछ करने की लालसा हो तो सरकारी विद्यालयों के बच्चे भी बेहतर कर सकते हैं. पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने आगामी 1 जुलाई से देशभर में लागू होने वाले नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी. गोविंदपुर नागरिक समिति के अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल ने कहा विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाने के लिए समिति हर वर्ष मैट्रिक व इंटर में बेहतर रिजल्ट लाने वाले छात्रों को सम्मानित करती है. समारोह का संचालन ओमप्रकाश बजाज व धन्यवाद ज्ञापन आनंद जायसवाल ने किया. समारोह में शिक्षा के प्रति समर्पण के लिए प्लस टू हाई स्कूल गोविंदपुर के प्राचार्य दिनेश सिंह, नगरकियारी की प्राचार्य डॉ. मीरा सिंह, शिक्षक जयंत चक्रपाणि, अवनीकांत झा, मथन चंद्र दसौंधी, रामचंद्र मिश्र एवं संचिता कर को बैग एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. इसके अलावा जल संरक्षण के लिए अधिवक्ता रहमत अंसारी, सीए कौशिक अग्रवाल, योगा नेशनल चैंपियनशिप में भागीदारी के लिए आदर्श रजक, बाल वैज्ञानिक इरशाद हुसैन समेत मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 150 छात्र-छात्राओं को भी बैग एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. मौके पर एनएचएआई अधिकारी एलपी सिंह, किशन अग्रवाल, मोबिन अंसारी, जितेश जायसवाल, विष्णु सिन्हा, विपिन रजक, राजा दास, जहीर अंसारी, हीरेन मंडल, डॉ. आरके शर्मा, कमलदेव मंडल, विकास कुमार, बाबू भगत, मनोज अग्रवाल, मंजर आलम, प्रद्युमन लायक, अनंत दत्ता, गोविंद राय समेत अन्य उपस्थित थे.

### धेमोमैन कोलियरी के 26 श्रमिक सेवानिवृत हुए

**कुल्टी।** ईसीएल के धेमोमैन कोलियरी से 26 श्रमिक शनिवार को सेवानिवृत हुए. सेवानिवृत होने पर उन्हें कंपनी की तरफ से विदाई दी गई. इस मौके पर सभी श्रमिकों को एक बैग, एक सर्टिफिकेट, पति और पत्नी को घड़ी, एक पौधा देकर सम्मानित किया गया. इस मौके पर कोलियरी के अभिकर्ता आरएन तिवारी, कार्मिक प्रबंधक मीणा रेडी, सभी जेसीसी सदस्य उपस्थित थे. दूसरी ओर टंडेल डिपार्टमेंट के शीतल साव के सेवानिवृत होने पर विभाग के साथियों के द्वारा उन्हें फेयरवेल दिया. उन्हें वस्त्र, छाता, टोपी, टॉर्च एवं अन्य सामग्री देकर विदाई दी गई. मौके पर टांडेल डिपार्टमेंट के उमेश तांती, गोरेलाल यादव, उमेश दुसाध, प्रेम लाल रावत, कृष्णा प्रसाद राम सह प्रबंधक एस गार्डम,जीसीसी सदस्य अनिल सिंह, मनोज नोनिया, विनोद सिंह, भीम प्रसाद नोनिया आदि उपस्थित थे.

## सर्वमंगला स्कूल में करियर विकास केंद्र कार्यक्रम

**करियर बनाने के नए-नए क्षेत्रों की दी गई जानकारी**



संवाददाता ।तेतुलमारी

सर्वमंगला पब्लिक स्कूल नगरीकला में शनिवार को करियर विकास केंद्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर कश्यप और डॉ. हरदेव प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया. कार्यक्रम में वर्ग 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को करियर के नए-नए क्षेत्र की जानकारी डॉ. सुधीर कश्यप दी. विद्यार्थियों से उन्होंने कहा कि बदलते समय में बड़ा लक्ष्य हासिल करने के लिए कौशल ज्ञान और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाना होगा. डॉ. हरदेव प्रसाद ने कहा कि करियर विकास केंद्र द्वारा भविष्य में विद्यार्थियों के लिए उपयोगी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. कार्यक्रम में डॉ. प्रभा सक्सेना व डॉ. महेंद्र प्रसाद ने इस स्कूल को आईएसओ 9001:2015 मिलने पर खुशी व्यक्त किया. मौके पर कल्याणी नायर, बिंदु कुमारी, मृत्युंजय मंडल, विकास कुमार, जितेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, गोविंद कुमार, राकेश कुमार, ममता कुमारी समेत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका और विद्यार्थी मौजूद थे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

धनबाद, रविवार 30 जून 2024 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष 08 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 82

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## ब्रीफ खबरें

### कोल इंडिया के 37 अधिकारियों को जीएम में मिला प्रमोशन

धनबाद : कोल इंडिया और बीसीसीएल में प्रमोशन और पोस्टिंग की सूची शनिवार को जारी हुई. बीसीसीएल के पांच कोलियरी में नए परियोजना पदाधिकारी की नियुक्ति हुई. जिसमें अरुण पांडे को पीओ बस्ताकोला , एके शर्मा पीओ लोदना, टीएस चौहान को ब्लॉक दो परियोजना पदाधिकारी, मिंटू कुमार को जीकेकेसी का पीओ बनाया गया. इसके साथ बीसीसीएल मुख्यालय में जीएम पर्सनल के पद पर कार्यरत डीके बेहरा को बीसीसीएल से ट्रांसफर करते हुए एमसीएल भेजा गया. जीएम (सीपी) स्वरूप दत्ता बीसीसीएल से कोल इंडिया भेजा गया.

### छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**झरिया।** बीसीसीएल मुख्यालय के निर्देश पर लोदना क्षेत्र में स्वच्छता पखवाडा दिवस मनाया जा रहा है. इस अवसर पर शनिवार को डीएवी स्कूल बानियाहीर के छात्रों ने आसपास के इलाके में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया. स्वच्छता पखवाड़ा दिवस का रविवार को समापन होगा. स्वच्छता अभियान में स्कूल के प्रधानाचार्य सुब्रता मोदक, असीम प्रियदर्शी, आशा कुमारी, सुमन पाठक, पूजा कुमारी, निर्मला मोदक, शेखर तिवारी, एके उपाध्याय, सौरभ सिंह, बीएच ख़ान आदि शामिल हुए.

### दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष कैद

**धनबाद ।** शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी हीरालाल टुडू उर्फ हीरालाल मुरमुर को धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने बीस वर्ष कैद एवं पंद्रह हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. शुक्रवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था.अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 29 जून की तारीख निर्धारित की थी. हीरालाल टुडू इस मामले में 6 दिसंबर 22 से फरार है, जिसकी अनुपस्थिति में अदालत सजा सुनाया. प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर दर्ज की गई थी.

### राजभाषा कार्यशाला का आयोजन

**झरिया।** लोदना क्षेत्रीय कार्यालय में वित्त विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला की शुरुआत अवर महाप्रबंधक सहदेव माजी, मुख्यालय से आये अनुवादक अनिरुद्ध नोनिया, अनुवादक वंदना देवी, राजभाषा नोडल अधिकारी सौरभ सिंह और अन्य ने प्रसिद्ध हिंदी कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई. कार्यशाला में अवर महाप्रबंधक सहदेव माजी और राजभाषा नोडल अधिकारी सौरभ सिंह ने अनिरुद्ध नोनिया एवं श्रीमती वंदना देवी का स्वागत पुस्तक भेंट कर किया गया.

---

**एक्शन : जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में डीसी-एसएसपी ने दिए दिशा निर्देश**

# कोयला तस्करी पर लगाम कसने की कसरत, सूचना पर तत्काल होगी डोजरिंग



संवाददाता। धनबाद

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में हुई. बैठक के दौरान उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने खनिज संपदाओं के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण के रोकथाम व कोयले के अवैध खनन में संलिप्त लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए दिशा निर्देश दिए. उपायुक्त माधवी मिश्रा ने खनन टास्क फोर्स की बैठक में संबंधित सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया कि जितने भी चिन्हित हॉटस्पॉट है, उन सभी स्थानों पर लगातार छापेमारी करें. साथ ही कार्रवाई करते हुए एफआईआर एवं डोजरिंग अवश्य सुनिश्चित करें. जिला द्वारा बनाई गई ज्वाइंट टीम को और तत्परता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया. कहा कि ऐसे अवैध खदान को डोजरिंग कर ध्वस्त किया जाए. साथ ही सभी सीओ को निर्देशित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जहां भी सूचना मिलती है, उन इलाकों में पुलिस के साथ जाकर छापेमारी करें. साथ ही सड़कों पर भी ट्रांसपोर्टेशन के माध्यम से हो रहे अवैध कार्य की छापेमारी कर कार्रवाई करें. कार्रवाई करने के बाद इसकी रिपोर्ट अवश्य बनाएं और कार्रवाई से संबंधित जानकारियां जैसे एफआईआर, गिरफ्तारी, डोजरिंग, सीजर आदि अवश्य दें. इसके अलावा प्रदूषण नियंत्रण के लिए क्षेत्रीय पदाधिकारी को लगातार जांच कर कार्रवाई करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए.

### सीओ क्षेत्र के थाना प्रभारी के साथ हर 15 दिन पर करेंगे बैठक

वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन ने कहा कि आपसी समन्वय के लिए हर 15 दिन में अंचलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के थाना प्रभारी के साथ अवश्य बैठक करें ताकि क्षेत्र में हो रहे खनिज संपदाओं के अवैध कारोबार को रोका जा सके . उन्होंने वहां मौजूद सभी डीएसपी को निर्देशित किया कि जो भी अवैध कारोबार से संबंधित शिकायत आती है, उस पर त्वरित कार्रवाई करें . साथ ही बीसीसीएल, ईसीएल द्वारा एफआईआर के आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे . बैठक के दौरान सीआईएसएफ एवं स्पेशल ब्रांच के द्वारा प्राप्त पत्रों पर हुई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई . उपायुक्त ने निर्देशित किया कि जितनी भी पत्र सीआईएसएफ एवं स्पेशल ब्रांच द्वारा प्राप्त होते हैं, जिसमें अवैध कोयले से संबंधित जानकारियां होती हैं इसका निष्पादन त्वरित करें .

### खनन क्षेत्र में अनाधिकृत के प्रवेश पर रोक

टास्क फोर्स की बैठक में खनन क्षेत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश करने एवं उनके द्वारा कोयला चोरी किए जाने की शिकायत पर चर्चा की गई . इस दौरान खनन क्षेत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठकों में दिए गए दिशा निर्देशों की उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गई . इसको लेकर उपायुक्त ने बीसीसीएल के पदाधिकारियों को सीसीटीवी, हाई मास्क लाइट, एरिया बाउंडरी समेत अन्य व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया . उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी से खनन टास्क फोर्स द्वारा कार्रवाई, गिरफ्तारी, अवैध कोयला, बालू की जब्ती हाईवे की जब्ती, मशीन एवं उपकरणों की जब्ती की रिपोर्ट की जानकारी ली .

### अवैध कार्य में लगे वाहन होंगे ब्लैकलिस्टेड

बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि जो भी वाहन अवैध कार्य में संलिप्त पाए जाएंगे, उन्हें ब्लैकलिस्टेड किया जाएगा, ताकि उन्हें किसी अन्य एजेंसी द्वारा कार्य न मिले . बैठक में उपायुक्त, एसएसपी, उप महानिरीक्षक सीआईएसएफ, ग्रामीण एसपी, सिटी एसपी, सीनियर कमांडेंट सीआईएसएफ, निदेशक तकनीकी बीसीसीएल, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, बीसीसीएल के पदाधिकारी, ईसीएल व सीआइएसएफ के पदाधिकारी सहित सभी अंचल के अंचल अधिकारी, जीएसटी के पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे .

---

# एक अरब 66 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण

**विशेष लोक अदालत : 44 को मिला ऑन-स्पॉट नियुक्ति पत्र**

- 30 दिनों के भीतर हो मुआवजा संबंधी विवादों का निस्तारण : न्यायाधीश

संवाददाता। धनबाद

झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा बीसीसीएल सामुदायिक भवन कोयला नगर धनबाद में एक दिवसीय भू-अधिग्रहण, राजस्व संग्रहण, पुनर्वास से संबंधित मुकदमों के निपटारे के लिए स्पेशल लोक अदालत का आयोजन हुआ. विशेष लोक अदालत में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीश आनंदा सेन, न्यायाधीश प्रदीप कुमार श्रीवास्तव मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित थे. इनके द्वारा विभिन्न तरह के विवादों का ऑन स्पॉट निस्तारण कर एक अरब 66 करोड़ 34 लाख 63 हजार रुपए की परिसंपत्तियों, व नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया. वहीं एक लाख 63 हजार 441 विवादों का ऑनस्पॉट निष्पादन कर दिया गया. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई. इसके बाद नालसा का थीम सांग हुआ. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा द्वारा स्वागत भाषण दिया गया. न्यायमूर्ति आनंदा सेन ने सभागार में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भू-अधिग्रहण से संबंधित विवाद के मामले में ज्यादा बढ़ते जाते हैं. जल्द से जल्द उन्हें पुनर्वासित करने तथा उसे समुचित मुआवजा दिलाना हम लोगों का सामाजिक दायित्व और कर्तव्य है. विशेष लोक अदालत में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि मुआवजा का अर्थ केवल यह नहीं कि उन्हें रुपए का भुगतान कर दिया जाए परंतु बल्कि मुआवजा का अर्थ यह भी है कि सामाजिक सुरक्षा के तहत उनके परिवार के जीवन यापन और उन्हें रहने के लिए छत की व्यवस्था की जाए. उन्होंने डीसी धनबाद एवं सीएमडी बीसीसीएल से अनुरोध किया कि वह मुआवजा संबंधित विवादों का निस्तारण तीस दिनों के अंदर करें ताकि लोगों को समुचित उसका लाभ मिल सके. इसके बाद नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया. जिसमें अग्नि प्रभावित क्षेत्रों से विस्थापित किए गए लोगों के दर्द को दिखाया गया, डालसा के प्रयास से उन्हें नया घर मिला. मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए न्यायाधीश नारायण ने कहा कि धनबाद में कोयला उत्खनन व भू अधिग्रहण के ज्यादातर मामले पाए गए हैं. इसमें लोगों को समय पर मुआवजा नहीं मिल पाया था. इस कारण धनबाद को ही विशेष आयोजन के लिए चुना गया. उन्होंने जिला प्रशासन हुआ समस्त पीएसयू कंपनी के अधिकारियों को सुझाव दिया कि पीड़ित की जगह व खुद को रखकर देखें, तब जाकर समस्या का जल्द से जल्द समाधान होगा.



1. कोयला भवन के कम्यूनिटी हॉल में लगी अदालत
2. एक लाख 63 हजार 441 विवादों का हुआ निस्तारण
3. हाथी द्वारा कुचले गए युवक की पत्नी को मुआवजा
4. बिजली के पोल में सटने से गाय की मौत पर डालसा ने दिलाया मुआवजा

### हाथी ने कुचला डालसा ने दिलाया मुआवजा

छह माह पूर्व टुंडी के एक युवक की मौत हाथी द्वारा कुचल देने के कारण हो गई थी . उसकी विधवा रेशोमुनि सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगाते लगाते थक गई थी परंतु उसे मुआवजा नहीं मिल पाया था . डालसा ने उसकी सुध ली और रेशोमुनी को वन विभाग से चार लाख रुपए मुआवजा का भुगतान कराया .

### भूअधिग्रहण के मामले में लाभुकों को मिला चेक

नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण किए जाने के मामले में महीनों दफ्तर का चक्कर लगाते थक गए थे . राजबल मुरमुर को 2 करोड़ 9 लाख 42 हजार 211 रूपए, जीतन मांझी को 5 लाख 54 हजार 843 रूपए . जिला प्रशासन द्वारा अजय कुमार महतो को 2 लाख 51 हजार 547 रूपए,अर्जुन रवानी को 15 लाख 14 हजार 438 रूपए का भुगतान किया गया .

### 44 को मिला ऑनस्पॉट नियुक्ति पत्र

न्यायाधीश द्वारा कल 44 लोगों को ऑन स्पॉट नियुक्ति पत्र सौंपा गया . बीसीसीएल द्वारा 40 लोगों की नियुक्ति अनुकंपा के आधार पर दी गई, वहीं टाटा द्वारा दो एवं रेलवे के द्वारा दो लोगों को नियुक्ति दी गई . नियुक्ति पत्र मिलने पर इबरान अंसारी,अमन चौहान, स्वप्ननिल कुमार, कपिल चंद्र दास ,अश्वनी कुमार, उज्जवल कुमार पासवान, विनीता देवी ने बताया कि वह सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगाते लगाते थक गए थे, डालसा ने उन्हें न्याय दिलाया .

### ये रहे मौजूद

झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार की मेंबर सेक्रेटरी रंजना अस्थाना, डिप्टी सेक्रेटरी अभिषेक कुमार ,उपायुक्त माधवी मिश्रा, बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता, निदेशक फाइनेंस राकेश कुमार सहाय, निदेशक ऑपरेशन एसके सिंह, डीडीसी सादात अनवर, एसएसपी एचपी जनार्नदन, जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक, प्रभाकर सिंह, सुजीत कुमार सिंह, डीसी अवस्थी, स्वयंभू, कुलदीप, नीरज विश्वकर्मा, एसएन मिश्रा, प्रफुल्ल कुमार, संजय कुमार सिंह, साकेत कुमार, अंजनी अनुज, पारस कुमार सिन्हा, राकेश कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी,अवर न्यायाधीश निताशा बारला आदि शामिल थे .

---

### श्रीराम भरोसा धाम मंदिर में 6 से श्रीमद्भागवत कथा

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा-पंचेत रोड के तीन नंबर चढ़ाई स्थित श्रीराम भरोसा धाम मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा को सफल बनाने को लेकर मंदिर प्रांगण में शनिवार को बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता मंदिर के मुख्य पुजारी राम रतन पाण्डेय ने की. बैठक में निर्णय लिया गया कि 6 जुलाई से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ विशाल कलश यात्रा के साथ किया जाएगा. कथा का समापन 13 जुलाई को होगा. कथा वाचक वृंदावन के माधव जी महाराज होंगे. सदन सिंह, अचल पाल, परमेश्वर ठाकुर, बिन्देश्वर झा, संजय साव, पुरुरूषोत्तम पाण्डेय, कैलाश कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद, सतीश सोनी अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे.

## पूर्वी टुंडी में बालू लदे दो हाईवा जब्त

संवाददाता। धनबाद

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने अहले सुबह 4.30 बजे पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया. खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि उपायुक्त द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में शनिवार की सुबह लगभग 4:30 बजे पूर्वी टुंडी थाना प्रभारी मदन चौधरी, गस्ती दल के सअनि नाथुनी ठाकुर एवं सशस्त्र बल के साथ संयुक्त रूप से खनिजों के अवैध खनन व परिवहन के विरूद्ध शंकरडीह चौक के समीप औचक रूप से छापामारी की गई. छापामारी के क्रम में बालू लदे दो हाईवा को बिना परिवहन चालान के परिवहन करते हुए पकड़ा गया. इसमें एक हाईवा यूपी64टी-1039 पर लगभग 500 घनफीट और दूसरे हाईवा का रजिस्ट्रेशन नंबर और इंजन व चेसिस नंबर घिसा हुआ है, उस पर लगभग 500 घनफीट बालू लदा पाया गया.

# खजूर पेड़ से टकराई बाइक तीन युवकों की दर्दनाक मौत

**खास बातें**

- टुंडी महाराजगंज के जोरिया के समीप हुई घटना
- एक साथ तीन गांव में पसरा मातम

संवाददाता। टुंडी

महाराजगंज मंझलीटांड मुख्य ग्रामीण पथ कोटालडीह गांव के जोरिया (नदी) के समीप तेजगति से बाइक चलाने के दौरान सड़क दुघर्टना में बाइक पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई. तेजगति होने के कारण बाइक टर्निंग में नहीं मुड़ सकी और सीधे खजूर के पेड़ से टकरा गई. तीनों जख्मियों को इलाज के लिए धनबाद लाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. वारदात के बाद मुर्राडीह, लछुरायडीह और जंगलपुर गांव में मातम पसर गया है. विधायक मथुरा महतो भी पहुंचे और शोकाकुल परिवार को ढांढस दिया.

**तीन गांव के युवाओं की एक साथ मौत :** वारदात का शिकार बने तीनों युवक एक ही परिवार के थे. हालांकि वे लोग अलग-अलग गांव में रहते थे. स्थानीय रहमत अंसारी का बेटा, साला, भांजा इस वारदात में काल के गाल में समा गया है. भांजा व साला महाराजगंज में लगा भोक्ता मेला देखने आया था. लछुरायडीह से मुर्राडीह आने के दौरान हादसा हुआ है. घटना के बाद तीनों गांव में मातम पसरा हुआ है, एक साथ तीन घरों के चिराग बुझ जाने से स्वजनों के क्रंदन व विलाप से हर किसी के आंख से आंसू आ रहे हैं. हसमत अंसारी लछुरायडीह मध्य विद्यालय में कक्षा छह वर्ग का छात्र था, जंगलपुर गांव के शहनवाज अंसारी कक्षा नौ वर्ग का छात्र था जबकि बरवाअड्डा मुर्राडीह गांव का रहने वाला 18 वर्षीय शाहिद अंसारी मजदूर का काम करता था. घटना पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने शोक जताया है.



### पिकअप वैन ने मारी ट्रक को टक्कर, 1 की मौत

निरसा निरसा थाना अंतर्गत जीटी रोड रामकनाली रिलायंस पेट्रोल पंप के अपोजिट शनिवार दोपहर कोलकात्ता लेन पर सड़क के किनारे खड़ी एक ट्रक में धनबाद की ओर से आ रही पिकअप वैन ने जोरदार टक्कर मार दी . टक्कर से वैन के परखच्चे उड़ गए . इस घटना में एक की मौत व उसमें सवार कई लोगों की घायल हो गये . खबर मिलते ही इंस्पेक्टर मनजीत सिंह दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में कर घायलों को उचित इलाज के लिए धनबाद अस्पताल भेजा . इंस्पेक्टर मनजीत कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पायी है . शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद अस्पताल भेज दिया गया है .

---

# पेड़ से झुलता मिला युवक का शव

**पिता ने जताई हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस**

- लोहपट्टी के युवकों पर जान मारने की धमकी का आरोप

संवाददाता। महुदा

भाटडीह ओपी अन्तगर्त पारजोरिया बस्ती में शनिवार की सुबह जोरिया के समीप सुभाष महतो के पुत्र बाबुराम महतो उम्र 18 वर्ष का शव संदेहास्पद स्थिति में रस्सी के सहारे पेड़ से झुलता हुआ पाया मिला. आसपास के लोगों ने शव लटका देखा तो मृतक के परिजनों को सूचना दी गई. खबर पाकर वे लोग मौके पर पहुंचे. पिता ने वारदात के पीछे कुछ युवकों के हाथ होने की आशंका जताई है.

घटना की सूचना पाकर भाटडीह ओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पेड़ से उतारा .पुलिस द्वारा शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. सुभाष महतो ने बताया कि रात्री करीब 10 बजे तक हमदोनों एक साथ एक ही कमरे में खाना खाए और वह उठकर बाहर में खटिया बिछाकर सोने लगा. इधर पुत्र अपना मोबाइल लेकर बाहर तरफ निकला. सुबह जब नाश्ता करने के लिए उसे फोन किया तो उसका मोबाइल बंद था. आसपास खोजबीन भी किया तो नहीं मिला. कुछ ग्रामीणों ने घटना की जानकारी घर में दी. तब पता चला कि जंगल में उसके पुत्र के साथ घटना हुई है. मौके पर जाकर उन्होंने आशंका जताई कि किसी ने जान से मारकर पुत्र को लटका दिया है. उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व लोहपट्टी पंचायत के छाताटांड़ टोला के कुछ युवकों ने घर आकर पुत्र को गाली गलोज करते हुए जान से मारने का धमकी दी थी. ओपी प्रभार प्रभारी बाजुम हेम्ब्रम ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ पता चल पायेगा कि घटना कैसे हुई. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जायेगी. बाबूराम आईटीआई चास में पढ़ाई की तैयारी कर रहा था.



मृतक का फाइल फोटो

---

**डायरिया की रोकथाम** डायरिया कंट्रोल प्रोग्राम एक जुलाई से 31 अगस्त तक चलेगा

# 5 साल के हर बच्चे को मिलेगा ओआरएस व जिंक टेबलेट

- नियमित टीकाकरण को लेकर सिविल सर्जन को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

संवाददाता। धनबाद

उपविकास आयुक्त सादात अनवर द्वारा रूटीन टीकाकरण, वीपीडी निगरानी, आईडीसीएफ एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य समेत स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में की गई. बैठक के दौरान सर्वप्रथम डीडीसी ने सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन से नियमित टीकाकरण के तहत स्वास्थ्य विभाग के पूर्व में हुई जिला स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली. जिसके बाद डब्लूएचओ से डॉ अमित कुमार तिवारी द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से डीडीसी एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को धनबाद जिले में बच्चों के नियमित टीकाकरण के तहत खसरा एवं रूबेला सहित बच्चों में नियमित टीकाकरण के अभाव में होने वाली विभिन्न बीमारियों को लेकर जिले में अब तक हुए कार्यों की जानकारी एवं उनमें किए जाने वाले सुधार के संबंध में किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया.

इस दौरान आईडीसीएफ (इंटेंसीफाइड डायरिया कंट्रोल फोर्टनाइट) प्रोग्राम 1 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाने पर चर्चा की गई. इस प्रोग्राम का उद्देश्य बच्चों में डायरिया के रोकथाम एवं प्रीवेंटिव मेजर को सुदृढ़ करना है. इस प्रोग्राम के दौरान सभी घरों में जहां 5 वर्ष के बच्चे हैं उनको ओआरएस और जिंक टेबलेट देना है. बैठक में सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रतापपन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, डब्लूएचओ से डॉक्टर अमित कुमार तिवारी समेत सभी सीडीपीओ एवं प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी और डॉक्टर मौजूद रहे.



### खसरा और रूबेला पर भी फोकस

बैठक के दौरान डीडीसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को खसरा एवं रूबेला संबंधित मामलों की पहचान के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने एवं सर्विलेंस सिस्टम में सुधार के तहत सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों आदि में आने वाले बच्चों जिनमें घमौरी के साथ-साथ बुखार के लक्षण हो उन्हें चिन्हित कर डीआरसीएचओ एवं डब्लूएचओ के चिकित्सकों के संज्ञान में लाने का निर्देश दिया . इसके साथ ही उपायुक्त ने आम जनों तक खसरा एवं रूबेला से संबंधित विभिन्न भ्रांतियों को दूर करने एवं किसी भी बच्चे में इसका लक्षण दिखने पर त्वरित रूप से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करने के प्रति लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया .

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कर्मचारियों की धांधली के खिलाफ धरना पर बैठ गये बरही विधायक

# अस्पताल के हर विभाग में कर्मचारी कर रहे वसूली, मरीज परेशान : अकेला

संवाददाता। हजारीबाग

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल एक बार फिर सुर्खियों में है. यहां पैसे दिये बिना इलाज करना असंभव है. वार्ड से लेकर ड्रेसिंग हो या ऑपरेशन या फिर लेबर रूम, सभी जगह पर पैसा देने के बाद ही इलाज की सुविधा मिल पाती है. पैसा के साथ-साथ पैरवी और पहुंच भी बताना होगा. नेता, मंत्री और जनप्रतिनिधि के नाम की भी इस अस्पताल में आए मरीजों के बीच खूब चर्चा होती है.

वहीं, दूसरे जिले से रेफर होकर आए मरीजों के पास स्थानीय जनप्रतिनिधि या नेता की पैरवी न के बराबर होती है. उसपर से अगर आर्थिक रूप से कमजोर हैं, तो वैसे मरीज की न सही से देखभाल होती है, न ही सही से इलाज. ऐसे में यह सरकारी अस्पताल अब केवल नाम का रह गया है. यहां तक कि अब 108 एंबुलेंस के चालक भी मजबूर परिजन से चाय-पानी के नाम पर पैसा मांगने लगे हैं.


अस्पताल में धरना पर बैठे उमाशंकर अकेला.

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शनिवार को ऐसा ही मामला सामने आया. पैर में बैंडेज करवाने के नाम पर चौपारण के एक मरीज से अस्पताल कर्मी के द्वारा 250 रुपये मांगे जा रहे थे. इसपर मरीज ने बरही विधायक उमाशंकर अकेला को फोन के माध्यम से सूचना दी. इसके बाद विधायक आग बबूला हो गए और वह हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंच कर धरना पर बैठ गये.

### खास बातें

- बैंडेज कराने आए मरीज से मांगे 250 रुपये, की शिकायत
- चाय-पानी के खर्च के नाम पर मरीज को किया जा रहा परेशान

**मरीजों को नहीं मिल रहा सुविधाओं का लाभ :** बरही विधायक ने कहा कि यह सरकारी अस्पताल में सरकार ने कई तरह की सुविधाएं दी हैं, लेकिन मरीजों को इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है. इस अस्पताल में बैंडेज, ऑपरेशन, डिलीवरी, अल्ट्रासाउंड, डेथ सर्टिफिकेट या फिर पोस्टमार्टम करवाना हो, सभी जगह रेट फिक्स कर रखा है. ऐसे में मरीज काफी परेशान हैं और अस्पताल प्रबंधन सरकार को बदनाम करने पर तुली हुई है.

### अस्पताल की एक महिला कर्मचारी कर रही वसूली

एक मरीज ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि इस अस्पताल में एक महिला कर्मचारी है, जो ऑपरेशन थिएटर में रहती है. वह मरीज से पैसे खूब लेती है ओर खुद को बरही विधायक उमाशंकर अकेला का खास होने का दावा करती है. इस महिला कर्मचारी की शिकायत करने पर भी अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होती है. जबकि, उक्त महिला मरीज को डरा कर प्राइवेट अस्पताल में भेज देती है और वहां से मोटा कमीशन वसूलती है. इस मामले में बरही विधायक ने कहा कि हमारी पैरवी से कोई भी कर्मचारी अस्पताल में नहीं रखा गया है. अगर कोई हमारे नाम का इस्तेमाल कर मरीज को डरा-धमका कर पैसे मांग रहा है, तो ऐसे लोगों पर अस्पताल प्रबंधन को कार्रवाई करनी चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि उस महिला कर्मचारी को चिह्नित कर सरकार व प्रशासन से उसके खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी.

# पक्षकारों की सहमति से 111 मामलों का हुआ निष्पादन

संवाददाता। हजारीबाग

**लोक अदालत**

सिविल कोर्ट परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रभारी सत्य प्रकाश सिन्हा की देखरेख में पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर कुल 111 मामलों का निष्पादन किया गया. इस लोक अदालत में कुल 2 करोड़ 79 लाख 61 हजार 693 रुपये पर पक्षकारों के बीच सहमति बनी.

इस दौरान सबसे अधिक भू-अर्जन के 84 मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें 50 लाख 12 हजार 64 रुपये पर सहमति बनी. वहीं चेक बाउंस से संबंधित 81 मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें 2 करोड़ 43 लाख 96 हजार 834 रुपये पर सहमति बनी. इसके अलावा बिजली से संबंधित छह और बैंक रिकवरी के 15 मामलों का भी निपटारा किया गया. वहीं, सुलहनीय आपराध के तीन, चेक बाउंस के एक और एमवी एक्ट के दो मामलों का निपटारा पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया गया.

डालसा के सचिव गौरव खुराना ने बताया कि झालसा के निर्देशानुसार हजारीबाग सिविल कोर्ट परिसर में आयोजित विशेष लोक अदालत में पक्षकारों के बीच बातचीत कर मामलों में सुलह कराया गया. इस विशेष लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक संख्या में भूमि अधिग्रहण, राजस्व, डीसी, एसडीएम, एलआरडीसी कोर्ट व मोटर परिवहन के मामले से संबंधित मामलों का निष्पादन करना था.

## ब्रीफ खबरें

### महिला के गले से चेन की छिनतई

**हजारीबाग।** बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबा पथ हुरूहुरू में शनिवार को एक महिला से चेन छिनतई का मामला सामने आया है. जानकारी के मुताबिक रेखा देवी बाबा पथ से गुजर रही थी. इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश पीछे से आए और झपट्टा मार कर गले में पहने सोने का चेन छीन लिया और भाग निकले. घटना की सूचना पर बड़ा बाजार पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. आसपास के सीसीटीवी कैमरे में दोनों बदमाशों का चेहरा कैद हो गया गया है. बड़ा बाजार थाना प्रभारी बिट्टू रजक ने बताया कि अपराधियों की पहचान कर ली गई है. शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

### नगर आयुक्त को जल जमाव से कराया अवगत

**हजारीबाग।** राजद प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह समाजसेवी संजर मलिक ने शनिवार को नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल से भेंट कर शहर में बरसात के सीजन में जल जमाव को लेकर अवगत करवाया. उन्होंने बताया कि पगमिल फ्रेंड्स कॉलोनी एवं अन्य उस क्षेत्र में जल जमाव से लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है. कई बार आंदोलन व प्रदर्शन किया गया, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला. विभाग पर दबाव बनाया गया, तो कई माह पूर्व ही टेंडर हुआ, पर अभिकर्ता एवं कनीय अभियंता के कान में जू तक नहीं रेंगा. मौके पर भाकपा नेता जमील खान व सैयद तबरेज अख्तर भी मौजूद थे.

### डीसी ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**रामगढ़।** जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की. समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने चुट्टूपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की. उन्होंने घाटी में लगाई गई लाइटों का नियमित रूप से कार्य करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया. इसके अलावा वाहन जांच अभियान, जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, ब्लैक स्पॉट चिह्नितीकरण आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए. वहीं डीटीओ मनीषा वत्स को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाने और अवैध परिवहन पर लगाम लगाने हेतु समय-समय पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया.

जूनियर पदाधिकारी को दे दिया चार विभागों का प्रभार, सीनियर इंतजार में

# आखिर एक पदाधिकारी पर इतनी मेहरबानी क्यों?

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

जिले में एक पदाधिकारी पर सरकार से लेकर वरीय अधिकारी काफी मेहरबान हो गए हैं. यहां कई वरीय अधिकारी खाली बैठे हैं और कनिष्ठ पदाधिकारियों को तीन से चार विभागों की अतिरिक्त मलाई की थाली परोस दी जा रही है. आरोप लगाया जा रहा है कि राज्य मुख्यालय के कनेक्शन से ऐसा संभव हो रहा है. अगर आपकी ऊंची पहुंच है, तो एक पद के अलावा कई अन्य पद भी प्रभार में मिल जाएंगे.

मामला जिला मत्स्य पदाधिकारी से जुड़ा हुआ है. जिले में यह एक अतिमहत्वपूर्ण पद है. अपने ही विभाग में काम इतना है कि उसे निबटा पाना कठिन है. इसके बवाजूद उन्हें जिले में दो-दो महत्वपूर्ण पद का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया है. इसमें एक पद हजारीबाग उपायुक्त के गोपनीय पदाधिकारी का और दूसरा नजारत में एनडीसी का है. अभी तक इतिहास यही रहा है कि इन दोनों पद पर सीनियर स्तर के मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति होती रही है. मगर, जिला स्तर से निकले एक आदेश के द्वारा जिला मत्स्य पदाधिकारी को दोनों पद का अतिरिक्त प्रभार देकर बैठा दिया गया है.



### अधिकारी मेहरबान

- जूनियर को अतिरिक्त प्रभार देने पर वरीय पदाधिकारी नाखुश
- प्रभार वाले विभागों में पूरा समय दे रहे जिला मत्स्य पदाधिकारी

इसको लेकर पद के इंतजार में बैठे वरीय अधिकारियों में नाराजगी देखी जा रही है.

वैसे भी देखा जाए तो बरसात के मौसम में जिला मत्स्य पदाधिकारी का काम काफी बढ़ जाता है. तालाब, झील, आहर, डैम सहित अन्य जलाशयों में मत्स्य पालन की योजनाओं को लेकर कार्य करना होता है. लेकिन, जिला त्स्य पदाधिकारी अपने मूल विभाग का काम छोड़ कर पूरा वक्त गोपनीय विभाग और नजारत शाखा में चेक काटने में दे रहे हैं.

## सवाल उठाने लगे हैं राजनीतिक दलों के नेता और समाजसेवी

### एक ही पदाधिकारी को चार-पांच प्रभार : नागवाला



कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश को-ऑर्डिनेटर सुरजीत नागवाला ने अपने 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किया है. उन्होंने सीएम चंपाई सोरेन को टैग कर लिखा है कि हजारीबाग एक ऐसा जिला है, जहां एक ही पदाधिकारी को चार-पांच तरह के प्रभार दिए गए और उनसे वरीय अधिकारी को दरकिनार किया जा रहा है. आखिर क्यों? उन्होंने मुख्यमंत्री और हजारीबाग उपायुक्त से आग्रह किया है इस मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई की जाए.

### एक अधिकारी पर इतनी मेहरबान क्यों: प्रवीण मेहता



समाजसेवी प्रवीण मेहता एवं रमेश हेंब्रम ने बताया कि जिला मत्स्य पदाधिकारी पहले से दो जगह के प्रभार में थे. अब उनके पास कुल चार विभाग का प्रभार है. उन्होंने यह भी कहा कि मत्स्य विभाग के अधिकारी से एक आदिवासी अधिकारी सीनियर हैं. इसके बावजूद उन्हें कोई प्रभार नहीं दिया गया. आखिर एक पदाधिकारी पर सरकार से लेकर हजारीबाग के वरीय अधिकारी इतने मेहरबान क्यों हैं? एक साथ चार पदों को वे कैसे संभाल पाएंगे?

### जनता के साथ खिलवाड़ हो रहा है: किशोरी राणा



नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने कहा कि यह बड़ा आश्चर्यजनक मामला है. जब अन्य सीनियर अधिकारी बैठे हुए हैं, तो फिर एक ही अधिकारी को चार जगह का प्रभार देना क्या दर्शाता है? जब एक ही अधिकारी चार पदों के प्रभार में रहेंगे, तो आखिर जनता का काम कैसे कर पाएंगे? यहां साफ तौर पर जनता के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सरकार एवं राजपाल को इस मामले की जानकारी देंगे.

डीजीपी ने किया डिस्ट्रिक्ट राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ, बोले-

# एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज जरूरी

संवाददाता। हजारीबाग

स्थानीय कर्जन ग्राउंड स्टेडियम में जिला राइफल एसोसिएशन के तत्वाधान में फर्स्ट जिला शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ डीजीपी अजय कुमार सिंह ने किया. डीजीपी के साथ डीआईजी सुनील भास्कर, डीसी नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह, ब्रिगेडियर राजेश करेल, सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष, एसडीओ शैलेंद्र कुमार, डीएसपी हेडक्वार्टर नीरज कुमार, एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के तय्यब ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की.

स्वागत भाषण में राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश रंजन ने बताया कि कम संसाधनों के बीच सचिव नीलेंद्र जयपुरियार के साथ मिलकर इस फायरिंग रेंज को डेवलप किया गया है. डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बड़े-बड़े देशों में किस तरह लोग एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में भाग लेकर अपने दिमाग को व्यस्त रखते हैं. इसी प्रकार भारत में भी लोग अपने बच्चों को एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में व्यस्त कर उसकी प्रतिभा को उभार सकते हैं. उन्होंने डीसी से अनुरोध किया कि बच्चों की सुविधा के लिए 25 मीटर और 50 मीटर का रेंज दिया जाना चाहिए.


कार्यक्रम में मौजूद डीजीपी अजय कुमार एवं अन्य वरीय अधिकारी.

### खास बातें

- डीजीपी ने महिला कोच समेत तीन कोच को सम्मानित किया
- बच्चों की सुविधा के लिए 25 मीटर व 50 मीटर का रेंज दें

वहीं, सचिव नीलेंदु जयपुरियार ने कहा कि यहां बच्चों के लिए एक बड़ी सुविधा दी गई है. आने वाले समय में यहां के बच्चे नेशनल स्तर तक जाएंगे.

### अवैध खनन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ. बिमल कुमार के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की. इस दौरान उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किए गए कार्यों की सराहना की. उपायुक्त ने अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

# लोगों को वन अधिकार पट्टा के लिए करें जागरूक: डीसी

संवाददाता। रामगढ़

शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया. इस दौरान सर्वप्रथम जिला कल्याण पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह ने उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वन अधिकार पट्टा निर्गत किए जाने के तहत हो रहे कार्यों एवं पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की जानकारी दी. उपायुक्त ने योग्य सभी लाभुकों को वन अधिकार पट्टा का लाभ देने को लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता फैलाने एवं नियमित रूप से ग्राम सभा में एफआरसी की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया. साथ ही योग्य समूहों की पहचान कर सामुदायिक वन पट्टा निर्गत करने को लेकर किए जाने वाले कार्यों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इसके अलावा पूर्व में सामुदायिक वन अधिकार पट्टा का लाभ लेने हेतु प्राप्त आवेदनों में रिजेक्ट आवेदनों की पुनः जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा.

13 सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मियों को सम्मानित कर दी गयी विदाई

# सेवानिवृत्ति जीवन का हिस्सा : संजय कुमार

- सीसीएल रजरप्पा के ऑफिसर्स क्लब में विदाई समारोह

संवाददाता। रामगढ़

सीसीएल रजरप्पा स्थित ऑफिसर्स क्लब में शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में मुख्य रूप सीसीएल रजरप्पा के क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक संजय कुमार मौजूद थे. इस दौरान जून माह में सेवानिवृत्त हुए 13 सीसीएल कर्मियों को सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई. मुख्य अतिथि ने सभी को उपहार देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

संजय कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का हिस्सा है, जो सभी लोगों के जीवन में एक बार आता है. इस दौरान उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य की भी कामना की. कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन एसओपी मनोज कुमार ने किया. मौके पर सहायक प्रबंधक (पर्सनल) सिम्मी सुप्रिया टोप्पो, विकास कुमार, विकास कच्छप, यूनियन प्रतिनिधि रवींद्र वर्मा, धनेश्वर राम, झलकु महतो, अरुण चौधरी, हाजी अख्तर आजाद, राजेंद्र नाथ चौधरी, जगन रविदास, करमा मांझी सहित कई लोग मौजूद थे.


सेवानिवृत्त हुए 13 कर्मियों को सम्मानित करते हुए.

### इन सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई

विदाई समारोह में ड्रिल ऑपरेटर बिनोद कुमार, हेड चेनमैन (सर्वे) मदनलाल चौधरी, इपी फिटर (ग्रेड वन) सुखराम मांझी, कृष्ण मांझी, इपी फिटर (ग्रेड टू) सोधना मांझी, तालो मांझी, इपी फिटर (ग्रेड थ्री) बहाउद्दीन मियां, डोजर ऑपरेटर शिवचरण साव, रोगन मांझी, इलेक्ट्रिशियन तेजलाल मांझी, ड्राइवर कम मेकेनिक झरी मांझी, असिस्टेंट सिक्योरिटी सब इंस्पेक्टर फिरू नायक व असिस्टेंट फोरमेन बजरंग सिंह को भावभीनी विदाई दी गई.

### कॉलोनी में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें: जीएम



**रामगढ़।** सीसीएल रजरप्पा के आवासीय कॉलोनी में साफ-सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को महाप्रबंधक बिनोद कुमार ने अधिकारियों के साथ सेंट्रल कॉलोनी रजरप्पा क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान महाप्रबंधक ने बताया कि स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ रहा जा सकता है. इसके लिए उन्होंने कॉलोनी की साफ-सफाई को लेकर उचित दिशा-निर्देश दिए. विशेष कर क्वार्टर के पीछे उग रही झाड़ियों और नालों की सफाई को जुलाई महीने के अंत तक पूरा करने की बात कही. साथ ही कॉलोनी में नियमित एवं अबाध्य जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु भी आवश्यक निर्देश दिए. मौके पर स्टाफ अधिकारी (सिविल) विमल आजाद, टाउनशिप इंचार्ज त्रिनाथ साहू एवं परियोजना अभियंता (सिविल) सौरभ सहित कई लोग मौजूद थे.

डीएवी बरकाकाना के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक कर फैलायी जागरूकता

# छात्र-छात्राओं ने मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से लोगों को अवगत कराया

संवाददाता। रामगढ़

मादक पदार्थों के सेवन पर रोक के उद्देश्य से शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल, बरकाकाना की ओर से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया. नयानगर तीन नंबर गेट के समीप छात्र-छात्राओं ने नशीले पदार्थ से होने वाले नुकसानों के प्रति लोगों को जागरूक किया. इस दौरान मुख्य रूप से बरकाकाना ओपी प्रभारी मो. अख्तर अली व उनकी टीम शामिल थी. नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य छात्रों और समुदाय के सदस्यों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें इस बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था.

बच्चों ने अपने प्रभावशाली अभिनय कौशल से नशीले पदार्थों के उपयोग से होने वाली शारीरिक, मानसिक और सामाजिक हानियों को दर्शाया. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मो मुस्तफा माजिद ने कहा कि नाटक जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम होते हैं, बल्कि सामाजिक संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रसारित करने का भी एक महत्वपूर्ण जरिया भी होते हैं. उन्होंने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं और समाज को जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं.


नुक्कड़ नाटक कर जागरूक करते विद्यालय के बच्चे.

**इस पहल को सभी ने सराहा :** नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता की इस पहल को सभी ने सराहा और इसमें शामिल सभी बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा की. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बरकाकाना ओपी प्रभारी मो अख्तर अली ने कहा कि इस आयोजन ने न केवल छात्रों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया, बल्कि उनके परिवार और समुदाय के सदस्यों को भी इस गंभीर समस्या के प्रति जागरूक किया.

**यात्रा** 11वें दिन गोला प्रखंड के नेमार से शुरू हुई राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ग्राम स्वराज यात्रा

# ग्राम स्वराज के लिए पंचायती राज को मिले पूर्ण अधिकार : शांतनु

संवाददाता। रामगढ़

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ग्राम स्वराज यात्रा 11वें दिन गोला प्रखंड के नेमार से शुरू हुई. इस क्रम में ऊपर बारगा , संग्रामपुर और कुम्हारदगा पंचायत के नेमार, अवराडीह, जराडीह, बाबलोग, हुल्लू सरलाकलां, डभातु में जनसंपर्क किया गया. राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश उपाध्यक्ष ने शांतनु मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में ग्राम स्वराज के लिए पंचायती राज को पूर्ण अधिकार देना होगा.

पंचायती राज के बिना ग्राम स्वराज नहीं आ सकता है. महात्मा गांधी, सरदार वल्लभ भाई पटेल, पंडित जवाहरलाल नेहरू, मौलाना अबुल कलाम आजाद, डॉ भीमराव अंबेडकर, सावित्रीबाई फुले सहित तमाम स्वतंत्रता सेनानियों ने देश के लिए जो सपना देखा था, उसमें पंचायती राज और ग्राम सभा सबसे प्रमुख थी. उन्होंने कहा कि राजीव गांधी पंचायती राज संगठन महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज को धरातल पर उतरने की मुहिम पर निकला है.


यात्रा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष शांतनु मिश्रा ने लोगों को किया संबोधित.

ग्राम स्वराज यात्रा में प्रखंड अध्यक्ष जनार्दन पाठक, संतोष सोनी, गुलाम सरवर, लखेश्वर महतो, प्रदीप महतो, आशुतोष पांडेय, सुधीर दास, बाबा कपिलेश्वर महतो, डोमन बेदिया, अंशु बेदिया, अनुज साव, निमाई बेदिया, रामचरण महतो, प्रेम सागर गुप्ता, सुरेश रविदास, अमृत गोसाई, रंजीत केवट, जयंत माहली शंकर महतो, राजेश महतो, मांडू प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो, नगर अध्यक्ष बलराम साहू, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गगन करमाली, सेवादल के नगर अध्यक्ष जय कुमार अग्रवाल सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे.

### खास बातें

- ग्राम स्वराज को धरातल पर उतरने की चलाई जा रही मुहिम
- बापू के पूर्ण स्वराज को लागू करना पंचायती राज का उद्देश्य

### पंचायती राज ही सत्ता के विकेंद्रीकरण का रास्ता

शांतनु मिश्रा ने बताया गांव को पूर्ण स्वराज और स्वावलंबी बनाने के लिए पंचायत को अधिकार देना होगा. पंचायती राज ही सत्ता के विकेंद्रीकरण का रास्ता है. उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से 21 दिनों के लिए रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में यह यात्रा निकाली गई है. इसके माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को पंचायती राज के अधिकार और लाभ के बारे में सजग किया जा रहा है.

# ग्रामीणों में रथयात्रा को लेकर उत्साह का माहौल: मनोज यादव

संवाददाता। चौपारण

श्री जगरनाथ रथयात्रा महोत्सव की तैयारी अंतिम दौर में चल रही है. आयोजक जोर शोर से प्रचार प्रसार व अतिथियों को आमंत्रित कर रहे हैं. वही ग्रामीण स्तर पर भी लोगों में रथयात्र को लेकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है. इसी कड़ी में पूर्व विधायक मनोज यादव व आयोजन समिति के अध्यक्ष हरिश्चन्द्र सिंह आदि ने सामूहिक रूप से मानगढ़, नगवां, पवई, रामपुर आदि गांवो में जाकर लोगों के बीच आमंत्रण पत्र बांटा.

पूर्व विधायक ने कहा कि रथयात्रा का आयोजन ऐतिहासिक होने वाला है. आने वाले सालों में चौपारण की पहचान भगवान जगरनाथ की रथयात्रा से होगी. ग्रामीण स्तर पर लोगों में रथयात्रा को लेकर उत्साह का माहौल है. वहीं हरिश्चन्द्र सिंह ने कहा कि भगवान जगरनाथ को गरीबों का भगवान कहा जाता है. इनकी महिमा अपरंपार है. मौके पर भाजपा नेता राजदेव यादव, सत्येंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह, अशोक सिंह, जगदीश यादव, सुनील सिंह सहित कई मौजूद थे.

### खास बातें

- पूर्व विधायक ने लोगों को सौंपा रथयात्रा का आमंत्रण पत्र
- ग्रामीण स्तर पर रथयात्रा को लेकर उत्साह का माहौल

▼ ब्रीफ खबरें

## प्रखंड कार्यालय के बाहर से स्कूटी चोरी

**डुमरी।** जेएसएलपीएस के बीएमएमयू पीरटांड़ में कम्युनिटी कोर्डिनेटर (सीसी) गीता कुमारी ने शनिवार को पीरटांड़ थाना में आवेदन देकर कहा कि प्रखंड कार्यालय काम से आई थी और अपनी प्लेजर स्कूटी जेएच 11एएच 2320 को प्रखंड कार्यालय परिसर के शेड में खड़ा करके लॉक कर कार्यालय में काम कर रही थी. लगभग 11:54 बजे अपराह्न में मेरी नज़र खिड़की से नीचे पड़ी तो स्कूटी खड़ी नहीं दिखी. मैं तुरंत भागती हुई बाहर आई तो मेरी स्कूटी वहां पर खड़ी नहीं थी. इधर उधर देखा तो कहीं भी नजर नहीं आयी.

## दहेज हत्या मामले में 15 वर्ष की सजा

**साहिबगंज।** दहेज हत्या मामले में आरोपी उत्पल मंडल को धीरज कुमार जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम साहिबगंज ने 15 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई. उक्त मामले को लेकर मृतका चंचला मंडल के पिता प्रेमलाल मंडल ने बोरिया (जि०) थाना में उत्पल मंडल एवं अन्य के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराया था. घटना 13 सितंबर 2022 हुई थी. दहेज के लिए चंचला मंडल के साथ मारपीट किया गया था और मारपीट के दौरान चंचल मंडल की मृत्यु हो गई थी.

## अर्द्ध निर्मित घर से अधजला शव बरामद

**बोकारो।** बालीडीह थाना क्षेत्र के झोपरो गांव स्थित मुख्य सड़क किनारे अर्द्ध निर्मित घर से पुलिस ने अधजला अज्ञात शव बरामद किया. पुलिस के मुताबिक शव का शिनाख्त नहीं हो सका है. पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है. गृह मालिक किस्कू बाउरी ने बताया कि जब वे अपने गांव से लौटे तो उन्होंने अपने नव निर्मित घर को देखने आये, तो उसमें शव पड़ी थी. जिसके बाद उन्होंने मुखिया के सहयोग से सूचना पुलिस को दी. मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता ने बताया कि बरामद शव पांच दिन पुराना लगता है.

## शिक्षक समेत तीन शिक्षिकाओं का तबादला

**देवघर/मोहनपुर।** बीते दिन उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुम्बाबेल की छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोपी शिक्षक व अन्य तीन शिक्षिकाओं को व्याप्त अनियमितता के आरोप में शिक्षा विभाग ने तबादला कर दिया है. इसके साथ ही विभागीय जांच भी जारी है. शिक्षा विभाग ने उस वक्त विद्यालय में कुल शिक्षकों का तबादला तुरंत प्रभाव से दूसरे विद्यालय में कर दी है. वहीं शनिवार को स्कूल खुलने पर शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहे, जबकि छात्र-छात्राएं की उपस्थिति नगण्य रही. ऐसे में विद्यालय में सन्नाटा पसार रहा.

## सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई

**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र से सेवानिवृत्त हुए 9 सीसीएल कर्मियों में चेतन गोप, मथुरा बेलदार, मो नसीम, जगदीश राय, नागेन्द्र पासी, अवतार सिंह, पूरन महतो, मोहन हांसदा को कथारा आफिसर्स कल्ब में शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई. इस दौरान सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मियों को उपहार भेंट कर सम्मानित करते हुए विदाई दी गई. विदाई सह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा महाप्रबंधक संजय कुमार उपस्थित थे. मौके पर एसओपी जयंत कुमार सहित कथारा क्षेत्र के अधिकारी तथा एसीसी सदस्यों में कामोद प्रसाद, इकबाल अहमद, समशुल हक, पीके जयसवाल, पीके विश्वास, अनुप सोई सहित अन्य कई लोग मौजूद थे.

## 25 साल बाद लगा नया ट्रांसफॉर्मर

**बोकारो।** बोकारो के कालापत्थर दास टोला के लोग बीते 25 वर्षों से ट्रांसफॉर्मर की समस्या का दंश झेल रहे थे. ट्रांसफॉर्मर बार-बार जल जाता था, जिससे गांव के लोगों को महीनों अंधेरे में रहना पड़ता था. उसी ट्रांसफॉर्मर को मरम्मत कर दोबारा लगा दिया जाता था. लेकिन सांसद ढुल्लू महतो की पहल पर गांव में नया ट्रांसफॉर्मर लग गया है. ट्रांसफॉर्मर कर उद्घाटन सांसद की अनुपस्थिति में उनके भतीजे खुशवंत देवा ने किया. ज्ञात हो कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र से ढुल्लू महतो के चुनाव जीतते ही गांव के लोगों ने उन्हें अपनी 25 वर्षों की समस्या बताते हुए नया ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग की थी.

### प्रखंड मुख्यालय में पंचायत समिति की मासिक बैठक हंगामेदार, कई विषयों पर चर्चा

# ब्लॉक कर्मी अपनी आदत सुधार लें : पंचायत समिति सदस्य

संवाददाता। पीरटांड (गिरडीह)



पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में पंचायत समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई. काफी दिनों के बाद बैठक होने से बैठक पुरा हंगामेदार रहा. बैठक की अध्यक्षता प्रमुख सविता टुडू ने की. जबकि संचालन बीडीओ मनोज कुमार मरांडी ने किया.

बैठक में सर्वप्रथम पिछले बैठक में लिए गए प्रस्ताव का बारी-बारी से समीक्षा की गई. जिसके बाद प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकासशील योजनाओं तथा गरीब कल्याण योजनाओं से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई. बैठक में सदस्यों ने जनसमस्याओं का अब तक निराकरण नहीं होने से सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मियों पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि जल्द से जल्द कार्य में तेजी लाते हुए काम किया जाए. सदस्यों ने मनरेगा, खाद्य आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति, नल जल योजना, पेंशन योजना आदि की भी समीक्षा की. इन सभी मुद्दों पर संबंधित अधिकारियों ने शीघ्र समस्या के समाधान का आश्वासन दिया. सदस्यों ने बताया कि पिछले बैठक में जारी किए गए लेटर के बावजूद अभी तक एक भी काम नहीं हुआ है. नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र संचालन एवं विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर चर्चा की गई. जबकि बैठक में सभी पंचायत समिति सदस्यों ने एक स्वर से कहा कि ब्लॉक कर्मी पीरटांड़ में बेलगाम हो गए हैं, वे अपनी आदत सुधार ले नहीं तो उनके विरुद्ध करवाई की जाएगी. यहां यह बात दें कि कुछ महीनों से पंचायत समिति की बैठक का आयोजन नहीं किया गया था.

बैठक में मुख्य रूप से उपप्रमुख महेंद्र महतो, पंचायत समिति सदस्य जोगेंद्र तिवारी, जागो रजक, रिंकी देवी, केशव पाठक, नवीन सिंह सहित सभी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य के अलावे सभी विभिन्न विभागों से सम्बंधित अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे.

# सरस्वती वाहिनी के खाते से साढ़े तीन लाख रुपये अध्यक्ष ने निकाले

### मामले की शिकायत बीईईओ से करने का प्रस्ताव पारित



गावां (गिरिडीह)।

गावां प्रखंड स्थित उमवि हरिजन टोला गदर के अध्यक्ष करमणी यादव के द्वारा विद्यालय के सरस्वती विध्या वाहिनी के खाते से 3 लाख 51 हजार रुपये का ट्रांसफर अपने खाते में कर लिए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है.

मामले का खुलासा तब हुआ जब विद्यालय के प्राधानाचार्य हरि पंडित माल्डा इंडियन बैंक में खाता अपडेट करवाने गए थे. अपडेट्स से पता चला कि तीन क़िस्त में विद्यालय के खाते से मोबाइल ट्रांजेक्शन के द्वारा साढ़े तीन लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिया गया है.

उक्त आशय की जानकारी के बाद प्राधानाचार्य ने इसकी जानकारी एसएमसी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को देकर आपात बैठक बुलाई. उक्त बैठक में अध्यक्ष उपस्थित नहीं हुए. बैठक में खाते से पैसे निकाले जाने का एक स्वर में विरोध किया गया.

वहीं लिखित जानकारी बीईईओ तितुलाल मंडल को देने का प्रस्ताव पारित किया गया. सदस्यों ने कहा कि रुपये की निकासी की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए. उक्त अध्यक्ष के द्वारा ही वर्ष 2022 में एक लाख रुपये की निकासी कर ली गई थी.

हो हल्ला होने के बाद उक्त राशि को एसएमसी के खाते में जमा करवाया गया था.

### प्रधानाध्यापक के आदेश से हुई निकासी : अध्यक्ष

मामले में विद्यालय के अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानाध्यापक के आदेश से हमने यह पैसे की निकासी की है और इन पैसों को मैंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक के खाते में ट्रांसफर भी किया है. प्रधानाध्यापक ने उनसे यह कह कर पैसे निकलवाए कि उन्हें विद्यालय के भवन का निर्माण करना है. वहीं पूर्व में हुई पैसों की निकासी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पिछले बार भी वह प्रधानाध्यापक को ही पैसे दिए थे, लेकिन उस समय नगद देने के कारण मेरे पास कोई सबूत नहीं था. लेकिन इस बार मेरे पास सबूत है और वह जब वापस आएंगे तो फिर सभी को दिखा पाएंगे.

### मामले की उच्च स्तरीय जांच हो

बैठक में उपस्थित मुखिया अनिता देवी, पूर्व मुखिया ब्रह्मदेव शर्मा व उप मुखिया मो शमशेर समेत उपस्थित ग्रामीणों ने रुपये की निकासी को सरासर अन्याय बताया. कहा कि विद्यालय प्रबंधन के द्वारा बच्चों के साथ सरासर अन्याय किया जा रहा है. जिसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए. गमौके पर मोजी यादव, मो जब्बार, सहदेव मिस्त्री, केवल राय, राजेश यादव, मथुर यादव, महफूज आलम एवं नारायण यादव समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

## बीस सूत्री की बैठक में आंगनबाड़ी सेविका चयन पर उठा सवाल

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की मासिक बैठक में प्रखण्ड एवं अंचल के ज्वलंत मुद्दे पर सदस्यों ने अधिकारियों को घेरने की कोशिश की. बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष जुनैद आलम ने आंगनबाड़ी सेविका चयन में सीओ की एक तरफा दिलचस्पी पर सवाल खड़ा किया. आंगनबाड़ी केंद्र बाटी और ऱेम्बा में पुलिस की सहायता लेकर भोले भाले ग्रामीणों को डराकर अपने चहेते को सेविका बना दिया. मौके पर सदस्यों ने पूर्व में लिया गये प्रस्ताव पर संतोष जनक जबाब नहीं देने पर नारजगी व्यक्त किया. बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनीष कुमार वर्मा ने सदन में प्रस्ताव पारित किया कि जमुआ प्रखंड़ में इन दिनों आंगनबाड़ी सेविका/सहायक चयन में प्रभारी सीडीपीओ की भूमिका संदिग्ध है. समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी गार्ड लाइन के अनुसार चयन नहीं किया गया. ग्राम बाटी में सेविका चयन में अहर्ता रखने वाली अभ्यार्थी का चयन नहीं कर किसी दूसरे का गुप्त ढंग से प्रभारी सीडीपीओ ने अपने वाहन में चयन समिति के साथ चयन करने का आरोप लगाया.

# सीसीएल सीएमडी ने किया कोल माइंस का निरीक्षण



संवाददाता। कथारा

सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के विभिन्न कोल माइंस परियोजनाओं का सीसीएल सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने दौरा कर निरीक्षण किया. इस दौरान अधिकारियों एवं विस्थापितों ने सीएमडी को बुके देकर स्वागत किया. सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने माइंस के व्यू पॉइंट से खदान को देखा और जीएम के रामकृष्णा एवं अन्य अधिकारियों से परियोजना में संचालित वर्क को मैप के माध्यम से जानकारी ली. इस दौरान विस्थापितों की समस्याओं से भी अवगत हुए और उनके समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया.

इस दौरान सीएमडी ने कोयला उत्पादन, संप्रेषण और सुरक्षा को लेकर परियोजना के अधिकारियों से जानकारी ली और सुरक्षा, उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश एवं सुझाव दिए.

### स्वच्छता पखवाड़ा पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

# स्वच्छता के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा : संजय

संवाददाता। कथारा



सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा आफिसर्स कल्ब में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार शामिल हुए. पुरस्कार वितरण में सर्वप्रथम कथारा क्षेत्र के स्वच्छता कर्मचारियों को पुरस्कृत कर किया गया. इसके उपरांत स्कूली बच्चों को पुरस्कृत किया गया. जिनमें डीएवी पब्लिक स्कूल कथारा, डीएवी स्वांग, स्वामी विवेकानंद विद्यालय जारंगडीह, आदर्श कन्या उच्च विद्यालय कथारा, संत अंतोनी विद्यालय जारंगडीह के छात्र छात्राओं ने भाषण, चित्रकला और निबंध तथा क्यूज प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मंच पर पुरस्कृत किया गया.

मौके पर महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि स्वच्छता के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा तभी स्वच्छ व सुंदर भारत की सपना को साकार किया जा सकता है.

एसीसी सदस्य पीके विश्वास ने कहा कि सीसीएल कथारा क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले को पुरस्कृत किया जाना सराहनीय है लेकिन केवल रस्म अदायगी के लिए स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाना नहीं चाहिए.

इस दौरान इकबाल अहमद, समशुल हक, कामोद प्रसाद, पीके विश्वास, राजू स्वामी, पीके जयसवाल, अनुप सोई ने भी स्वच्छता के लिए अहम सुझाव दिये. कार्यक्रम को सफल बनाने में सीसीएल कथारा क्षेत्र के सीएसआर उप प्रबंधक चंदन कुमार की सराहना कथारा महाप्रबंधक संजय कुमार सहित एसीसी सदस्यों ने किया. मौके पर सीसीएल कथारा क्षेत्र के एसओपी जयंत कुमार सहित 24 विद्यालय तथा एक महाविद्यालय के शिक्षक व प्रतिभागी बच्चे मौजूद थे.

**उपलब्धि** डीपीएस बोकारो में मेधा सम्मान समारोह

# विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ रहे 144 छात्रों को मिला पुरस्कार

संवाददाता। बोकारो



पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से विद्यालय, राज्य व देश का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डीपीएस बोकारो में शनिवार को मेधा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया. समारोह में शैक्षिक सत्र 2023-24 के दौरान 10वीं एवं 12वीं के टॉपरों के साथ-साथ विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक पाने वाले तथा समूहवार खेलकूद, वाक्-पटुता, पठन-दक्षता, लेखन, कला-संगीत, कंप्यूटर साइंस, पर्यावरण-मैत्री, क्विज, छायांकन, नृत्य, अनुशासन व अन्य क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ रहे कुल 144 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया. इसके अलावा, उक्त सत्र के छात्र परिषद के हेड बॉय व हेड गर्ल को भी सम्मानित किया गया.

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सीआरपीएफ बोकारो रेंज के उप-महानिरीक्षक (परिचालन) ब्रजेश सिंह अपनी पत्नी मंजू सिंह के साथ उपस्थित थे. अपने संबोधन में श्री सिंह ने सम्मानित किए गए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि यह सफलता एक दिन का प्रयास नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सतत कठिन परिश्रम, समर्पण, उनकी लगन व निरंतरता तथा उनके अभिभावकों के त्याग का परिणाम है. यह प्रयास आगे भी जारी रहे, क्योंकि आनेवाले समय में अभी और चुनौतियां आएंगी, जिसे समझना होगा.

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने डीपीएस बोकारो की शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए मेधा सम्मान समारोह के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि विद्यालय हर बच्चे की प्रतिभा को निखारने के लिए कटिबद्ध है. शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ नवाचार व रचनात्मकता को बढ़ावा देकर भावी नेतृत्वकर्ताओं का निर्माण यहां किया जा रहा है. उन्होंने बच्चों से इसी प्रकार अपने लक्ष्य के प्रति लगनशील बने रहने तथा सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनने का आह्वान किया.

## जिला स्तरीय टीएलएम मेला आयोजित

**बोकारो।** निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के तीन वर्ष पूर्ण होने एवं झारखंड शिक्षा परियोजना बोकारो द्वारा जिला स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन जिला रामरुद्र मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय चास परिसर में आयोजित किया गया. जिसमें जिले के सभी प्रखंड शिक्षा परियोजना द्वारा स्टॉल लगाया गया. टीएलएम मेला में जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों के शिक्षक एवं छात्र छात्राएं सहायक शिक्षक सामग्री लेकर आए. इनमें हिंदी, गणित, विज्ञान विषयों की विभिन्न प्रकार की सामग्री बनाकर लाए थे. सामग्री का प्रदर्शन किया गया. तीनों विषय के प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के लिए एक निर्णायक समिति का गठन किया गया, जिसमें पांच सदस्य रखे गए. प्रदर्शनी में शिक्षक एवं छात्र- छात्राओं ने ज्ञानवर्धक सहायक शिक्षक सामग्री का प्रदर्शन भी किया. मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खलको, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, कार्यपालक दंडाधिकारी सत्यबाला, कार्यपालक दंडाधिकारी कनिष्क कुमार, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

## बारह चक्का ट्रक चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी थाना क्षेत्र के जामतारा पंचायत निवासी लिलो ठाकुर ने डुमरी थाना में आवेदन देकर अपना बारह चक्का ट्रक चोरी होने का शिकायत दर्ज कराया है. आवेदन में लिखा है कि मेरा बारह चक्का ट्रक जेएच 02यू 9653 जो बीती रात कुलगो के पास रोड किनारे खडी थी, जिसे अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली. चोरी की घटना की गतिविधि सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है. लिखा है कि जिस स्थान पर ट्रक खड़ा था, वहां मेरा चालक कुलगो निवासी दीपक कुमार शर्मा का घर है. चालक अपने घर के सामने गाड़ी खड़ा कर खाना खाकर सो गया. जब रात में उसकी नींद खुली तो वाहन देखने गया तो ट्रक वहां नहीं था. जिसके बाद घटना की जानकारी मुझे दी. इधर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोरी की घटना में दिख रहा है कि एक सफेद रंग की लग्जरी वाहन में कुछ लोग आते हैं और उसमें से एक नीचे उतर कर ट्रक के चारों तरफ घूमता है. तत्पश्चात ट्रक लेकर बगोदर की ओर चला जाता है. चोरी की घटना रात्रि लगभग एक बजे की है.

## कबड्डी में बोकारो ने तुपकडीह को हराया

**बोकारो।** विद्या विकास समिति झारखंड की ओर से पंडित बागेश्वरी पांडेय सरस्वती विद्या मंदिर दुगदा के खेल मैदान में आयोजित 35 वां प्रांतीय तीन दिवसीय कब्बड्डी एवं खो खो प्रतियोगिता का दूसरे दिन शनिवार को प्रथम चक्र का खेल का आयोजन किया गया. प्रथम चक्र में बाल वर्ग भैया कब्बड्डी में 9 डी बोकारो ने बिरसा नगर (जमशेदपुर) को, झुमरी तिलैया ने भूली नगर को, चतरा ने मेदिनीपुर को, वहीं बहन वर्ग में कब्बड्डी में गिरिडीह ने लोहरदगा को, बिनगांव ने कस्तूरबा ढ़ोरी को, जबकि किशोर वर्ग भैया में टू ए बोकारो ने तुपकाडीह को, तेलो ने बरही को एवं देवनगर ने कतरास को, वहीं किशोर वर्ग बहन में भवनाथपुर ने श्यामडीह को, तेलो ने बिरसा नगर जमशेदपुर को, टुंडी ने बिनगांव को एवं देवनगर ने बाघमारा को पराजित कर दूसरे राउंड के लिए स्थान बना लिया.

## गैस सिलिंडर से घर में लगी आग, 50 हजार का नुकसान

**गिरिडीह।** पचम्बा थाना क्षेत्र के हंडाडीह के तिवारीडीह गांव निवासी बिक्रम तिवारी के घर शनिवार की सुबह अचानक आग लग गई. यह आग उनके घर में रखी गैस सिलेंडर में खाना बनाने के दौरान लगी. गैस सिलेंडर में आग लगने के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी का महौल उत्पन्न हो गया. परिवार के सदस्य किसी तरह घर से बाहर निकल अपनी जान बचायी. वहीं घर में आग लगा देख आस-पास के लोगों की भी भीड़ वहां जुट गई. लोगों ने अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब असफल रहे तो घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई. काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया. इस आगजनी की घटना में बिक्रम तिवारी के घर में रखे 50 हजार से अधिक रुपए का सामान जलकर राख हो गए. घटना के बाद भुक्तभोगी ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है.

## बीएसएल से सेवानिवृत कर्मचारियों की विदाई

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से जून 2024 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए लर्निंग एंड डेवलपमेंट विभाग के मेन ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन महा प्रबंधक (मानव संसाधन - सेवाएं) सोनी कुमारी के नेतृत्व में किया गया. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महा प्रबंधक (सी एवं आई टी) आइ बंकिरा उपस्थित थे. मुख्य महा प्रबंधक (सी एवं आई टी) आइ बंकिरा ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की. उन्होंने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किये. जून 2024 में बी.एस.एल. से कुल 07 अधिशासी तथा 17 अनाधिशासी सेवानिवृत्त हो रहे हैं. कार्यक्रम का संचालन डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी, सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने किया.

## कैपेसिटी बिल्डिंग फॉर सिविल कॉन्ट्रैक्ट्स विषय पर प्रशिक्षण

**सांकतोड़िया।** मिनिस्ट्री ऑफ कोल के आदेशानुसार ईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता की अनुप्रेरणा से मुख्य सतर्कता अधिकारी मुकेश कुमार मिश्र की अगुवाई एवं महा प्रबंधक (सतर्कता) सत्येन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में निदेशक (कार्मिक) आहुति स्वाई के दिशा निर्देशानुसार द्वारा शनिवार 29 जून को डिसरगढ़ क्लब ईसीएल के सभागार में कैपेसिटी बिल्डिंग फॉर सिविल कॉन्ट्रैक्ट्स विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह प्रशिक्षण सतर्कता विभाग के द्वारा निर्देशित मैराथन ट्रेनिंग एंड कैपेसिटी बिल्डिंग इनिशिएटिव के तहत किया जा रहा है. इस मुहिम के तहत भविष्य में निदेशक (वित्त) मुहम्मद अंजार आलम तथा निदेशक (तकनीकी/संचालन सह योजना एवं परियोजना) नीलाद्रि रॉय ने अन्य सभी विभागों के लिए इसी तरह के प्रशिक्षण आयोजित करने की अनुशंसा की. विभागाध्यक्ष मानव संसाधन विकास विभाग सुधीर कुमार सिन्हा ने मत व्यक्त किया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से टेंडरिंग की प्रक्रिया सभी डीलिंग ऑफिसर्स के लिए सुगम बनेगी और प्रक्रिया में होने वाली भूलों से बच सकेंगे.

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत डीडीसी ने किया पौधरोपण

**गिरिडीह।** सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड द्वारा 16 जून से 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत समाहरणालय परिसर में शनिवार को पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे मौजूद थे. स्वच्छता पखवाड़ा का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने के लिए जागरुकता अभियान, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता अभियान, अपशिष्ट/कचरे का निपटान जैसी गतिविधियां करना है. इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सीसीएल के अधिकारी समेत अन्य कई अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे. स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल उप विकास आयुक्त ने समाहरणालय परिसर में पौधरोपण किया.

## मासिक लोक अदालत में 682 मामलों का निष्पादन

**साहिबगंज।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्ग दर्शन में भूमि एवं राजस्व मामले को लेकर स्पेशल लोक अदालत एवं मासिक लोक अदालत का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया. मासिक लोक अदालत में कुल 682 मामलों का निष्पादन किया गया. वहीं 14 करोड़ 82 लाख 18 हजार 679 का सेटलमेंट हुआ.

## 18वां सांख्यिकी दिवस पर याद किए गए प्रशांत चंद्र

**गिरिडीह।** अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, झारखण्ड के निर्देश पर शनिवार को जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जितेंद्र कुमार दुबे की अध्यक्षता में सांख्यिकी विद् प्रशांत चन्द्र महालनोविस के जन्म दिवस पर 18वाँ सांख्यिकी दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर सांख्यिकी विद् प्रशांत चन्द्र महालनोविस के प्रतिमा पर फूल मालाओं का अर्पण किया गया. इस अवसर पर निदेशालय द्वारा निर्धारित विषय 'निर्णय लेने के लिए डेटा का उपयोग' पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जीतेन्द्र कुमार दुबे द्वारा पी.सी. महालनोविस के जीवन वृतान्त के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई.

## अमीषा अग्रवाल को मिला बेस्ट लेडी प्रेसिडेंट का पुरस्कार

**बोकारो।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 (बिहार एवं झारखंड) द्वारा आयोजित समारोह में रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिड टाउन कपल्स को सत्र 2023-24 में किए गए सामाजिक कार्यों के आधार पर बेस्ट क्लब चुना गया. यह पुरस्कार समारोह जमशेदपुर के होटल क्रूज में किया गया. इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष अमीषा अग्रवाल को रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के बेस्ट लेडी प्रेसिडेंट का पुरस्कार भी दिया गया. इस कार्यक्रम में रोटरी बोकारो मिडटाउन कपल्स को कुल 10 अवार्ड दिए गए. रोटेरियन शिव अग्रवाल को 3 पुरस्कार दिए गए, जिसमें स्टार रोटेरियन का पुरस्कार शामिल है. रोटेरियन मोहित अग्रवाल को बेस्ट न्यू रोटेरियन का पुरस्कार मिला.

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की शुरुआत

**बोकारो।** भारतीय जनता पार्टी चास नगर दक्षिण मंडल के वार्ड नंबर 30 बाँधगोडा साइड में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत जिला अध्यक्ष बोकारो जयदेव राय के नेतृत्व में किया गया. इस कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों पर वृक्ष लगा गया. इस अवसर पर जयदेव राय ने बताया कि मानव के जीवन को सुखी, सम्रद्ध व संतुलित बनाए रखने के लिए पौधरोपण का अपना विशेष महत्व है. कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम के सह संयोजक धीरज झा, माथुर मंडल, टिंकु तापड़िया, विकास महथा, ऋषव राय, कृष्णा महतो, संदीप चौधरी, गोविंद गोप, विक्की राय, धर्मेंद्र महथा आदि उपस्थित थे.

## मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण माह अभियान शुरू

**साहिबगंज।** साहिबगंज में झारखंड मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण माह कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को हुई. इसके तहत जिले के सभी सीएचसी, पीएचसी में शिविर लगाकर 29 जून से 27 जुलाई तक 9 माह से 5 साल तक के सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जानी है. कार्यक्रम का शुभारंभ साहिबगंज सदर प्रखंड सीएचसी में सिविल सर्जन डॉ. अरविंद कुमार व डॉ. रंजन कुमार ने दीप जलाकर और बच्चे को विटामिन ए की खुराक पिलाकर किया.

> “ नियमों का निर्माण मनुष्य के लिए हुआ है, मनुष्य का निर्माण नियमों के लिए नहीं हुआ है. नहीं कहने से तुम्हारे चरित्र की शक्ति प्रकट होती है. अपने काम को चांद, तारों और सूरज की तरह निःस्वार्थ बनाओ, तभी सफलता मिलेगी और बहुत देर तक बनी भी रहेगी. –स्वामी रामतीर्थ. ”



# सुकूं के चांद पे जाओ तो कोई बात बने



कविता कलम

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**उर्दू** साहित्य के मशहूर शायर नाज ख़यालवी साहब कह गये हैं-दिल का हर ज़ख्म जवां हो तो ग़ज़ल होती है, दर्द नस-नस में रवां हो तो ग़ज़ल होती है. आम दिलों को बाग-बाग करने के प्रयास में किसी शायर के दिल में ग़ज़ल कैसे उतरती है, यही बताने की कोशिश नाज साहब की इस ग़ज़ल में महसूस होती है. ऐसी ही कोशिश कवि विजय वाते की इस ग़ज़ल में देखी जा सकती है- दर्द में उम्र बसर हो तो ग़ज़ल होती है. या तेरा साथ अगर हो तो ग़ज़ल होती है. तेरे आने की ख़बर रोज़ कहां आती है कब कोई ऐसी ख़बर हो तो ग़ज़ल होती है. सच तो यही है कि कविता या शायरी का उद्गम स्थल वियोग और व्यथा ही है. प्राचीनकाल में अरबी भाषा से निकल कर फारसी और उर्दू होते हुए हिंदी भाषा तक पर अपनी हुकूमत कायम करने में कामयाब रही साहित्य की लोकप्रिय विधा ग़ज़ल का वर्ण्य विषय शुरुआती दौर में भले ही प्यार-मुहब्बत रहा हो, लेकिन आज उर्दू और हिंदी के शायरों ने यह साबित कर दिया है कि ग़ज़ल में हर बात कहने की भरपूर क्षमता है. आज ग़ज़ल केवल किसी माशूका के जुल्फों के जाल में उलझी नहीं रहती, बल्कि जिंदगी के हर मुकाम पर अपनी पैनी नज़र रखती है और दिल के समंदर में गोते लगाकर विचारों के ऐसे मोती चुन लाती है, जिसे देख-सुन कर ऐसा लगता है कि कोई बड़ा करामात हो गयी. ऐसी करामात महसूस करनी हो तो झारखंड के जानेमाने और उर्दू साहित्य में धड़ल्ले से पहचानेवाले शायर **नसीर अफसर** की इस ग़ज़ल को अपने दिल के आईने में उतारने की कोशिश अवश्य करें. नसीर साहब कहते हैं-



मेरे क़रीब जो आओ तो कोई बात बने,
वफ़ा के हाथ बढ़ाओ तो कोई बात बने।
दुखों की तीरगी में जी रहे हो बरसों से,
सुकूं के चांद पे जाओ तो कोई बात बने।
यह ज़िन्दगी भी गरां बोझ बन न जाये अब,
दुखों से खुद को बचाओ तो कोई बात बने।
ग़मों की धूप में रहना नहीं अच्छा होगा,
ग़लत उसूल हटाओ तो कोई बात बने।
थकावटों की जगह नींद क्यों नहीं आती,
इसे भी फिक्र में लाओ तो कोई बात बने।
क़दम क़दम पे बढ़े बोझ यह है ना समझी,
क़दम समझ के उठाओ तो कोई बात बने।
चमन में जूही खिले बेला और गुलाब अफसर,
चमन को ऐसे सजाओ तो कोई बात बने।

नसीर साहब उम्र, अनुभव और लेखन शैली के हिसाब से प्रौढ़ शायर हैं. देश के विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में इनकी गजलें शोभा बढ़ाती रहती हैं, आकाशवाणी और दूरदर्शन पर समय-समय पर गूंजती रहती हैं. काव्य मंचों पर इनकी पेशकश लाजवाब होती है. 'पहला सफर' इनका लोकप्रिय ग़ज़ल संग्रह है, जिसका प्रकाशन पहले उर्दू और फिर बाद में हिंदी में हुआ और बहुत ही लोकप्रिय है. इसका प्रमाण है डॉ. मसूद जामी की पुस्तक 'नसीर अफसर : फन और शख्सियत'. इन्हीं की तरह ग़ज़ल की दुनिया में एक नाम लोगों की जुबां पर आने लगा है, जिसे हम **शमा फ़िरोज** के रूप में जानते हैं. काव्यप्रेमियों के लिए इनका ग़ज़ल संग्रह "शम'अ-ए-फ़रोज़ां" धरोहर है. इनकी बेहतरीन ग़ज़लों का कायल तो हर कोई सहज ही हो जाता है. यदि मुझ पर यकीन न हो तो इनकी यह ग़ज़ल खुद ही देख लीजिए.



तभी तो कोशिशें करते हैं हम दुनिया सजाने की
तमन्ना है हमारी इक नया सूरज उगाने की
किसी दिन देखना पहुंचेंगे हम भी उस बुलंदी पर
करेंगे कोशिशें हम आसमां से तारे लाने की
खुदा से जो भी मांगा जिंदगी में वो मिला हमको
यही तो वज्ह है हमदम हमारे मुस्कराने की
ग़ज़ल और गीत सीखे हैं सभी हमने अदीबों से
लगन रहती हमेशा है इन्हें बस गुनगुनाने की.
कभी आये मुसीबत साथ देना साथिया मेरा,
नहीं कोशिश कभी करना मुझे तू भूल जाने की.
जरा सी बात पर नाराज क्यों हो जाते हो जानम
कसम क्या खा रखी है "शम'अ" को तुमने सताने की.

इन प्यारी-प्यारी ग़ज़लों की रचना के लिए नसीर साहब और शमा फिरोज की कलम को सलाम करता हूं. इस उम्मीद के साथ कि इनसे साहित्य की वाटिका को खाद-पानी मिलता रहेगा. अब चलते हैं वर्तमान की ओर जहां उमड़ते-घुमड़ते मेघों को लेकर आषाढ़ मचल रहा है, लेकिन बारिश की एक-एक बूंद के लिए लोगों की आंखें थक रही हैं. गर्मी से हाल-बेहाल है तो किसानों की सांसें अटक रही हैं. डालटनगंज निवासी वयोवृद्ध कवि **श्रीधर द्विवेदी** अपने पावस गीत में तमाम धरती वासियों की व्यथा को इस प्रकार मुखरित कर रहे हैं-



ऐ! आषाढ़ के पहले बादल, स्वागत, अभिनन्दन, वन्दन।
पलामू की प्यासी धरती पर, उमग-उमग जल बरसो हे घन।
जीवजंतु हैं आकुल व्याकुल लोट- पोट मरते हैं खग कुल
सूखे- शजर, हुए बंजर वन उमग-उमग जल बरसो हे घन।
सूखी नदिया ताल तलैया आतप ऐसा, दंश- ततैया
जल बिन तरसे गांव नगर जन उमग- उमग जल बरसो हे घन।।
महुआ जला पलाश दहक गये सखुए के सब पात दहक गये
डहक गए सब मोर सघन वन उमग-उमग जल बरसो हे घन।।
फटी- दरारें जलती-छाती लूट- गई धरती की थाती
अरे आषाढ़ तू अबतक अनमन। उमग- उमग जल बरसो हे घन।।

जब दिल में दर्द के बादल उमड़-घुमड़ रहे हों तो आकाश में मंडरानेवाले विकराल मेघ भी राहत नहीं पहुंचा पाते, चाहे जितना भी बरस लें. जब व्यथा असह्य हो जाती है तो मुख से फूट पड़ता है क्रंदन, लेकिन कोई सुननेवाला नहीं होता. इसलिए कि हर हृदय में किसी न किसी बहाने वेदना विराजमान होती है. आखिर कोई स्वयं झेले या दूसरों के दिलों की आग से खेले? रांची की कवयित्री **संध्या उर्वशी** अपनी रचना में वेदना को इस प्रकार अभिव्यक्ति देने का प्रयास कर रही हैं-



अंतर मन से झड़ी वेदना अखियां अश्रु बहे
पर तुम क्यों मौन रहे?
घटनाओं को देखकर आगे बढ़ना है
धीरे-धीरे पग धरकर तब सीढ़ी चढ़ना है
तब भारी था तुम्हें देखना यह मन यही कहे
अंतर मन से झड़ी वेदना अखियां अश्रु बहे
पर तुम क्यों मौन रहे?
कौन सुना तब वंदन क्रंदन बधिर लोग सारे
सन्नाटा तब प्रबल हो गया युद्ध सकल सारे
व्यर्थ हुआ उनको कुरेदना सब कुछ हमी सहे
अंतर मन से झड़ी वेदना अखियां अश्रु बहे
पर तुम क्यों मौन रहे?
दूर कहीं थोड़ी सी आशा शेष हृदय में है
निष्फलता के अति प्रभाव से सब संशय में हैं
कुछ पग चलकर जगी चेतना
उठकर बांह गहे
अंतर मन से झड़ी वेदना अखियां अश्रु बहे
पर तुम क्यों मौन रहे?

वेदना इस प्रकार जब चरम को छूने का प्रयास कर रही हो तो एक व्यक्ति के पास तत्काल तो एक दवा बच जाती है और वह है धैर्य. वेदना लंबी अवधि तक नहीं रह सकती. कुछ देर तक तड़पा कर वह चली जाती है और फिर धीरे-धीरे सबकुछ ठीक होता चला जाता है. सुख और दुःख का दौर तो चलता ही रहता है. ईश्वर करें सबके जीवन में सुख ही सुख हो. बस, इसी के साथ आपकी आज्ञा चाहता हूं. जय हिंद! जय झारखंड!!

### मरने से क्या डरना

नियम प्रकृति का है अटल, मिटे न भाग्य लकीर।
आया है सो जाएगा राजा रंक फ़कीर॥
राजा रंक फ़कीर चलाओ जीवन नैय्या।
मरना तो निश्चित है फिर क्या डरना भैय्या॥
रोओ पीटो, किंतु मौत को रहम न आए।
नहीं जाय, यमदूत ज़बरदस्ती ले जाए॥
जो सच्चा इंसान है उसे देखिये आप।
मरते दम तक वह कभी करे न पश्चाताप॥
करे न पश्चाताप, ग़रीबी सहन करेगा।
लेकिन अपने सत्यधर्म से नहीं हटेगा॥
अंत समय में ऐसा संत मोक्ष पद पाए।
सत्यम शिवम सुन्दरम में वह लय हो जाए॥
जीवन में और मौत में पल भर का है फ़र्क।
हार गए सब ज्योतिषी फेल हो गए तर्क॥
फेल हो गए तर्क, उम्र लम्बी बतलाई।
हार्ट फेल हो गया दवा कुछ काम न आई॥
जीवन और मौत में इतना फ़र्क जानिए।
सांस चले जीवन, रुक जाए मौत मानिए॥

**- काका हाथरसी**

# समुद्र, प्रकृति और मनुष्य



चौराहा



प्रमोद कुमार झा

**2024** बहुत मायनों में विशिष्ट रहा. बहुत सारी पुरानी कहावतें,पुरानी बचपन में सुनी बातें याद आने लगी. पश्चिम के किसी भविष्यवक्ता ने भविष्यवाणी की थी कि इस वर्ष आसमान से अग्नि ज्वाला बरसेगी. अगर शाब्दिक अर्थ ढूंढा जाय तो कठिनाई हो सकती है, पर अगर भावार्थ समझें तो इस बात में पूरी सच्चाई दिखाई देगी. एक समाचार देखा कि पश्चिमी देश के किसी संग्रहालय में मोम में तराशी मूर्तियां पिघल गयी. भारत में लू की चपेट में सैकड़ों लोगों की जान चली गयी. दिल्ली का तापमान 50 डिग्री छू रहा था. मॉनसून इस बार मौसम वैज्ञानिकों के साथ लुका छिपी खेलता रहा. सारे अनुमान असत्य साबित होते रहे. विकास होता रहा, प्राकृतिक पहाड़ काटे जाते रहे, सड़कें चौड़ी होती गयीं, कंक्रीट के जंगल बढ़ते गए, एयरकंडिशनर की बिक्री बढ़ती गयी, अर्थव्यवस्था सुधरती गयी, सामान्य तापमान दो-तीन-चार पांच बढ़ती गयी, एयर कंडीशनरों में आग लगती गयी. 'ग्लोबल वार्मिंग' पर महानगर से लेकर छोटे कस्बों के वातानुकूलित कक्षों में 'गंभीर' चर्चाएं होती रही, पानी का जलस्तर और नीचे गिरते गए, नदी -तालाबों का पक्कीकरण किया जाता रहा और भीषण जंगलों को काटकर विकास के कारखाने बनते गए. आम लोगों को कुआं और नल से पानी नहीं मिल रहा. बड़े 'विद्वान विचारक', नीति निर्धारक कहते हैं कि आर्थिक विकास होने पर सब सुधर जाएगा .आपने अखबार के रंगीन पन्नों पर एक डेढ़ इंच के पौधे को मोटे बीसियों प्रकृति प्रेमियों के साथ घिरा फ़ोटो देखा होगा. उसके नीचे की टिप्पणी भी देखी होगी कि 'फलाना जी, ठेकाना जी ने पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाया'. आपने गौर किया होगा कि सत्ता कभी "पौधे" नहीं लगाती है, हमेशा "पेड़" लगाती है. हज़ारों एकड़ के प्रकृति प्रदत्त जंगलों को तहस नहस कर लोग एक 'पेड़' लगाते हैं. हमें इस बात पर ज़रूर ध्यान देना चाहिए कि कितने भी ज्ञानी हो जाएं, कितने भी विध्वंश की शक्ति अर्जित कर लें, हिमालय से प्राकृतिक नदियों की धारा मोड़ लें, पहाड़ों को डायनामाइट से उड़ा दें, पर समुद्र पर उसका कोई नियंत्रण नहीं. सुनामी और समुद्री तूफान के सामने असहाय दीनहीन खड़ा रहता है. समुद्र जितना विशाल और सुंदर है उतना ही शक्तिशाली भी. कोई मानवीय शक्ति उसके सामने असहाय है. त्रिवेंद्रम के सुंदर 'शनमुघम बीच' को तलाशता एक वर्ष बाद जब मैं पहुंचा तो वहां के लोगों ने बताया कि समुद्र ने उसे अपने आगोश में ले लिया. न जाने कितने द्वीप डूब गए. समुद्र,सुनामी भूकंप हमें प्रकृति के विराट महाशक्ति की याद दिलाते हैं. श्रेयस्कर हो कि हम प्रकृति को चुनौती न दें, क्योंकि उसकी चुनौती संसार और मनुष्य के विनाश का कारण बन जाएगा.

# आंनददायक है वैशाली का ऐतिहासिक आनंद स्तूप



यायावर

डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय



**वैशाली** गौतमबुद्ध की उपदेश भूमि, महावीर की जन्मभूमि, आम्रपाली की दीक्षा भूमि और गणतंत्र की जननी के रूप में वैश्विक धरातल पर प्रतिष्ठित हो चुकी है.आज मैं अपने पाठकों को गौतमबुद्ध के प्रधान शिष्य आंनद के नाम पर बने आंनद स्तूप के संदर्भ में बताना चाहता हूं. गौतमबुद्ध के अनेकानेक शिष्य थे, लेकिन आनंद उनके प्रधान शिष्य थे और वे प्रायः गौतम बुद्ध के साथ रहते थे. आंनद मगध से वैशाली की ओर निर्वाण प्राप्त करने की इच्छा से चले तो मगध के राजा अजातशत्रु को इस बात का पता लग गया. वे शीघ्र उनका पीछा करते अपनी सेना के साथ चल पड़े और गंगा नदी के किनारे पहुंच गये. वैशाली के लिच्छिवियों को जब ज्ञात हुआ कि आनंद आ रहे हैं, तब वे उनका स्वागत करने के लिए चल पड़े और नदी के दूसरे किनारे तक पहुंच गये. आंनद ने सोचा-यदि मैं आगे बढ़ता हूं तो अजातशत्रु दुखी होता है और यदि पीछे मुड़ता हूं तो लिच्छवी नाराज होंगे. इस असमंजस में पड़कर आंनद ने नदी के बीच में ही समाधि द्वारा अपने शरीर को जलाकर निर्वाण प्राप्त कर लिया. जनश्रुति है कि उनके शरीरावशेष को किसी व्यक्ति ने मुख्य रूप से दो भागों में बांटकर एक एक भाग नदी के दोनों तीरों पर खड़े राजाओं को दिया. अजातशत्रु और लिच्छवी दोनों उनके शारीरिक अवशेष को ले गये और अपने यहां उन पर स्तूप बनवाये.

स्तूप का वास्तविक स्वरूप एवं आकार सामने आया है. गौतम बुद्ध के शिष्य आनंद के आधे शरीरावशेष पर निर्मित उक्त स्तूप था. मूल स्तूप का असली आकार भी प्रकाश में आया है, जो चौकोर ईंटों से बना हुआ था. जब स्तूप के भीतर से कूड़ा कर्कट साफ कराया गया तो ईंटों से बनी दोहरी दीवारों के चौकोर स्मृति चैम्बर मिले. सफाई के क्रम में कुछ महत्वपूर्ण पुरातात्विक वस्तुएं प्राप्त हुई. शरीरावशेष के टूटे टुकड़े, एक स्वर्ण पात्र, छत्रावलि और पात्र के टुकड़े सम्राट अशोक के काल के थे. चौकोर स्मृति चैंबर को कंकड़ और लाइम से प्लास्टर किया गया था. परतदार पुरातात्विक अवस्थाएं सिद्ध कर रही हैं कि कालान्तर में इसका कम से कम तीन बार अवश्य पुनः निर्माण कराया गया था. उसकी पहचान उस काल की ईंटों की साइज़ और बनावट से हुई है. स्तूप के चारों ओर से प्रदक्षिणा पथ का भी पता चला है. सिंह स्तंभ के दक्षिण की ओर लगातार ईंटों के टुकड़े और सुर्खी से बने फ्लोर भी प्रकाश में आया है. उक्त वस्तुओं के अतिरिक्त वहां गौतमबुद्ध का धड़ से अलग किया हुआ मुकुटधारी सिर मिला है, उसके साथ ही बिना सिर का बैठा हुआ बुद्ध का शरीर मिला है. वहां शुंग और कुषाण काल की कई वस्तुएं मिली हैं. इन दिनों आंनद स्तूप के इर्द-गिर्द पुष्प सज्जित पार्क का दृश्य देखते ही बनता है.

# पंडित तोताराम का रोड-शो



नश्तर

सुधीर राघव



**पंडित** तोताराम दौर-ए-फ़ज़ीहत का शिकार थे. एक दिन उनकी मुलाकात हो गई बीवी छोड़कर भागे मोदन मियां से. मोदन मियां बातूनी थे, जबकि पंडित तोताराम सिर्फ सवाल का ही जवाब देते. उनका जवाब भी हमेशा एक ही होता कि... हो भी सकता है और नहीं भी. पंडित तोताराम और मोदन मियां की खूब जमने लगी. दोनों राम मिलाए जोड़ी हो गए. कभी पंडित तोताराम की खूब तूती बोलती थी. उन्हें सबसे बड़ा भविष्यवक्ता माना जाता था. उनके अनुयाई दो खेमों में बंटे थे. जो मानते थे कि तोताराम की भविष्यवाणी का पहला हिस्सा सही होता है उपसर्गवादी कहलाते और दूसरा हिस्सा सही मानने वाले प्रत्ययवादी. पंडित जी के दिन मजे से कट रहे थे मगर अचानक कहानी बदल गई. गुरु की महादशा खत्म हुई और वे शनि की साढ़ेसाती की चपेट में आ गए. अब हाल यह था कि गली के सारे बच्चे उन्हें चार सौ पार कहकर चिढ़ाते, वे जब भी घर से निकलते. बच्चे उनके पीछे हो लेते. फिर पूरे रास्ते चार सौ पार, चार सौ पार का शोर मचता. पंडित तोताराम खूब खीजते. पत्थर उठाकर मारते. उनकी माताओं बहनों से अपने संस्कारी रिश्ते जोड़ते मगर बच्चे उनका पीछा न छोड़ते.

असल में केलोबेलो कंपनी के न्यूज चैनल पर सबसे पहले पंडित तोताराम से ही यह सवाल पूछा गया था कि क्या जंगल के चुनाव में गधे की टनाटन पार्टी चार सौ पार करेगी? इसके जवाब में पंडित तोताराम ने चिरपरिचित अंदाज में कहा था- कर भी सकती है और नहीं भी. पंडित के इस जवाब से उपसर्गवादियों ने मान लिया कि टनाटन पार्टी चार सौ पार करेगी. वहीं प्रत्ययवादियों ने माना नहीं करेगी. उपसर्गवादियों की संख्या ज्यादा थी. जब नतीजे आए तो टनाटन पार्टी ढाई सौ तक भी नहीं पहुंची. प्रत्ययवादियों ने इसे अपनी जीत माना. इससे पहले कि प्रत्ययवादी पंडित तोताराम का सम्मान करने जाते उपसर्गवादियों ने पंडित को पूरे मोहल्ले में दौड़ा दौड़ाकर पीटा. ग़लत भविष्यवाणी के लिए गले में चप्पलों की माला डालकर भरी सड़क पर जुलूस निकाला. उस एक रोड-शो से पंडित तोताराम की सारी इज्जत उतर गई. अब उन्हें कोई न पूछता. बच्चे अलग से चिढ़ाते. ऐसे बुरे समय में जब मोदन मियां ने पंडित तोताराम का हाल पूछा तो उन्होंने आंखें भरकर मोदन को गले लगा लिया. अपने ही घर पर साथ रख लिया. अब दोनों की जोड़ी मोहल्ले में साथ ही निकलती. जो बच्चे पहले पंडित तोताराम को चिढ़ाते थे अब मोदन के किस्से सुनकर पेट फाड़कर हंसते. बच्चों की वह पूरी टोली अब उनकी दोस्त हो गई थी. इस तरह मोदन और तोताराम की जोड़ी मोहल्ले में मशहूर होने लगी. मोदन मियां गप्प हांकते- मैं पेड़ की सबसे पतली डाली पर उल्टा लटका सकता हूं! जवाब में पंडित तोताराम के साथ सारे बच्चे चिल्लाते - हो भी सकता है और नहीं भी! इस तरह बच्चों ने मोहल्ले में उपसर्गवादियों और प्रत्ययवादियों के बीच का भेद पूरी तरह खत्म कर दिया था.

# सौरभ की कलाकृतियों में झलकती है भारतीय संस्कृति



कला-संवाद

मनोज कुमार कपरदार



















**भारतीय** संस्कृति के बारे में पं. मदनमोहन मालवीय का कहना है कि ''भारतीय सभ्यता और संस्कृति की विशालता और उसकी महत्ता तो संपूर्ण मानव के साथ तादात्म्य स्थापित करने अर्थात् 'वसुधैव कुटुंबकम की पवित्र भावना में निहित है. भारत का इतिहास और संस्कृति गतिशील है और यह मानव सभ्यता की शुरुआत तक जाती है. यह सिंधु घाटी की रहस्यमयी संस्कृति से शुरू होती है और भारत के दक्षिणी इलाकों में किसान समुदाय तक जाती है. भारत के इतिहास में भारत के आस-पास स्थित अनेक संस्कृतियों से लोगों का निंरतर समेकन होता रहा है." संस्कृति के शाब्दिक अर्थ की बात की जाए तो संस्कृति किसी भी देश, जाति और समुदाय की आत्मा होती है. संस्कृति से ही देश, जाति या समुदाय के उन समस्त संस्कारों का बोध होता है, जिनके सहारे वह अपने आदर्शों, जीवन मूल्यों आदि का निर्धारण करता है. वर्तमान समय में सभ्यता और संस्कृति को एक-दूसरे का पर्याय माना जाने लगा है, लेकिन वास्तव में संस्कृति और सभ्यता अलग-अलग होती है. सभ्यता में मनुष्य के राजनीतिक, प्रशासनिक, आर्थिक, प्रौद्योगिकीय व दृश्य कला रूपों का प्रदर्शन होता है, जो जीवन को सुखमय बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जबकि संस्कृति में कला, विज्ञान, संगीत, नृत्य और मानव जीवन की उच्चतम उपलब्धियां सम्मिलित हैं.

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है. विश्व की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है, जिसमें बहुरंगी विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है. इसके साथ ही यह अपने-आपको बदलते समय के साथ ढालती भी आई है. तभी तो सरायकेला खरसावां जिले के सौरभ प्रमाणिक जैसे कलाकार इसे अपने कैनवास पर उकेरने में लगे हुए हैं. अपनी मेहनत से ये बहुत कम उम्र में उस मुकाम पर पहुंच गये, जहां लोगों को लंबे समय तक परिश्रम करना पड़ता है. सौरभ ने अपनी अद्भुत कलाकारी से केवल अपने जिले में ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों में भी अपनी पहचान बनाने में सफल हुआ है. भारतीय कलाकार के साथ मिलकर कोविड 19 पर कार्य किया और कोरोना योद्धा राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हुए. शिल्पायन की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय आर्ट कॉन्टेस्ट में 2020 में प्रथम स्थान प्राप्त कर युवाओं के लिए प्रेरक बन गये. श्रीनाथ विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स के छात्र सौरभ प्रमाणिक ने अपनी अनूठी शैली और बारीकियों पर ध्यान देने के लिए कला के क्षेत्र में पहचान बनायी है. जीवंत रंग और जटिल पैटर्न का उपयोग इनकी कला को नया आयाम देता है और ये पेंटिंग कला प्रेमियों को सुंदरता और कल्पना की दुनिया में ले जाता है. इनकी बनायी हर कलाकृतियां कुछ न कुछ संदेश देती है. इनके द्वारा बनायी गयी पेंटिंग में ज्यादातर गहरा काला रंग का प्रयोग दिखता है, क्योंकि सौरभ को गहरा कला रंग अत्यधिक पसंद है. इनकी कलाकृतियों में बैकग्राउंड में तूलिका से घिसा हुआ टेक्स्चर होता है, क्योंकि टेक्स्चर बताता है कि एक पेंटिंग का निर्माण एक तूलिका से घिसकर ही प्रारंभ होता है. सोनू सूद भी इनकी पेंटिंग देखकर प्रभावित हुए और सौरभ को मिलने के लिए मुंबई आमंत्रित किया .

# आखर



नीरज नीर

**इस जहां में आम कब खास हो जाए और खास कब आम हो जाए, कोई नहीं जानता लेकिन एक चीज ऐसी है जो आम होते हुए भी हमेशा खास होती है. जी जनाब मैं फलों के राजा आम की बात कर रहा हूं. चिलचिलाती धूप और उमसभरी गर्मी के मौसम में जब जीवन मुश्किल लगता है, तब कोई एक चीज जो अच्छी होती है और जिसके लिए इस बेरहम गरमी की प्रतीक्षा की जा सकती है, वह यह होती है कि इस मौसम में आम का फल होता है. इसीलिए तो अकबर अलाहाबादी कह उठते है: नामा न कोई यार का पैग़ाम भेजिए/ इस फ़स्ल में जो भेजिए बस आम भेजिए... आइए आम का आनंद लेते हुए इस माह की कुछ साहित्यिक गतिविधियों की चर्चा करें...**

# तपती गर्मी में भी बुलंद रहा साहित्यकारों का हौसला

मासिक रिपोर्ट



अबकि जबकि वर्षा रानी रूठी है और आने का नाम नहीं ले रही है...
गरमी अपने सारे पुराने रिकार्ड को तोड़ने पर आमदा है, लेकिन गरमी साहित्यकारों का हौसला भला कैसे तोड़ सकती है? सितम ढाती गरमी को झुठलाते हुए दस जून को साहित्य 24 मंच की झारखंड इकाई के सदस्यों ने काव्यगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें कई रचनाकार सम्मिलित हुए और खूब काव्यवर्षा की शीतल फुहारों का आनंद लिया.

महिला काव्य मंच अपनी नियमित काव्य गोष्ठियों के लिए प्रसिद्ध है. इन्हें भी मौसम की मार को अंगूठा दिखाना आता है. इस मंच ने भी 10 जून को मासिक गोष्ठी रांची में आयोजित की और काव्यरस से एक दूसरे को सराबोर किया.

अगर साहित्यिक गतिविधियों से जरा हटकर कुछ अन्य रचनात्मक गतिविधियों की बात की जाए तो कई अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम शहर में हुए.बीजू टोप्पो द्वारा संपादित एवं संकलित विडिओ डाक्यूमेंट्री ढाई आखर प्रेम यात्रा की स्क्रीनिंग दिनांक 22 जून को टी आर आई के सभागार में की गई.

## विनय सौरभ और सुधीर सुमन के कविता-संग्रहों का लोकार्पण

प्रगतिशील लेखक संघ एवं जन संस्कृति मंच के संयुक्त तत्वाधान में 16 जून 2024 को टी आर आई भवन में समकाल के सुपरिचित कवि विनय सौरभ के काव्य संकलन "बख्तियारपुर और सुधीर सुमन के काव्यसंकलन "सपना और सच" का लोकार्पण किया गया. इस अवसर पर इन काव्यसंकलनों की कृति चर्चा भी विभिन्न स्वनाम धन्य कवियों, आलोचकों द्वारा की गई, जिसमें उपर्युक्त कविता संकलनों के संदर्भ में कई महतपूर्ण वक्ताओं ने अपनी राय रखी.

चर्चा का आरंभ करते हुए कथाकार रणेन्द्र ने कहा कि विनय सौरभ और सुधीर सुमन दोनों का पहला कविता संग्रह आया है, पर दोनों के स्वर भिन्न हैं. विनय की कविताओं में स्मृतियों का जैसा प्रयोग हुआ है, वह दुर्लभ है. इनमें गांव-कस्बों और अपनों से बिछड़ने की दर्द भरी स्मृतियां हैं. मुकेश के गानों की तरह ये कविताएं गूंजती हैं. संवेदना, भावुकता और यादों से ही इन कविताओं का फार्मेट बना है, जो इनकी विशेषता भी है और सीमा भी है. सुधीर सुमन की कविताओं पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इनकी पृष्ठभूमि अलग है. इनकी कविताओं में भोजपुर के खेत-खलिहानों की आग, ज्वाला, राख और धुंआ है. वैचारिकता की धार स्पष्ट है. हालांकि प्रेम कविताएं ज्यादा खूबसूरत हैं. कुछ कविताओं में विचारों का अतिरेक भी है.

इस अवसर पर वरिष्ठ आलोचक रविभूषण ने अपनी बात रखते हुए कहा कि दोनों कवियों के काव्य-संग्रह में नब्बे के दशक के आरंभ से लेकर अब तक लिखी गयी कविताएं हैं. दोनों अपने वर्तमान से चिंतित और परेशान हैं, दोनों में वर्गीय दृष्टि है, दोनों मुक्ति के आकांक्षी हैं. संवेदना और विचार दोनों में घनीभूत है. उन्होंने कहा कि विनय सौरभ अतीतजीवी या स्मृतिजीवी कवि नहीं हैं, वे स्मृति, संबंध और स्थान के कवि हैं. लेकिन उनकी कविता में स्मृति का संबंध वर्तमान से है. दरअसल दोनों कवि वर्तमान के कवि हैं. सुधीर सुमन की कविता में भविष्य का स्वप्न है और वर्तमान का सच है. विनय सौरभ साइलेंट प्रोटेस्ट के कवि हैं, जबकि सुधीर सुमन वर्तमान के संघर्षों को लेकर स्टैंड लेते हैं.

गिरिडीह से आए कवि-आलोचक बलभद्र ने कहा कि विनय जहां रहते हैं वहां की कविता लिखते हैं. हम अपनी स्मृतियों से कटकर नहीं जी सकते. वर्तमान हो या भविष्य उससे कटकर नहीं हो सकता. विनय की कविताओं में स्मृतियों का पुर्नआविष्कार और पुनर्सृजन भी है. इस अवसर पर आसनसोल से आए कवि निशांत ने कहा कि सुधीर सुमन सच को सच की तरह दिखाते हैं. उनकी कविताएं प्रश्न करती हैं, जो कि जरूरी चीज है.

डॉ. मिथिलेश सिंह ने कहा कि विनय सौरभ की कविताएं मानव जीवन में लुप्त होते रागों की तलाश करती है तो सुधीर सुमन अपनी कविताओं में बेहतर समाज के निर्माण का सपना संजोते नजर आते हैं.

कथाकार पंकज मित्र ने कहा कि सुधीर सुमन के कविता संग्रह ने उन्हें चौंकाया, क्योंकि वे तो प्रायः अपने वैचारिक लेखों और समीक्षाओं के लिए जाने जाते रहे हैं. जबकि विनय सौरभ की कविताओं में स्मृतियों को बचाए रखने की जिद मिलती है. डॉ. प्रज्ञा गुप्ता ने कहा कि विनय सौरभ की कविताएं कथा-सी बुनावट लिए हुए हैं और हमारी करुणा को जगाती हैं. सुधीर सुमन की छोटी कविताएं संरचनात्मक रूप से अधिक कसी हुई हैं.

कथाकार रश्मि शर्मा ने कहा कि विनय की कविता में नोनीहाट की तरह पिता भी बार-बार आते हैं. इनमें कहानी का अवयव है. इनमें समकालीन राजनीति का अंधेरा भी है, बाजार, विज्ञापन, उपभोक्तावाद भी है. इनकी प्रेम कविताएं पुरानी बाइनरी को नहीं तोड़ती. सुधीर सुमन अपनी कविताओं में वर्तमान की खुरदरी जमीन को तोड़ते हैं. कवि प्रकाश देवकुलिश ने विनय सौरभ की कविताओं- 'बख्तियारपुर' और 'खान साहब बहुरूपिया' की खास तौर पर चर्चा की.

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि स्मृतियों को विचार और दर्शन के साथ इस तरह कला में बांधा जा सकता है, यह विनय सौरभ का अद्भुत काव्य-कौशल है. उन्होंने यह भी कहा कि सुधीर सुमन की कविताओं में भोजपुरी समाज का सीधा और दोटूक लहजा नजर आता है.

## सीपी मुक्तावली और कविताओं की खुशबू



साहित्य जगत में पुस्तकों का लोकार्पण और उनपर चर्चा सुधि पाठकों को पुस्तकों के प्रकाशित होने की सूचना तो देता ही देता है, साथ ही रचनाकारों के लिए भी यह बड़ा ही प्रेरणादायी अवसर होता है. खासकर जो युवा रचनाकार हैं, उन्हें नव और बेहतर सृजन की प्रेरणा मिलती है. ऐसा ही प्रेरणादायी अवसर रहा इस माह की 22 तारीख का जब खुशबू बरनवाल 'सीपी' के दो एकल काव्यसंग्रहों (सीपी मुक्तावली और कविताओं की खुशबू) का लोकार्पण बड़ी संख्या में उपस्थित काव्यप्रेमियों के समक्ष किया गया.

## आज का कार्यक्रम



आज यानी दिनांक 30 जून को अपराह्न 3 बजे से रांची के प्रेस क्लब में सुप्रसिद्ध कथाकार रीता गुप्ता के नवीन कथासंकलन "सांझ ढले गगन तले" का लोकार्पण आयोजित है. यह आयोजन शहर की साहित्यिक संस्था शब्दकार के तत्वावधान में आयोजित है. साहित्य प्रेमी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ा सकते हैं.

## जमशेदपुर में तुलसी जयंती समारोह का आरंभ



जमशेदपुर के सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन /तुलसी भवन में तुलसी जयंती समारोह का आरम्भ 28 जून को हुआ. करीब डेढ़ माह चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन एक साहित्यिक परिचर्चा के साथ हुआ जिसका विषय था-वर्तमान परिप्रेक्ष्य में तुलसी साहित्य की प्रासंगिकता.

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ जंगबहादुर पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि चंदेश्वर खां उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण कुमार तिवारी ने किया. माधवी उपाध्याय, दिव्येन्दु त्रिपाठी, सुभाष चन्द्र मुनका, विजय जालान, प्रकाश मेहता,ब्रजेन्द्रनाथ मिश्रा,वीणा पांडे भारती, रीना गुप्ता, रीना सिन्हा ने भी तुलसी साहित्य की प्रासंगिकता पर अपना-अपना मंतव्य रखा. तुलसी भवन के मानद महासचिव प्रसेनजित तिवारी जी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ.

## कविता/ग़ज़ल



राकेश रमण

### आत्मचिंतन

कितनी सुन्दर भोर
कितना सुंदर आसमान,
पंछियों के संग जैसे
विहंस रहा दिनमान.
सब कुछ वैसा ही है
तो फिर क्यों
भोर की हवा से
गुम हो गयी है ताजगी,
क्यों झूठ हो रही है
वह सदियों पुरानी कहानी.
वह कौन है जो
प्रभावित कर रहा है
प्रकृति का आचरण,
वह कौन है जो निरंतर
भाग रहा है छोड़ रण.
व्यग्र मन पूछा रहा है
क्या तू अब भी
करेगा आत्मचिंतन!



अभिषेक 'अब्र'

### मेरी सखी गंगा

गंगा! तू मेरी सच्ची सखी है.
हर पग तू मेरा साया है.
राह तुम्हारी वैसी ही, जैसा
जीवन पथ मैंने पाया है.
बहते रहना धर्म हमारा
ठहरें कभी, न मन भाया है.
बाल्यकाल है चंचल मेरा
पापरहित, निर्दोषी, निश्छल
गिरीश-गोद में यों जो तेरा,
छल-छल, कल-कल है स्वच्छ जल.
बालक मन, मोहन का डेरा
'हरि का द्वार' है तेरे ही बगल.
यौवन मैंने परिपक्व हो,
मन की गहराई है पाई.
बल-बुद्धि से समस्त जग में,
कीर्ति-गाथा मैंने है गाई.
त्यों ही मैंदानों में वृद्धि,
प्रबल, तुम्हारी है तरुणाई.
राह में चलते-चलते तूने,
यमुन-सरस्वती सखियां पाईं
तेरे ही संग अमर हो गए,
जिन पर पड़ी तेरी परछाई.
मैं, यों, किन्हीं का मीत बना, सो,
किन्हीं से मैंने रीत निभाई.
महासफर के अंत चरण में,
नियति महासिंधु-महाकाय.
मेरी भी यों मुक्ति देखें,
परमात्म में आत्म समाए.
हमने अपने अंत-काल में,
विशिष्ट ये सौभाग्य हैं पाए.



आशुतोष प्रसाद

### डोली और वह

गलियों से रास्तों से,
बागों से क्यारियों से
गुजरती होगी डोली,
मेरी याद आई होगी.
तू सोचती तो होगी,
हर रोज की तरह ही,
बैठा न होऊं अब भी,
मैं, राह में तुम्हारे,
छूटते हुए नजारे
इक बार देखने को,
तू झांकती तो होगी,
भींगें नयन से बाहर.
बौराई पुरवइया
मंजर हिलाती होंगी,
पंछी उड़ान भरकर,
बादल में छिपते होंगे,
मेरे सिवा बचपन के
सारे नजारे होंगे.
मैं जानता हूं लेकिन
तुझको ना भाए होंगे.
अब तो वीरान नभ है
खोया हुआ सा मन है.
हवाओं की सांय सांय,
ये टिमटिमाते तारे,
गलियों के मोड़ पर मैं
गांवों के छोर पर मैं
यह डोलियों के काफिले,
हर रोज देखता हूं
पर डोलियों के पर्दे
मुझको बता ना पाते.
सिमटती, सकुचायी
किसमें तू जा रही है.



डॉ कमल बोस

### मां

कई तरह की
चलती फिरती तस्वीरें
कभी रंग-बिरंगी
कभी श्वेत श्याम तस्वीरें
आंखों के आगे झिलमिल
हर तस्वीर में वह कर्मशील
पर चिंतित कि
बेटे की भूख मिटी या नहीं
उसका ज्वर उतरा कि नहीं
ऐसे न दौड़े कि गिर जाय
पढ़े ऐसा कि सोना बन जाय
आंचल से पसीना पोछती
कभी न थकती
कभी न रुकती
सबके लिए तत्पर
कुछ न कुछ करती रहती
अपने लिए कभी न सोचती
ऐसी होती हैं मां
बस,ऐसी ही होती है मां.

व्यंग्य ›› बर्बरीक

# गिरने के कोई नियम नहीं होते

वरिष्ठ कवि नरेश सक्सेना की एक कविता है- गिरना. इसमें कवि कहते हैं कि चीजों के गिरने के नियम होते हैं/मनुष्यों के गिरने के कोई नियम नहीं होते. जिस रफ्तार से चीजें गिर रही हैं कि पूछिए मत. सारे नियम छिन्न भिन्न हो रहे हैं.

बिहार में दस दिन में पांच पुल गिर गए. ये सारे पुल या तो पिछले कुछ सालों में बने थे या अभी बन ही रहे थे. एकाध तो उद्घाटन के साथ ही या पहले ही धड़ाम हो गए. यह सिर्फ पुलों का गिरना नहीं है मनुष्यों का गिरना भी है. अंग्रेजों के बनाए बहुत सारे पुल अभी भी मजबूती से खड़े हैं मगर... कई बार बांधों के बारे में कहा गया कि चूहों ने कुतर कर बांध गिरा दिए. ये चूहे दरअसल मनुष्यों के भेष में आते हैं जो जड़ों को कुतरते रहते हैं.

पुलों का तो चलो चलेगा इसपर ज्यादातर आम लोगों का आना जाना है. लेकिन जब एयरपोर्ट की छतें धंसने लगें तो सचमुच चिंता की बात है. पुलों के गिरने से तो भारत का आदमी मरेगा लेकिन एयरपोर्ट की छत धंस जाए तो इंडिया का आदमी मरेगा जो किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जा सकता है. आम शहरों के गली मोहल्ले की सड़कों पर गड्ढे हो जाएं तो चलेगा क्योंकि उनको तो इस सब की आदत है लेकिन साक्षात भगवान् के रामपथ पर उन्नीस गड्ढे हो जाएं तो भक्तों का क्या होगा. रामराज्य में तो दैहिक दैविक भौतिक ताप नहीं व्यापते थे. पता नहीं उस वक्त ऐसे खतरनाक चूहे होते थे या नहीं जो कुतर कर बांध पुल गिरा देते थे या सड़कों में गड्ढे कर देते थे. जाहिर है नहीं रहे होंगे तभी तो भगवान् राम को कभी घोषणा करने की आवश्यकता नहीं पड़ी कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा. उस समय के लोग बुद्धिमान होते थे. उन्हें पता था कि नहीं खाना तो अपने बस में है लेकिन नहीं खाने देने का दावा थोड़ा मुश्किल है.

> कवि केदारनाथ सिंह कहते हैं कि जाना सबसे खौफनाक क्रिया है पर अभी कहा जा सकता है कि गिरना सबसे आनंददायक क्रिया है. चारो तरफ चीज़ें गिर रही है और सब आनंद में है. कोई अपने मन की बात लोगों के सरों पर गिरा रहा है लोग आनंद में हैं.

आधुनिक अर्थव्यवस्था का तो भ्रष्टाचार ही श्रृंगार है. इसमें तो कोई दावा नहीं चलता. और गिरना ही सबसे आनंददायक क्रिया है. नेताओं की भाषा गिर रही है, लोगों की आशा गिर रही है, मानव मूल्यों की परिभाषा गिर रही है, आमजन की हर तरह की जिज्ञासा गिर रही है. कवि केदारनाथ सिंह कहते हैं कि जाना सबसे खौफनाक क्रिया है पर अभी कहा जा सकता है कि गिरना सबसे आनंददायक क्रिया है. चारो तरफ चीज़ें गिर रही है और सब आनंद में है. कोई अपने मन की बात लोगों के सरों पर गिरा रहा है लोग आनंद में हैं. कीमतें रोज कूदकर हमारे माथे पर गिर रही हैं हम आनंद में हैं. वे रोज गिर रहें हैं हम भी गिर रहें हैं. गिरने का सिलसिला जारी है और इसका कोई नियम भी नहीं है.



पंकज मित्र

कहानी

# एक अधूरी दास्तान

गतांक से आगे

उसके बाद कई बार मैं उस समय उसी शॉपिंग कॉम्पलेक्स में जाकर खड़ा रहा, मेरी जमती हुई प्रैक्टिस और एक अच्छे गायनोकोलोजिस्ट के रूप में बढ़ती रही प्रसिद्धि की परवाह किए बगैर. लेकिन अन्विता फिर नहीं दिखी.
एक दिन सुबह-सुबह नर्सिंग होम के लिए निकल ही रहा था कि घन-घन... फोन बज उठा-
"हैलो! डाक्टर अंकित हैं?"
"बोल रही हूं! तुम अन्विता हो न?"
"चलो शुक्र है! मेरी आवाज तो याद है तुम्हें..."
मैं कहना चाहता था कि तुम्हारी आवाज कैसे भूल सकता हूं मैं, जब तुम्हारी एक-एक बात याद है मुझे. लेकिन उसकी अवाज में दर्द को महसूस कर चुप ही रहा.
"आज मिल सकती हूं तुमसे? बहुत जरूरी है."
"किसी भी वक्त! नर्सिंग होम का पता है?"
"पता है. एक अच्छे गायनोकोलोजिस्ट का पता औरतों को मालूम रखना पड़ता है."
"वैसे ये कॉम्प्लीमेंट है या..."
"मिलती हूं दोपहर में!" और फोन कट गया.
और उसी दोपहर में अन्विता ने आवाक कर दिया था मुझे. पीले रंग के शॉल में लिपटी हुई अन्विता... उसकी काली आंखें और भी काली लग रही थी. लेकिन मेरी जानी पहचानी वह तरलता कहीं शायद खो गई थी. कागजों का एक पुलिंदा टेबुल पर रखती हुई वह मेरे सामने बैठ गई थी.
"उनका नाम अमल है यानि अमलेश्वर सिंह. पहली पत्नी मर चुकी है. मर चुकी है कहना ठीक नहीं होगा. इन लोगों ने मार डाला है उसे. सास और देवर साथ रहते हैं. ये कागज है मेरी फर्टिलिटी टेस्ट के. शादी के तीन साल हो गए हैं. कोई बच्चा नहीं है. वो सास, देवर सब मुझे अधूरी औरत समझते हैं. बांझ कहकर पुकारती है मेरी सास...." एक ही सांस में सारी बात कहते-कहते हांफ गयी थी वह. टेबल पर रखा एक ग्लास पानी, सर्दी के बावजूद गटागट पी गई थी अन्विता. मैंने रिपोर्टों पर सरसरी निगाह डाली. सबकुछ ठीक-ठाक था.
" डाक्टर ने बताया नहीं तुम्हारे हस्बैंड को कि उनमें भी कोई कमी हो सकती है?" मैंने अन्विता की सांसें सामान्य हो जाने के बाद पूछा.
"बताया था लेकिन वो लोग मानने को तैयार नहीं है."
"तुमने कहा नहीं कि चल के जांच करवा लें अपनी भी, जैसे तुम्हारी कई बार हुई है."
"कहा था नतीजा तुम्हारे सामने है."
कहते हुए शात को बांह से उठा दिया था उसने. सांवली बांह पर एक बड़ा-सा जलने का बदनुमा निशान दिख रहा था. सिहर उठा था मैं. इतना क्रूर...इतना अमानवीय...
"राजपूती खून है. कैसे मान लेंगे कि बच्चा पैदा करने के काबिल नहीं हैं वे. अधूरी तो औरत ही होती है न?" कहते-कहते अन्विता के चेहरे पर वही दुरूह मुसुकान आ गई थी.
"इतना बर्दाश्त क्यों करती हो?"
"कहां चली जाउं? वहां ?... पापा के यहां? लौटती सेनाओं की तरह पुल जलाकर आयी हूं... रिश्तों के सारे पुल... उसी दिन जब इस दुहाजू से मेरी जबरन शादी कर दी गई थी." अब अन्विता जब्त नहीं कर पायी. फफक पड़ी वह. वर्षा की जमी पीर धीरे-धीरे पिघलकर आंखों के रास्ते बह रही थी.
"अनु... देखो... प्लीज...." मैं क्या करूं समझ में नहीं आ रहा था.
"अधूरी कहते हैं मुझे... अधूरी!..." तुम देखकर बताओ तो अंकित मैं अधूरी हूं?... हां! अधूरी हूं मैं, क्योंकि जो मैंने चाहा अधूरा ही पाया है... पर इसमें मेरा क्या दोष है अंकित. बताओ, तुम ही बताओ...."
"अनु... प्लीज..." मेरे हाथ् उसके सिर को कब सहलाने लगे मुझे भी पता नहीं चला. और तभी उसने वह प्रस्ताव रखा जिससे अवाक रह गया मैं.
"तुम करोगे न अंकित. मुझे पूरी कर दो अंकित. अधूरी से पूरी! किसी के भी बच्चे की मां बनूंगी मैं..."
"लेकिन अमल..."
"उसका भ्रम बना रहे. मैं मरना नहीं चाहती उसका भ्रम तोड़कर पहली बीवी की तरह..." उसकी आंखों में भय के बादल तिर आए थे.
"लेकिन..."
"लेकिन-वेकिन कुछ नहीं अंकित. यह मेरा प्रतिशोध है. मुझे मां बनना है, बस मां... पूरी मां... समूची मां.... तुम्हें याद है न अंकित? मैंने कहा था... सबकुछ चाहिए मुझे पूरा... सारा समूचा..."
"लेकिन उन्हें कभी पती चल गया तो?..."
"यह राज, राज ही रहेगा इतना तो एक्सपेक्ट कर ही सकती हूं." और फिर भक से जल उठीं आंखें उसकी.
"और पता चल भी गया तो क्या एक नन्हें के मुंह से मां कहलवाने का हक नहीं है मुझे? दूसरे के अधूरेपन का अभिशाप मैं क्यों भोगूं? बोलो? उन्हें पता चलना चाहिए कि मैं अधूरी नहीं... तुम साथ हो न मेरे?" उसने चाहना भरी दृष्टि से मेरी ओर देखा फिर हौले सेब आंखें बंद कर लीं. मैंने हौले से उसके हाथों को छुआ. उसके लब थरथरा रहे थे. मैंने एसकी नाक की टिप को चूम लिया था एक बार फिर. अन्विता की आंखों में वही परिचित तरलता लौट आयी थी.
तकरीबन साल भर बाद ठीक मेरे बर्थ डे पर डाकिए ने एक पार्सल दिया जिसमें से कैडबरीज टाफियों का एक डिब्बा और एक कार्ड निकला जिस पर एक कलर्ड फोटोग्राफ चिपका था- एक गदबदे से बच्चे का. कार्ड पर लिखा-
"धन्यवाद चारूदत्त. तुम्हारी अधूरी!" और अधूरी पर एक लाल रंग के क्रास का निशान जगमगा रहा था. और जब से ये कार्ड मिला है तबसे सारे कागजों को उलट-पुलटकर उसका पता ढूंढ़ने की कोशिश कर रहा हूं. क्योंकि आप की तरह मुझे भी यह जानने की उत्कंठा है कि इस एक साल के दौरान उसे क्या-क्या सहना पड़ा होगा, कितनी प्रताड़नाएं झेलनी पड़ी होंगी. लेकिन एक बात तो तय है कि वह अभी भी जिन्दा है. कार्ड पर डाकघर की मोहर भी है अधूरी और यह जानना असंभव है कि यह कहां से आया है इसलिए डाकघर के अधूरे मोहर की तरह ही यह दास्तान अधूरी ही पड़ेगी मुझे भी... (समाप्त)

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

**टी20 विश्व कप** उप विजेता टीम के लिए 10.64 करोड़ रुपये यानि 1.28 मिलियन अमेरिकी डॉलर

# चैंपियन टीम की प्राइज मनी 93.51 करोड़ रुपये

एजेंसी। बारबाडोस





टी20 विश्व कप 2024 में खिताब जीतने वाली टीम पर नोटों की बारिश होगी, आईसीसी इसकी घोषणा पहले ही कर चुकी है. आईसीसी ने टूर्नामेंट में प्राइज मनी का बजट 93.51 करोड़ रुपये (11.25 मिलियन यूएस डॉलर) रखा है, जो कि एक रिकॉर्ड है. यह पिछले सभी आईसीसी टी20 विश्व कप टूर्नामेंट से ज्यादा है. वहीं, पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप में प्राइज मनी का बजट 82.93 करोड़ रुपये (10 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था. आईसीसी ने बताया था कि विजेता टीम को 20.36 करोड़ रुपये (2.45 मिलियन यूएस डॉलर) मिलेंगे. पिछले किसी भी टी20 विश्व कप टीम में विजेता टीम को इतने रुपये नहीं मिले. इस साल रिकॉर्ड 20 टीमें इस टूर्नामेंट में खेली. इस वजह से इसे अब तक का सबसे बड़ा टी20 विश्व कप माना जा रहा. वहीं, फाइनल में हारने वाली टीम को 10.64 करोड़ रुपये (1.28 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से संतोष करना पड़ेगा. सेमीफाइनल खेलकर बाहर होने वाली टीमों को 6.54 करोड़ रुपये (787,500 यूएस डॉलर) मिलेंगे.

**सुपर-आठ राउंड से बाहर होने पर भी पैसों की बारिश :** दूसरे दौर यानी सुपर-8 राउंड को पार करने में नाकाम रहने वाली टीमों को 3.17 करोड़ रुपये (382,500 यूएस डॉलर) मिलेंगे. वहीं, नौ से 12वें स्थान पर रहने वाली टीमों को 2.05 करोड़ रुपये (247,500 यूएस डॉलर) मिलेंगे. 13 से 20वें स्थान पर रहने वाली हर एक टीम को 1.87 करोड़ रुपये (225,000 यूएस डॉलर) मिलेंगे. इसके अलावा हर एक टीम को टूर्नामेंट में एक मैच जीतने पर अतिरिक्त 25.89 लाख रुपये (31,154 यूएस डॉलर) दिए जाएंगे. इसमें सेमीफाइनल और फाइनल के मैच शामिल नहीं हैं। यह नियम सुपर-8 राउंड तक लागू है.

**टी20 विश्व कप में 20 टीमों ने लिया हिस्सा :** टी20 विश्व कप में शुरुआती राउंड यानी ग्रुप स्टेज में 40 मैच खेले गए. 20 टीमों को पांच-पांच के चार ग्रुप में बांटा गया. ग्रुप स्टेज में अपने-अपने ग्रुप पर शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सुपर-8 में पहुंची. इसके बाद सुपर-8 राउंड की शुरुआत हुई. फिर सेमीफाइनल (पहला मैच द. अफ्रीका और अफगानिस्तान, दूसरा मैच भारत और इंग्लैंड) और 29 जून को बारबाडोस में फाइनल (भारत और दक्षिण अफ्रीका) मैच खेला गया. आईसीसी ने प्राइज मनी का एलान करते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट कई मायनों में ऐतिहासिक है, इस वजह से प्राइज मनी भी ऐतिहासिक रखा गया.

### किस राउंड में कितने रुपये मिलेंगे

| राउंड | प्राइज मनी |
|---|---|
| विजेता | 20.36 करोड़ रुपये (2.45 मिलियन अमेरिकी डॉलर) |
| उप-विजेता | 10.64 करोड़ रुपये (1.28 मिलियन अमेरिकी डॉलर) |
| सेमीफाइनल में हारने पर | 6.54 करोड़ रुपये (787,500 अमेरिकी डॉलर) |
| सुपर-8 राउंड से बाहर होने पर | 3.17 करोड़ रुपये (382,500 अमेरिकी डॉलर) |
| 9 से 12वें स्थान पर रहने पर | 2.05 करोड़ रुपये (247,500 अमेरिकी डॉलर) |
| 13 से 20वें स्थान पर रहने पर | 1.87 करोड़ रुपये (225,000 अमेरिकी डॉलर) |

## अमेरिका में 'ड्रॉप इन' पिचों के कारण कम रन बने : क्रिस गेल



**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज और टी20 विश्व कप के दूत क्रिस गेल ने टूर्नामेंट के अमेरिका चरण में कम स्कोर वाले मैचों के लिए पिचों को जिम्मेदार ठहराया जो 'ड्राप इन' के बाद पूरी तरह तैयार नहीं हो सकीं. आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के मुताबिक न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में ड्रॉप-इन पिचों का इस्तेमाल किया गया था. इन पिचों को ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में तैयार कर दिसंबर 2023 में फ्लोरिडा लाया गया था. गेल ने कहा कि लंबी उड़ान के बाद पिच 'जेट लेग' से उबर नहीं पायी थीं. 'जेट लेग' का आमतौर पर मतलब लंबी उड़ान या यात्रा से होने वाली थकान होता है, गेल का मानना था कि न्यूयॉर्क की पिचों को 'ड्राप इन' के बाद तैयार होने का पूरा समय नहीं मिला. फ्लोरिडा से ट्रकों की मदद से इन पिचों को न्यूयॉर्क लाया गया था. ये पिचें टूर्नामेंट के दौरान बल्लेबाजी के लिए कठिन विकेटों में से एक साबित हुई थी. गेल ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, इसमें कोई शक नहीं कि यह कम स्कोर वाला विश्व कप रहा है और कभी-कभी विकेट भी धीमा हो जाता है. यह बल्लेबाजों का प्रारूप है... लेकिन इस टूर्नामेंट में समय-समय पर गेंदबाजों को बढ़त मिलती रही है. इस टी20 विश्व कप पर गेंदबाजों का काफी नियंत्रण रहा है.

उन्होंने कहा, हम बेहतर पिचें देखना पसंद करेंगे. अमेरिका की पिचें 'जेट लेग' की तरह थीं. पिचों को ऑस्ट्रेलिया से लाने के बाद परिस्थितियों से तालमेल बिठाने का समय नहीं मिला. इसलिए हमने कुछ कम स्कोर वाले मैच देखे. वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ने हालांकि अमेरिका में खेल को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए आईसीसी की सराहना की. आईसीसी ने शानदार काम किया. ट्रॉफी का अमेरिका दौरा और फिर वहां मैचों के आयोजन से खेल को बढ़ावा देना शानदार है. उन्होंने क्रिकेट को उस जगह पहुंचाया जहां फुटबॉल, बास्केटबॉल और बेसबॉल काफी लोकप्रिय है. उन्होंने विपणन के दृष्टिकोण से बहुत अच्छा काम किया है. उन्होंने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जाने वाले फाइनल मैच के बारे में कहा कि बारबाडोस का मैदान बल्लेबाजी के लिए उपयुक्त है. गेल ने कहा, इस टूर्नामेंट में बारबाडोस बल्लेबाजों के लिए सबसे बेहतर जगह साबित हुआ है. उम्मीद है कि फाइनल में यहां बल्लेबाज रन बनायेंगे.

### ब्रीफ खबरें

#### प्रज्ञानानंदा ने टूर्नामेंट में गुकेश से ड्रॉ खेला

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा तीसरे दौर में हमवतन डी गुकेश से ड्रॉ खेलने के बाद सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त हासिल करने से चूक गये. टूर्नामेंट में तीन दिन में पहली बार 10 खिलाड़ियों के डबल राउंड रोबिन में सभी पांच मैच ड्रॉ रहे. अभी 350000 डॉलर की पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में छह दौर बाकी हैं. सभी ड्रॉ से बढ़त हासिल करने वाले खिलाड़ी के स्थान में कोई बदलाव नहीं हुआ. गुकेश फैबियानो कारूआना के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं.

#### अदिति डोऊ चैंपियनशिप में कट से चूक गयीं

**मिडलैंड (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और उनकी थाईलैंड की जोड़ीदार पजारी अन्नारूकर्ण एलपीजीए टूर की डोऊ चैंपियनशिप गोल्फ चैंपियनशिप के दूसरे दौर में चार अंडर 66 के अच्छे कार्ड के बावजूद कट हासिल करने से चूक गयीं. भारत और थाईलैंड की इस जोड़ी ने क्रमशः 72 और 66 के कार्ड बनाये, जिससे दोनों संयुक्त 59वें स्थान पर थीं. लेकिन इससे यह जोड़ी कट से चूक गयी, जो सात अंडर पर था. पांच जोड़ियां लीडरबोर्ड में शीर्ष पर रहीं.

#### शुभंकर इटालियन ओपन में सातवें स्थान पर

**रोम।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा शुरुआती दो दौर में एक समान 68-68 का कार्ड खेलने के बाद इटालियन ओपन में संयुक्त सातवें स्थान पर है. पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर चुके शुभंकर ने दूसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले पांच बर्डी लगाई.इससे पहले शुरुआती दौर में उन्होंने दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी और एक ईगल लगाई. इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय ओम प्रकाश चौहान 72 और 71 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने से चूक गये.

# टीम इंडिया ने रचा इतिहास, टेस्ट क्रिकेट में बनाया रिकॉर्ड स्कोर

भाषा। चेन्नई

भारतीय टीम ने शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाते हुए छह विकेट पर 603 रन पर पहली पारी घोषित की. इसके बाद मारिजाने काप और सुने लुस की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने इसके जवाब में स्टंप तक चार विकेट पर 236 रन बना लिये थे. मेजबान टीम ने बीती रात के चार विकेट पर 525 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया. अपना पांचवां टेस्ट खेल रही कप्तान हरमनप्रीत कौर ने लंबे प्रारूप में अपना पहला अर्धशतक बनाया और 115 गेंद में 69 रन की पारी खेली जबकि ऋचा घोष ने भी भारत का दबदबा जारी रखते हुए करियर की सर्वश्रेष्ठ 86 रन की पारी खेली. इन दोनों ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 143 रन की साझेदारी निभायी. भारत ने 576 रन बनाते ही महिला टेस्ट क्रिकेट में आस्ट्रेलिया द्वारा बनाया पिछला नौ विकेट पर 575 रन का सर्वोच्च टीम स्कोर का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया. हरमनप्रीत के टुमी सेखुखुने की गेंद पर पगबाधा आउट होते ही 593 रन पर यह साझेदारी टूट गयी. इसके 10 रन बाद ही ऋचा भी नोनकुलुलेको मलाबा की गेंद पर पगबाधा आउट हो गयी और भारतीय कप्तान ने पारी घोषित कर दी. दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम ने भी शानदार जज्बा दिखाते हुए पारी की शुरूआत की जिसमें सुने लुस (65 रन) और मारिजाने (नाबाद 69 रन) की अर्धशतकीय पारियों से स्टंप तक चार विकेट पर 236 बनाने में मदद की. अब टीम भारत से 367 रन से पिछड़ रही है. दक्षिण अफ्रीका के लिए डेल्मी टकर सबसे सफल गेंदबाज रही जिन्होंने 141 रन देकर दो विकेट झटके जबकि मसाबाटा क्लास सबसे फिकायती रहीं.



दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज को आउट करने की खुशी मनातीं स्नेह राणा.

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी**

| | | |
|---|---|---|
| शेफाली वर्मा | रन आउट | 205 |
| स्मृति मंधाना | का डर्कसेन बो टकर | 149 |
| सतीश शुभा | का जाफ्टा बो डि क्लर्क | 15 |
| जेमिमा रौड्रिग्स | का डि क्लर्क बो टकर | 55 |
| हरमनप्रीत कौर | पगबाधा सेखुखुने | 69 |
| रिचा घोष | पगबाधा मलाबा | 86 |
| दीप्ति शर्मा | नाबाद | 02 |
| अतिरिक्त | : | 22 रन |

**कुल योग:** 115.1 ओवर में 6 विकेट पर 603 रन पर पारी घोषित
**विकेट पतन :** 1-292, 2-325, 3-411, 4-450, 5-593, 6-603

**द. अफ्रीका गेंदबाजी**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्लास | 17-2-74-0 | मलाबा | 26.1-1-122-1 |
| डेर्कसन | 17-0-80-0 | टकर | 26-1-141-2 |
| डि क्लेर्क | 12-1-79-1 | लुस | 3-0-15-0 |
| सेखुखुने | 14-0-70-1 | ———————— | |

**दक्षिण अफ्रीका पारी**

| | | |
|---|---|---|
| लॉरा वुलवार्ट | पगबाधा राणा | 20 |
| ऐनेक बॉश | का दीप्ति बो राणा | 39 |
| सुने लुस | पगबाधा दीप्ति | 65 |
| मारिजाने काप | नाबाद | 69 |
| डेल्मी टकर | का रिचा बो राणा | 00 |
| नाडिने डि क्लर्क | नाबाद | 27 |
| अतिरिक्त : | | 16 |

**कुल योग:** 72 ओवर में चार विकेट पर 236 रन
**विकेट पतन:** 1-33, 2-96, 3-189, 4-198

**इंडिया गेंदबाजी**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रेणुका | 7-0-22-0 | दीप्ति | 15-3-40-1 |
| वस्त्राकर | 9-2-32-0 | हरमनप्रीत | 3-0-9-0 |
| राणा | 20-2-61-3 | मंधाना | 2-0-8-0 |
| राजेश्वरी | 16-3-50-0 | ———————— | |

#### दक्षिण अफ्रीका ने शुरुआत ठीक की

दक्षिण अफ्रीका ने बल्ले से अच्छी शुरूआत करते हुए लंच ब्रेक तक बिना विकेट गंवाये 29 रन बना लिये थे. लेकिन स्नेह राणा ने दक्षिण अफ्रीकी कप्तान लौरा वुलवार्ट (20) को पगबाधा आउट कर 33 रन पर पहला झटका दिया. फिर एनेके बॉश का साथ निभाने लुस उतरीं. इस जोड़ी ने बल्लेबाजों के मुफीद विकेट का पूरा फायदा उठाया और दूसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी निभायी. राणा ने ही इस भागीदारी का अंत किया जब बॉश उनकी गेंद पर दीप्ति शर्मा को कैच दे बैठीं. अब काप और लुस क्रीज पर थीं. दक्षिण अफ्रीका ने चाय ब्रेक तक दो विकेट गंवाकर 106 रन बनाये. अंतिम सत्र में दोनों बल्लेबाजों ने अपने अर्धशतक पूरे करते हुए 93 रन की साझेदारी की जिसका अंत दीप्ति शर्मा ने लुस को पगबाधा आउट कर किया. इससे स्कोर तीन विकेट पर 189 रन हो गया. यह दक्षिण अफ्रीका की इस प्रारूप में तीसरे विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी भी है. नौ गेंद बाद डेल्मी टकर खाता भी नहीं खोल सकीं और राणा की गेंद का शिकार हुई. काप और नाडिने डि क्लर्क ने मिलकर पांचवें विकेट के लिये स्टंप तक नाबाद 38 रन की साझेदारी निभा ली थी. भारत के लिए राणा ने गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए 61 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि दीप्ति शर्मा ने 40 रन देकर एक विकेट हासिल किया.

अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

## मालविका बंसोड ने क्रिस्टी को हराकर उलटफेर किया



भाषा। फोर्ट वर्थ (अमेरिका)

भारतीय खिलाड़ी मालविका बंसोड ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमौर पर तीन गेम की रोमांचक जीत से अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया. नागपुर की 22 साल की मालविका ने 2014 राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता क्रिस्टी को 10-21 21-15 21-10 से शिकस्त दी. 49वीं रैंकिंग की मालविका ने हायलो ओपन 2022 में क्रिस्टी को हराया था जब स्कॉटलैंड की शटलर ने चोट के कारण दूसरे गेम में रिटायर होने का फैसला किया था. भारतीय खिलाड़ी इससे पहले क्रिस्टी से दो बार हार चुकी हैं. इस साल अजरबेजान अंतरराष्ट्रीय चैलेंजर जीतने वाली भारतीय खिलाड़ी का सामना अब जापान की छठी वरीय नातसुकी निडाइरा से होगा. पुरुष एकल में प्रियांशु राजावत ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन वह चीन के चौथे वरीय लेई लान जि की चुनौती पार नहीं कर सके और लगभग एक घंटे में 21-15 11-21 18-21 से हार गये. दूसरी वरीय त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को जापान की रूई हिरोकामी और युना काटो की छठी वरीय जोड़ी से 17-21 21-17 19-21 पराजय झेलनी पड़ी जिससे उनका अभियान अंतिम आठ में समाप्त हो गया.

## महिला कोचिंग शिविर के लिए खिलाड़ियों की घोषणा की

भाषा। बेंगलुरू

हॉकी इंडिया ने यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में सोमवार से शुरू होने वाले दो महीने लंबे ट्रेनिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय भारतीय महिला संभावित ग्रुप की घोषणा की. लंदन और एंटवर्प में एफआईएच हॉकी प्रो लीग सत्र में अपने सभी मैच हारने के बाद भारतीय टीम संक्षिप्त ब्रेक पर थी. भारतीय टीम पिछले महीने एंटवर्प में बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ सभी चार मैच गंवा बैठी थी. उसे लंदन में जर्मनी (1-3) और ब्रिटेन

**टीम:** गोलकीपर – सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी, माधुरी किंडो, डिफेंडर – निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री, प्रीति, मिडफील्डर – सलीमा टेटे, मरीना लालरामंगहाकी, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, ज्योति, एडुला ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, अक्षता अबासो ढेकाले, अजमीना कुजूर, फारवर्ड : सुनेलिता टोप्पो, मुमताज खान, लालरेमसियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, रुतुजा दादासो पिसल.

**कोपा कप** ब्राजील के विनिसियस जूनियर के पहले हाफ में किये दो गोल

# ब्राजील के स्टारों ने पराग्वे की टीम को 4-1 से हराया

एजेंसी। लास वेगास



विनिसियस जूनियर के पहले हाफ में किये गये दो गोल की मदद से ब्राजील ने कोपा अमेरिका कप ग्रुप डी के फुटबॉल मैच में पराग्वे को 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने का अपना दावा मजबूत किया. ब्राजील के लिए साविन्हो ने पहले हाफ में गोल भी किया और लुकास पाक्वेटा ने दूसरे हाफ में पेनल्टी किक पर गोल किया. पराग्वे के लिए उमर एल्डेरेटे ने गोल किया. विनिसियस ने मैच के 35वें मिनट में गोल कर टीम का खाता खोला, जबकि साबियो ने 43वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया. विनिसियस ने मध्यांतर से ठीक अपने दूसरे गोल के साथ मैच पर ब्राजील का दबदबा बना दिया. पाक्वेटा ने 61वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की.

### कोस्टा रिका को हराकर कोलंबिया क्वार्टर फाइनल में



**ग्लेनडाले।** डेविंसन सांचेज और जॉन कोर्डोबा ने दूसरे हाफ में तीन मिनट के अंदर गोल किये जिससे कोलंबिया ने कोस्टा रिका पर 3-0 से जीत के साथ कोपा अमेरिका कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. कोलंबिया ने ग्रुप डी मैच की शुरुआत से ही दबदबा कायम किया. लुइस डाज ने पेनल्टी को गोल में बदल कर टीम को 31वें मिनट में बढ़त दिला दी. सांचेज और कोर्डोबा ने दूसरे हाफ में मैच के 59वें और 62वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया.

## कोई प्रायोजक नहीं, जूझ रही है लिली दास

भाषा। पंचकुला (हरियाणा)



धाविका लिली दास ने जब 2016 में भारतीय एथलेटिक्स में शुरुआत की थी तो उन्हें उम्मीद की किरण के तौर पर देखा जा रहा था, लेकिन चीजें इतनी अच्छी नहीं रहीं और आठ साल बाद भी वह अपने पहले सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदक की कोशिश में जुटी हैं. प्रायोजकों की कमी के कारण लिली शीर्ष स्तर पर अपनी काबिलियत नहीं दिखा सकी हैं, लेकिन 2016 में फेडरेशन कप की जूनियर स्तर की 1500 मीटर स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाली पश्चिम बंगाल की यह एथलीट अभी हार मानने को तैयार नहीं है.

छब्बीस साल की लिली ने पोलैंड के बिडगोस्ज में 2016 विश्व जूनियर चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था, जिसमें भाला फेंक ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता था. इसमें लिली 1500 मीटर के फाइनल में 10वें स्थान पर रही थीं. इसी साल लिली ने एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप में 800 मीटर और 1500 मीटर दोनों में स्वर्ण पदक जीते थे, लेकिन सीनियर स्तर पर उन्होंने 2019 दक्षिण एशियाई खेलों की 800 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के अलावा कोई अंतरराष्ट्रीय पदक नहीं जीता है.

लिली ने शनिवार को पीटीआई से कहा, मैंने जूनियर स्तर पर अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं लेकिन सीनियर स्तर पर अंतरराष्ट्रीय पदक नहीं जीत पा रही.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** — लग्न में चंद्रमा मंगल का योग है. यात्रा में सावधानी रखें, नुकसान हो सकता है. वाद विवाद से प्रतिष्ठा में कमी आयेगी. जोखिम-जमानत के कार्य न करें. खर्चों में अधिक बढ़ोतरी न करें.काम काज सामान्य रहेगा. गाय को हरा चारा दें.

**वृषभ** — नेत्र में कुछ कष्ट हो सकता है. साथ ही खर्च अधिक होगा. विरोधी हार मानेंगे. राजकीय कार्यों में गति आएगी. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता मिलेगी. निवेशादि लाभ देंगे. संतान की तरक्की से मन प्रसन्न रहेगा. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**मिथुन** — भाई के लिए कल शाम का समय ठीक है. पर जल्दबाजी में लिए हुए निर्णय ठीक नहीं होंगे, सोच-समझकर निर्णय लें. सुख के साधनों की चिंता हो सकती है. संपत्ति के कार्य सफल होंगे. कोई बड़ा कार्य होगा.

**कर्क** — धन के आगमन से मन प्रसन्न होगा. समय अनुकूल है. कर्म और भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा. कार्य और प्रभाव से पराक्रम में वृद्धि होगी. विद्यार्थी वर्ग अल्प प्रयास से सफलता मिलेगी. निवेशादि से लाभ होगा.

**सिंह** — धर्म में मन लगेगा. भाग्य के बल से कार्य होगा. कोशिश करने से कार्य बनेंगे.परिश्रम द्वारा सफलता मिलेगी, किसी वाद विवाद से बचने का प्रयास करें. व्यापार-व्यवसाय में अचानक लाभ के योग हैं.

**कन्या** — किसी से बिना वजह का विवाद हो सकता है. समय सामान्य है. कोई कार्य या बोलने से पहले सोच समझ लें. खर्च बढ़ सकता है. पराक्रम में वृद्धि होगी. निवेश करने के लिए समय सही है. रोजगार प्राप्ति हो सकती है. यात्रा शुभ रहेगी.

**तुला** — व्यापार में लाभ का योग है. कार्य की गति को तेज करें. जीवनसाथी के चलते प्रतिष्ठा बढ़ेगी.परिवार का सुख सहयोग मिलेगा.निवेशादि से लाभ होगा. रोजगार प्राप्ति हो सकती है. बौद्धिक कार्य सफल होंगे. दूसरों की देखादेखी नहीं करें.

**वृश्चिक** — समय सामान्य है. बहुत जरूरी नहीं हो तो ऋण लेने से बचें. मौसमी बीमारियों से बचाव की आवश्यकता है. कोई छोटी और धार्मिक यात्रा शुभ होगी. निवेशादि लाभदायक रहेंगे, व्यापार अच्छा चलेगा. लड्डू का भोग बजरंगबली को लगावें.

**धनु** — गलत संगत से बचना चाहिए. ज्यादा आत्मविश्वास घातक है. व्यय बढ़ने से क्लेश हो सकता है. निर्णय सोच समझ कर लें, जोखिम न लें. प्रतिष्ठित व्यक्ति से भेंट हो सकती है. परीक्षा प्रतियोगिता में ध्यान देने की आवश्यकता है.

**मकर** — किसी महिला के स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है. रुका हुआ धन प्रयास से वापस आएगा. यात्रा शुभ रहेगी. निवेशादि से लाभ होगा. कार्य व्यवसाय में सफलता की संभावना है. सुख का सामान एकत्र होगा.

**कुंभ** — समय बहुत ही उत्तम है. कोई बड़ा कार्य होने से मन प्रसन्न होगा. भाई का सहयोग मिलेगा. राजकीय कार्यों की रुकावटें दूर होंगी. निवेशादि से लाभ होगा.नौकरी इन्टरव्यू में सफलता मिलेगी. रुके हुए काम बन सकते हैं.

**मीन** — क्रोध में वृद्धि होगी. परिवार में किसी से विवाद हो सकता है. समय अनुकूल है. बिगड़ते कार्य बनने लगेंगे. निवेशादि लाभ देंगे. कार्य व्यवसाय ठीक चलेगा.वाहन का प्रयोग सावधानी से करें. गुरु मंत्र का जाप करें.

## विशेष लोक अदालत : जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा-
# मुआवजे का मतलब सिर्फ पैसों का भुगतान नहीं...

संवाददाता। रांची/धनबाद

झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष और हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की पहल पर शनिवार को झारखंड के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकारों में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया. इसमें भूमि अधिग्रहण, बीसीसीएल, सीसीएल, बैंक, म्यूटेशन, सेटलमेंट तथा अन्य रेवेन्यू मामलों का निपटारा किया गया. झालसा द्वारा इसके लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम धनबाद के बीसीसीएल सभागार कोयला नगर में आयोजित किया गया. इस विशेष लोक अदालत का उद्घाटन हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, जस्टिस आनंद सेन और न्यायाधीश प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया.



**भूमि अधिग्रहण, बीसीसीएल, सीसीएल, बैंक, म्यूटेशन, सेटलमेंट सहित अन्य रेवेन्यू मामलों का निपटारा किया गया**

**नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया :** विशेष लोक अदालत में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि मुआवजा का अर्थ केवल यह नहीं कि उन्हें रुपए का भुगतान कर दिया जाये, बल्कि मुआवजा का अर्थ यह भी है कि सामाजिक सुरक्षा के तहत उनके परिवार के जीवन यापन और उन्हें रहने के लिए छत की व्यवस्था करना. उन्होंने धनबाद की डीसी और बीसीसीएल के सीएमडी से अनुरोध किया कि वह मुआवजा संबंधित विवादों का निस्तारण तीस दिनों के अंदर करें ताकि लोगों को समुचित लाभ मिल सके और वह दर -दर की ठोकर खाने से बच जाये. इसके बाद नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें अग्नि प्रभावित क्षेत्रों से विस्थापित किये गये लोगों के दर्द को दिखाया गया, डालसा के प्रयास से उन्हें नया घर मिला.

**धनबाद में कोयला उत्खनन व भू-अधिग्रहण के ज्यादातर मामले पाये गये**

जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि धनबाद में कोयला उत्खनन व भू अधिग्रहण के ज्यादातर मामले पाये गये, जिसमें लोगों को समय पर मुआवजा नहीं मिल पाया था, इस कारण धनबाद को ही विशेष आयोजन के लिए चुना गया. उन्होंने जिला प्रशासन एवं समस्त पीएसयू कंपनी के अधिकारियों को सुझाव दिया कि पीड़ितों की जगह वह खुद को रखकर देखें, तब जाकर समस्या का जल्द से जल्द समाधान होगा. इस राज्य स्तरीय विशेष लोक अदालत में कुल 6084417834 रुपये का सेटलमेंट एवं कुल 577375 मामलों का निष्पादन हुआ.

## सबसे अधिक गृह कारा विभाग के कर्मचारियों का सर्विस बुक वेरिफिकेशन नहीं हुआ
# 33,232 सरकारी कर्मचारियों के सर्विस बुक का वेरिफिकेशन ही नहीं

रवि भारती। रांची

राज्य सरकार में मैनपावर की कमी की वजह से कई सरकारी कार्यों में देरी हो रही है. वहीं राज्य के 33232 कर्मचारियों का सर्विस बुक वेरिफिकेशन( सत्यापन) नहीं हो पाया है. ऐसे में इन कर्मचारियों के सेवानिवृति लाभ और प्रमोशन में परेशानी हो सकती है. सबसे अधिक गृह कारा विभाग के 8120 कर्मचारियों के सर्विस बुक का वेरिफिकेशन नहीं हो पाया है. वहीं स्कूली शिक्षा विभाग के 6874 कर्मियों के सर्विस बुक का वेरिफिकेशन नहीं हुआ है.




**खास बातें**

- रिटायरमेंट बेनिफिट और प्रमोशन में हो सकती है परेशानी
- गृह-कारा विभाग के 8120 कर्मियों का नहीं हुआ है वेरिफिकेशन

| विभाग | वेरिफिकेशन | लंबित वेरिफिकेशन | विभाग | वेरिफिकेशन | लंबित वेरिफिकेशन |
|---|---|---|---|---|---|
| कृषि | 537 | 301 | उत्पाद | 157 | 38 |
| पशुपालन | 1163 | 623 | खाद्य आपूर्ति | 40 | 32 |
| सहकारिता | 209 | 322 | वन विभाग | 1655 | 1651 |
| भवन | 70 | 180 | स्वास्थ्य | 7342 | 1481 |
| मंत्रिमंडल निर्वाचन | 02 | 14 | उच्च शिक्षा | 08 | 435 |
| कैबिनेट सचिवालय | 09 | 27 | उद्योग | 95 | 218 |
| मंत्रिमंडल निगरानी | 01 | 09 | जनसंपर्क | 69 | 25 |
| सिविल एविएशन | 08 | 01 | श्रम | 618 | 219 |
| वाणिज्यकर | 14 | 400 | विधि | 91 | 2213 |
| आपदा प्रबंधन | 42 | 86 | खान विभाग | 87 | 136 |
| गृहकारा | 63042 | 8120 | कार्मिक | 1548 | 1179 |
| पेयजल | 1218 | 440 | स्कूली शिक्षा | 47055 | 6874 |
| ऊर्जा | 23 | 169 | | | |

**24 जिलों के डीसी ऑफिस के 2295 कर्मियों का भी वेरिफिकेशन नहीं :** राज्य के 24 जिलों के 2295 कर्मियों के सर्विस बुक का वेरिफिकेशन नहीं हो पाया है. दुमका में 108, बोकारो में 88, चतरा में 73, देवघर में 42, धनबाद में 74, पूर्वी सिंहभूम में 66, गढ़वा में 108, गिरिडीह में 131, गोड्डा में 117, गुमला में 263, हजारीबाग में 122, जामताड़ा में 64, खूंटी में 28, कोडरमा में 65, लातेहार में 38, लोहरदगा में 95, पाकुड़ में 58, पलामू में 201, रामगढ़ में 37. रांची में 117, साहिबगंज में 22, सरायकेला-खरसावां में 209, सिमडेगा में 19 और पश्चिमी सिंहभूम के डीसी ऑफिस में काम कर रहे 150 कर्मियों के सर्विस बुक का वेरिफिकेशन नहीं हो पाया है.

# प्रतिभा चयन ट्रायल संपन्न 1400 खिलाड़ी हुए शामिल



चयन प्रक्रिया में शामिल खिलाड़ी.

खेल संवाददाता। रांची

झारखंड खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एकलव्य केंद्रों) के लिए चयन ट्रायल चल रहा है. दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय स्तर (रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा) पर दो दिवसीय प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता के दूसरे दिन लगभग 800 खिलाड़ी ने ट्रायल में भाग लिया. पहले दिन लगभग 600 खिलाड़ी शामिल हुए थे. दो दिनों में लगभग 1400 खिलाड़ियों ने अपना सभी कौशल्य का बैटरी टेस्ट दिया. विभाग द्वारा आयोजित आवासीय क्रीड़ा केंद्र, सीएम एक्सीलेंस केन्द्र (एकलव्य केंद्र) में फुटबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, तीरंदाजी, हॉकी खेल में रिक्त स्थानों को भरा जाएगा.

दूसरे दिन हॉकी में 443 , फुटबॉल में 173 , आर्चरी में 069 , एथलेटिक्स में 78 , बैडमिंटन में 15 कुल 778 खिलाड़ियों ने ट्रायल में भाग लिया. इस चयन प्रतियोगिता के दूसरे दिन जिला खेल पदाधिकारी, रांची शिवेंद्र कुमार ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित कर सरकार की सारी सुविधाओं बारीकी से जानकारी दी.

जिला खेल समन्वयक आशीष कुमार बनर्जी ने चयन प्रतियोगिता के दौरान सभी आवश्यक सामग्री को उपलब्ध कराने में सहयोग किया. जबकि चयन प्रतियोगिता का संचालन खो-खो प्रशिक्षक अजय झा ने किया. इस अवसर पर विभाग के प्रशिक्षक भरत कुमार साहू,संजू कुमार, सौरभ कुमार,अंजलूस तिर्की, सुनील महली,वीणा केरकेट्टा,करम मुंडा, जेम्स पूर्ति, हसन अंसारी,काली चरण महतो, करुणा पूर्ति,सोना राम चाम्पिया,गोपाल तिर्की,रेमेण्ड मिंज, राजू साहू, तपन कुमार राउत, हरीश कुमार, शिशिर कुमार सहित कई अन्य प्रशिक्षक के साथ विभाग के बिरसी मुंडू, मुकेश कुमार ने काफी सहयोग कर दूसरे दिन के चयन प्रक्रिया को सफल पूर्वक संपन्न कराया.

## परमेश्वर की भक्ति से ही मिल सकती है सुख-शांतिः स्वामी

**खूंटी।** खूंटी जिला संतमत सत्संग समिति के तत्वावधान में मुरहू सहित सीमावर्ती पश्चिमी सिंहभूम के विभिन्न गांवों में आयोजित सात दिवसीय सत्संग कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ. सत्संग कार्यक्रम में महर्षि मेंही आश्रम भागलपुर के स्वामी प्रमोद जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य धरती का मालिक भी बन जाए, तो भी सुखी जीवन नहीं जी सकता. जैसे बालक को जितना मनाओ, लेकिन मां के गोद में ही वह सुरक्षित-निश्चिंत महसूस करता है. वैसे ही परमात्मा हमारे परम पिता हैं, उसी की एकमात्र भक्ति से हमें सुख शांति मिल सकती है. गौतम बुद्ध का उदाहरण देते हुए उन्होने कहा कि यशोधरा ने गौतम बुद्ध से कहा कि भक्ति घर में भी हो सकती थी. अतः कहीं भटकने की जरुरत नहीं है, बस सद्गुरू की युक्ति जानकर भक्ति करें. मांस मदिरा आदि के सेवन पर उन्होंने कहा कि जैसे गंदे पात्र में भोज्य पदार्थ नहीं रखते,उसी प्रकार शरीर में मांसाहार शराब आदि रहने से हमारा अंतर्मन अशुद्ध हो जाता है.

## खूंटी : मासिक लोक अदालत में 12 मामलों का निष्पादन किया गया

**खूंटी।** खूंटी के प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष संजय कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय खूंटी में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया. मासिक लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए चार बैंचों का गठन न्यायालय में लंबित मामलों और प्रीलिटिगेशन से संबंधित मामलों का निस्तारण किया गया. डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि लोक अदालत में चार बैंचों के माध्यम से 12 मामलों का निष्पादन किया गया. इस अवसर पर प्रथम बेंच-जिला जज प्रथम संजय कुमार, राकेश कुमार मिश्रा, प्राची मिश्रा, मनोरंजन कुमार, मुकुल कुमार पाठक और कविता कुमारी, कुमारी विद्यावती, आशीष कुमार और सुमित कुमार कश्यप, चतुर्थ बेंच में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केके सिंह एवं सदस्य मधु चंदा कुमारी, पैनल अधिवक्ता शशि कला कुमारी आदि शामिल थे.

## 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को मिलेगा एक हजार रुपये प्रतिमाह पेंशनः मंत्री



जनकल्याणकारी योजनाओं के स्वीकृति पत्र का वितरण करते मंत्री सत्यानंद भोक्ता.

संवाददाता। चतरा

राज्य के श्रम, नियोजन-प्रशिक्षण एवं उद्योग मंत्री सत्यानन्द भोक्ता तीन दिवसीय दौरे पर शनिवार को चतरा पहुंचे. उन्होंने चतरा सदर प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया. अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव ने मंत्री का स्वागत किया. इसके बाद मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. मौके पर मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार बेहद संवेदनशील है. गरीबों के लिए सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है. समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि झारखंड में 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलेगा. मंत्री ने कहा कि कैबिनेट से 200 यूनिट बिजली फ्री देने का प्रस्ताव स्वीकृत हो गया है. यह देशभर में ऐतिहासिक निर्णय है. हमारी सरकार हरेक क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है. युवाओं को सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में बड़े पैमाने पर रोजगार से जोड़ा गया है. आने वाले चार माह के दौरान चालीस हजार युवक-युवतियों को सरकारी नौकरी से जोड़ा जाएगा. योग्य लाभुकों के बीच अबुवा आवास, सर्वजन पेंशन योजना, श्रम विभाग निबंधन कार्ड, जॉब कार्ड, छात्रवृत्ति योजना, साइकिल वितरण योजना, बकरी विरतण योजना, गव्य विकास योजना के तहत दुधारू गाय समेत अन्य कई जनकल्याणकारी योजनाओं का स्वीकृति पत्र, करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया.

## बिजली को लेकर भाजपा ने किया आर्थिक नाकेबंदी

**चतरा।** निर्बाध बिजली आपूर्ति और अन्य मांगों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने टंडवा में आर्थिक नाकेबंदी कार्यक्रम की शुरूआत की. चतरा सांसद कालीचरण सिंह और सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम शनिवार से शुरू हुआ. विधायक किशुन दास के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने टंडवा प्रखंड मुख्यालय में आक्रोश रैली निकाली. विभिन्न चौक चौराहों और मार्गों का भ्रमण करते हुए रैली बाइपास में धरनास्थल पर पहुंची. यहां सभा का भी आयोजन हुआ. आर्थिक नाकेबंदी कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय एवं अन्य ने सक्रिय भूमिका निभाई. बिजली के मुद्दे पर किए जा रहे आंदोलन का टंडवा के व्यवसायियों ने भी समर्थन दिया. उन्होंने अपनी दुकानें और अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रखे. आंदोलनकारियों ने कोयला ट्रांसपोर्टिंग भी ठप करा दिया है.

## पलामू में दिखा मॉनसून का असर
# 56.6 एमएम हुई बारिश, गर्मी से मिली राहत

संवाददाता। पलामू

मानसून ने पलामू समेत पूरे झारखंड को कवर कर लिया है. इसका असर भी शनिवार दोपहर देखने को मिला. दोपहर तीन बजे घने बादलों के छाने से शाम सात बजे का नजारा दिखा. मेदिनीनगर और आस पास के क्षेत्रों में दोपहर तीन बजे से बारिश हो रही है. इस बीच मौसम विभाग ने पिछले 24 घंटे (शुक्रवार शाम 5.30 बजे से शनिवार शाम 5.30 बजे तक) के दौरान 56.06 एमएम बारिश रिकार्ड किया है. हालांकि जिले के हुसैनाबाद, छतरपुर इलाके में बारिश नहीं हुई. बादल छाए हुए हैं.

बता दें कि मानसून का असर राज्य के कई हिस्सों में दिखने लगा है. मौसम विभाग ने 30 जून को राज्य के 13 जिलों में बारिश की संभावना जताई है. इनमें पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, और लोहरदगा शामिल है. मौसम विभाग के मुताबिक, यहां भारी वर्षा होगी.



बारिश से एक घर में पानी घुस गया.

दोपहर 3 बजे बादलों के छाने के बाद बारिश शुरू हुई और शाम 6 बजे तक लगातार होती रही. बारिश से जहां तेज गर्मी से राहत मिली, वहीं नालियों का कचरा सड़क पर आ गया. जो नाले एवं नाली साफ नहीं थे, उसका गंदा पानी कई लोगों के घरों में घुस गया. बिजली गुल रही. शहर के पहाड़ी मोहल्ला स्थित गोसिया मदरसा के पास एक दर्जन घरों में नाले का पानी घुस गया. 2 से 3 फीट तक पानी सारे कमरे में जम गए. किचन, बैडरूम सहित अन्य कमरे में गंदा पानी घुसने से लोगों में अफरा तफरी मची रही. खाना से लेकर अन्य सामान बर्बाद हो गए. बदबू के कारण कमरे में टिक पानी मुश्किल हो रहा था. घर के लोगों ने किसी बाल्टी सहित अन्य संसाधन के गंदे पानी को बाहर निकाला.

## सदर अस्पतालकर्मी को लूटनेवाले दो लुटेरे पकड़ाए

**पलामू।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डालटनगंज-गढ़वा मुख्य पथ पर मंगरदाहा घाटी में पलामू सदर अस्पतालकर्मी हैदर अली से बाइक, नगद 1500, मोबाइल लूटने वाले दो लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है. एक अभी भी फरार है. पुलिस उसकी गिरफ्तारी में जुटी हुई है. लुटेरों के पास से लूट में इस्तेमाल एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली, चाकू बरामद किया गया है, जबकि लूटी गई बाइक भी बरामद कर ली गई है.

## पेज एक का शेष

**नीट मामले पर पीएम चुप क्यों...**

उन छात्रों से एडवांस में पैसे और ब्लैंक चेक लिए गए. साथ ही, उनसे कहा गया कि वे नीट के लिए फॉर्म भरते समय सेंटर के लिए जय जलाराम स्कूल गुजराती मीडियम का नाम लिखें. उन्होंने दावा किया कि पहले से यह सौदा किया गया था कि जब छात्रों को दाखिला मिल जाएगा, तो ब्लैंक चेक में राशि भरी जाएगी. गोहिल ने आरोप लगाया, पेपर लीक मामले का पहला आरोपी तुषार भट्ट है, जो जय जलाराम स्कूल में पढ़ाता है और नीट में परीक्षा केंद्र का डिप्टी सुपरिटेंडेंट था. दूसरा आरोपी पुरुषोत्तम महावीर प्रसाद है जो इस स्कूल का प्राचार्य है. इनका काम परीक्षा खत्म होते ही पेपर को बक्से में सील कर तुरंत कूरियर करना था. लेकिन इन्होंने परीक्षा खत्म होने के बाद बक्से खोल कर पेपर में सही उत्तर टिक किए और फिर बक्सों को भेजा. उनका कहना है कि इस मामले में 3 लोग और पकड़े गए हैं, जिनके नाम परशुराम, विनोद आनंद, आरिफ वाहोरा हैं तथा इनका काम छात्रों के परिवार से पैसे लेने का था. गोहिल ने दावा किया कि आरिफ वाहोरा वहां भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे का उपाध्यक्ष है. उन्होंने सवाल किया, सरकार ने पेपर लीक मामले में सब जानते हुए भी सुप्रीम कोर्ट में झूठ क्यों बोला? पुलिस जांच में सारे सबूत सामने आने के बाद भी शिक्षा मंत्री ने क्यों कहा कि नीट में कोई धांधली नहीं हुई है.

**जब भोगनाडीह गांव में बजा...**

अब राज हमारा है. हम रखेंगे अपनी माटी की लाज. हम यहां एक भी अंग्रेज या शोषक को रहने नहीं देंगे. हम अपना ऐसा युद्ध कौशल दिखायेंगे कि अंग्रेज अपनी जान बचाने के लिए खुद ही देश को छोड़ कर भाग खड़े होंगे.' उनके इस आह्वान पर हजारों संतालों की भीड़ उत्साह से सराबोर हो गयी. अब किसी को अन्याय बर्दाश्त नहीं था. उनकी रगों में गरम खून दौड़ रहा था. एक बार फिर गूंजा अबुआ दिशुम अबुआ राज का नारा, जिससे आसमान कांप उठा. इसी बीच महाजन, पुलिस, जमींदार, सरकारी अमला के साथ ही नीलहे गोरों को मार भगाने का संकल्प लिया गया. साथ ही निर्णय किया गया कि वे अब लगान नहीं देंगे और सरकारी आदेश नहीं मानेंगे. नीलहे गोरों ने नील की खेती के लिए संथालों को उत्साहित किया था, पर शीघ्र ही उनका शोषण शुरू हो गया था, जो बढ़ता ही गया. संथाल उनसे भी क्रोधित थे. तीर-धनुष, भाला, कुल्हाड़ी, तलवार, फरसा, टांगी, गुलेल लिए संथालों की भीड़ अंग्रेजी हुकूमत और जमींदारों के खिलाफ उतावली होने लगी और हो गया संथाल हूल विद्रोह का ऐलान. दिकुओं के खिलाफ ऐलान-ए-जंग. सभा समाप्त हुई.

(झारखंड के वीर शहीद से)

## मिलन समारोह | जेबीकेएसएस के कार्यकर्ता मिलन समारोह में दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की
# राज्यहित के मुद्दों पर लड़ेंगे विधानसभा चुनावः जयराम महतो

संवाददाता। रामगढ़

मायल स्थित उर्दू स्कूल के समीप शनिवार को जेबीकेएसएस का कार्यकर्ता मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो एवं विशिष्ठ अतिथि केंद्रीय महासचिव फरजान खान, केंद्रीय उपाध्यक्ष संतोष टुडू मौजूद थे. जयराम महतो ने कहा कि विधानसभा का चुनाव राज्य के मुद्दों पर लड़ेंगे.

उन्होंने कहा कि झारखंड का सबसे ज्वलंत मुद्दा परीक्षाओं के पेपर लीक का है, जिससे छात्रों में निराशा है. राज्य के छात्रों की हताशा आगामी विधानसभा चुनाव में हमारा एक महत्वपूर्ण मुद्दा होगा. अगर हम सरकार में आते हैं, तो हम सबसे पहले परीक्षाओं में पारदर्शिता लाएंगे. फ्री एंड फेयर एग्जाम लिए जाएंगे. अगर उसमें कोई गड़बड़ी सामने आती है, तो फिर चाहे कोई भी उच्च अधिकारी हो, उन्हें बर्खास्त किया जाएगा. किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. जयराम महतो ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव की तैयारी अभी से ही शुरू कर देने की अपील भी की.

**बोले जसयराम**

- परीक्षाओं के पेपर लीक होना झारखंड का सबसे ज्वलंत मुद्दा
- अगर हमारी सरकार बनी, तो परीक्षाओं में पारदर्शिता लाएंगे



जेबीकेएसएस के कार्यकर्ता मिलन समारोह में जयराम महतो व अन्य.

**झारखंड को लूटनेवाले नेताओं को जनता देगी जवाब :** जेबीकेएसएस सुप्रीमो ने कहा कि झारखंड में इस बार बड़ा बदलाव होगा. जिन-जिन पार्टी के नेताओं ने झारखंड को लूटने और जनता को ठगने का काम किया हैं, इस बार के चुनाव में जनता मुंहतोड़ जवाब देगी. जनता जेबीकेएसएस को उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है. उसकी उम्मीद को कभी टूटने नहीं देंगे. कार्यक्रम का संचालन जेबीकेएसएस नेता तनवीर आलम ने किया. मौके पर संतोष चौधरी, डॉ राजेश, संतोष प्रजापति, अशोक चौधरी, मुख्तार अंसारी, हाजी नसीम, हाजी जिलानी, मुजाहिद आलम, प्रदीप कुमार, अमन कुमार, अमजद अली, तौकीर आलम, ऐनुल अंसारी, मो खलील, अब्दुल रहमान, काउनेन अहमद, नवाजउल्लाह सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे.

**जयराम के नेतृत्व में अगली सरकार : तनवीर**

जेबीकेएसएस के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी तनवीर आलम ने कहा कि 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव में परिवर्तन निश्चित है. इस बार टाइगर जयराम महतो के नेतृत्व में झारखंड में सरकार बनेगी. जेबीकेएसएस ही झारखंड का विकास कर सकता है. उन्होंने कहा कि जेबीकेएसएस झारखंड के हर मुद्दों को लेकर आवाज उठा रही है और आगे भी उठाती रहेगी.

**आजसू छोड़ कर थामा जेबीकेएसएस का दामन**

कार्यकर्ता मिलन समारोह में आजसू पार्टी को छोड़ कर कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जेबीकेएसएस का दामन थामा. इनमें आजसू जिला उपाध्यक्ष नौशाद अख्तर, अबुसमा अंसारी, निसार अंसारी, मो जाहिद उर्फ सोनू, मो जियाउल अंसारी, साजिद असद, मो साहिल सहित दर्जनों नेता-कार्यकर्ता शामिल थे.

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लेख लिखा

# लोस चुनाव में मोदी की व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार हुई

एजेंसी। नयी दिल्ली

2024 के लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी की व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार हुई है. खुद को ईश्वरीय शक्ति घोषित करने वाले पीएम मोदी के लिए चुनाव परिणाम उनकी घृणा की राजनीति का अस्वीकरण था. पीएम मोदी सहमति की बात करते हैं, लेकिन टकराव का रास्ता अख्तियार करते हैं. कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने द हिंदू में लिखे अपने आर्टिकल में यह बात कही है. अपने लेख में सोनिया ने मोदी सरकार पर जमकर हल्ला बोला है. सोनिया ने लिखा कि प्रधानमंत्री ने चुनाव के दौरान अपने भाषणों में अपने पद की मर्यादा का ख्याल नहीं किया. झूठ बोला और सांप्रदायिक बातें कहीं. मणिपुर जलता रहा लेकिन प्रधानमंत्री वहां जाने का समय नहीं निकाल पाये. प्रधानमंत्री के 400 पार के नारे को जनता ने नकार दिया. इस पर पीएम को आत्म विश्लेषण करना चाहिए.



### लोकसभा चुनाव में सत्ता पक्ष पहले से कमजोर हुआ है

माना जा रहा है कि इस लोकसभा चुनाव में सत्ता पक्ष पहले से कमजोर हुआ है, वहीं विपक्ष पहले से अधिक मजबूत हुआ है. इसका नजारा लोकसभा सत्र के दौरान दिख रहा है, जहां एक ओर सरकार के साथ-साथ प्रधानमंत्री मोदी विपक्ष पर हमलावर हैं, वहीं विपक्ष नीट पेपर लीक सहित अन्य मुद्दों पर सरकार को घेर रहा है. संसद में पीएम मोदी के आपातकाल का जिक्र कर कांग्रेस के जले में नमक छिड़कने की कोशिश की तो विपक्ष ने नीट मामले में सरकार को घेरने की कवायद शुरू की. संसद चल नहीं पायी.

### उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को मिलना चाहिए

सोनिया गांधी ने अपने लेख में लिखा कि सरकार ने जब हमसे स्पीकर चुनाव में समर्थन मांगा तो हमने उनसे मांग की कि परंपरा के अनुसार उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को मिलना चाहिए, लेकिन सरकार (मोदी) ने हमारी मांग नहीं मानी. प्रधानमंत्री ने इमरजेंसी का जिक्र किया. स्पीकर ने भी ध्यान भटकने के लिए वही काम किया. सोनिया इसका जवाब देते हुए लिखा कि मार्च 1977 में देश के लोगों ने इमरजेंसी लगाये जाने पर अपना फैसला सुनाया था, जिसे हमारे द्वारा स्वीकार किया गया था.

### सोनिया गांधी ने नीट को घोटाला करार दिया

सोनिया गांधी ने नीट को घोटाला करार देते हुए लिखा कि इससे हमारे लाखों युवाओं के जीवन पर कहर बरपाया है. लेकिन शिक्षा मंत्री ने प्रतिक्रिया से नजर आया कि जो कुछ भी हुआ है, उसकी गंभीरता को नकारा जाए. परीक्षा पे चर्चा करने वाले प्रधानमंत्री मोदी देश भर में इतने सारे परिवारों को तबाह करने वाले पेपर लीक पर स्पष्ट रूप से चुप्पी साधे बैठे हैं. सोनिया गांधी ने अपने लेख में आरोप लगाया कि भारत के अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा और धमकी का अभियान एक बार फिर तेज हो गया है. भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में, बुलडोजर फिर से अल्पसंख्यकों के घरों को महज आरोपों के आधार पर ध्वस्त कर रहे हैं. प्रक्रिया का उल्लंघन कर रहे हैं और उन्हें सामूहिक दंड दे रहे हैं.

नाग अश्विन की 'कल्कि 2898 एडी'

# दो दिनों में वैश्विक स्तर पर की 298.5 करोड़ की कमाई

एजेंसी। नयी दिल्ली



नाग अश्विन की उड़ी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' ने वैश्विक स्तर पर दो दिनों में 298.5 करोड़ रुपये की कमाई की. फिल्म के निर्माताओं ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. हिंदू महाकाव्य महाभारत और विज्ञान कथा का मिश्रण कही जाने इस फिल्म का निर्माण वैजयंती मूवीज ने किया है और यह बहुराष्ट्रीय को छह भाषाओं में तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, हिंदी और अंग्रेजी में रिलीज हुई. इसमें प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे कलाकार हैं, साथ ही दिशा पटानी, शाश्वत चटर्जी और शोभना ने भी इस फिल्म में अभिनय किया है. पहले दिन फिल्म ने 'ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन (जीबीओसी)' में 191.5 करोड़ रुपये की कमाई की और शुक्रवार को 107 करोड़ रुपये कमाए. वैजयंती मूवीज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्टर के माध्यम से फिल्म के पहले दिन के आंकड़े साझा किए जिसमें बताया गया कि कल्कि 2898 एडी ने दो दिनों में 'ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन (जीबीओसी)' में 298.5 करोड़ रुपये कमाए हैं.

## ब्रीफ खबरें

### नेपाल में भूस्खलन से नौ लोगों की मौत

**काठमांडू ।** नेपाल के पर्वतीय जिलों में शनिवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक पूरे परिवार के सभी सदस्यों सहित कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई. गुल्मी जिले के मलिका गांव में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई. मृतकों में एक दंपती, उनकी बहू और आठ महीने की बच्ची सहित दो पोते-पोती शामिल थे. पड़ोसी बागलुंग जिले में दो और स्यांगजा जिले में दो और लोगों की मौत हो गई.

### यमन के हूती विद्रोहियों ने पोत पर किया हमला

**दुबई ।** यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजर रहे एक पोत पर शुक्रवार को मिसाइल हमले किए. ब्रिटेन की सेना के समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने यह जानकारी दी. हूती विद्रोही इस अहम समुद्री मार्ग पर पोतों को कई बार निशाना बना चुके हैं. यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन (यूकेटीएमओ) केंद्र ने बताया कि यमन में विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा के तट से गुजर रहे पोत के पास पांच मिसाइल गिरीं.

### वैन ने पार्लर को मारी टक्कर, चार की मौत

**डियर पार्क (अमेरिका)।** अमेरिका के लॉन्ग आइलैंड में एक मिनी वैन ने शुक्रवार को एक पार्लर को टक्कर मार दी, जिससे चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए. सफोक काउंटी के एक अग्निशमन अधिकारी ने यह जानकारी दी. यह घटना शाम करीब चार बजकर 40 मिनट पर हुई. लेफ्टिनेंट केविन हेसेनबुटेल ने बताया कि इस घटना में मारे गए और घायल हुए सभी लोग पार्लर के अंदर थे. उन्होंने बताया कि यह घटना दुर्घटनावश हुई या इसे इरादतन अंजाम दिया गया.

### दो वाहनों में टक्कर सात लोगों की मौत

**जालना (महाराष्ट्र) ।** महाराष्ट्र के जालना जिले में मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे पर दो कार की टक्कर होने से सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं. मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे को समृद्धि एक्सप्रेसवे के नाम से भी जाना जाता है. पुलिस ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे कदवांची गांव के निकट हुआ. उसने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले लोग मुंबई के मलाड (पूर्व) और बुलढाणा जिले के निवासी थे.

दिल्ली के बाद गुजरात के राजकोट में बड़ा हादसा

# भारी बारिश के चलते एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर की छत ढही

एजेंसी। राजकोट



राजकोट एयरपोर्ट

गुजरात के राजकोट एयरपोर्ट पर शनिवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया. यहां भारी बारिश के चलते राजकोट एयरपोर्ट की छत का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया. बताया जा रहा है कि एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर पैसेंजर पिकअप और ड्रॉप एरिया में कैनोपी (छतरी) गिर गई. जुलाई 2023 में इसका लोकार्पण हुआ था. गनीमत रही की हादसे के वक्त वहां कोई मौजूद नहीं था. वरना दिल्ली जैसा हादसा हो सकता था.

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, छत पर भरे पानी को बाहर निकालने के लिए रखरखाव कार्य के दौरान यह ढह गई. हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है. गौरतलब है, एक दिन पहले ही दिल्ली में भी ऐसा ही हादसा हुआ था. टर्मिनल-1 की छत गिरने से एक कैब ड्राइवर की जान चली गई थी. हादसे में छह लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे. एयरपोर्ट की छत का एक हिस्सा अचानक गिर गया था, जिसकी चपेट में आकर कई कारें दब गईं. हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के समय जब कारों पर लोहे के बीम गिरे तो अफरातफरी मच गई और लोग मदद के लिए चिल्लाते हुए नजर आए.

वहीं, गुरुवार को जबलपुर एयरपोर्ट का भी शेड गिर गया था. इस घटना का वीडियो शेयर करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि जबलपुर में 450 करोड़ से नवनिर्मित डुमना एयरपोर्ट का शेड पहली ही बारिश में कार के ऊपर गिर गया, जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. तीन महीने पहले ही टर्मिनल का मोदी जी ने लोकार्पण किया था. उन्होंने लिखा था कि मोदी जी की गारंटी बस तीन महीने ही टिक पाई. जानकारी के मुताबिक, नवनिर्मित डुमना एयरपोर्ट का ऊपरी छज्जा अचानक गिर गया था. इस दौरान वह खड़ी एक अधिकारी की कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी. गनीमत रही कि किसी को कोई चोट नहीं आई. नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था. वहीं, इस मामले में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का बयान सामने आया है. मुझे इसकी जानकारी अभी नहीं है.

**किसी को कोई चोट नहीं आई :** मामला खमरिया थाना क्षेत्र का है.

### 10 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने किया था शुभारंभ

गौरतलब है कि 10 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जबलपुर में 450 करोड़ की लागत से बने डुमना नवनिर्मित एयरपोर्ट और ग्वालियर एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया था. महज तीन महीने के एयरपोर्ट का छज्जा टूटना निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है. गौरतलब है कि डुमना एयरपोर्ट की नई बिल्डिंग 450 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण हुआ था. इसका वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीन महीने पहले किया गया था. आयकर विभाग में किराए पर लगी गाड़ी क्रमांक एमपी-20 जेडसी-5496 सहायक आयुक्त को डुमना एयरपोर्ट में छोड़ने गई थी. ड्राइवर ने गाड़ी को गो एंड ड्रॉप एरिया में खड़ी की थी. अधिकारी को छोड़ने के लिए सभी एयरपोर्ट के अंदर चले गए थे. पूर्वान्ह 11.30 बजे फेब्रिक शेड कार पर गिर गया, जिसके कारण कार का ऊपरी हिस्सा व कांच पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए.

### दिल्ली में तेज बारिश होने की संभावना

**नयी दिल्ली ।** राजधानी में मानसून के पहुंचने के साथ बारिश के 88 वर्षों का रिकॉर्ड टूटने के एक दिन बाद शनिवार सुबह दिल्ली के कुछ हिस्सों में बारिश हुई. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिन में बादल छाये रहने और भारी बारिश होने का पूर्वानुमान किया है. आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचने की संभावना है. आर्द्रता का स्तर 80 प्रतिशत रहा. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक सुबह नौ बजे तक 108 के साथ मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया. शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है.

आप ने केजरीवाल की रिहाई को लेकर

# भाजपा मुख्यालय के निकट किया प्रदर्शन

एजेंसी। नयी दिल्ली



प्रदर्शन करते आप के कार्यकर्ता

आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई की मांग को लेकर यहां दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग स्थित भाजपा के मुख्यालय के निकट प्रदर्शन किया. केजरीवाल दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के सिलसिले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में हैं. इससे पहले, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था. उन्हें निचली अदालत से जमानत मिल गई थी जिस पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी थी. प्रदर्शनकारी डीडीयू मार्ग पर भाजपा मुख्यालय के निकट आप कार्यालय में एकत्र हुए और केजरीवाल की रिहाई की मांग करते हुए भाजपा के खिलाफ नारे लगाए. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को भाजपा मुख्यालय की ओर मार्च करने से रोकने की व्यवस्था की गई है क्योंकि विरोध प्रदर्शन के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी. अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए अवरोधक लगाए गए हैं और अर्धसैनिक बलों के जवानों को मौके पर तैनात किया गया है.

### एसबीआई के नए चेयरमैन शेट्टी बनेंगे

**नयी दिल्ली ।** सरकारी नियुक्ति चुनाव समिति वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन पद के लिए बैंक के वरिष्ठतम प्रबंध निदेशक सी एस शेट्टी के नाम की सिफारिश की है. शेट्टी को जनवरी, 2020 में प्रबंध निदेशक के तौर पर चुना गया था. वर्तमान में वे अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग, वैश्विक बाजार और प्रौद्योगिकी विभागों का कार्यभार संभालते हैं. वह दिनेश कुमार खारा का स्थान लेंगे, जो 28 अगस्त को सेवानिवृत्त हो जाएंगे. खारा की आयु 28 अगस्त को 63 वर्ष हो जाएगी, जो एसबीआई के चेयरमैन पद के लिए ऊपरी आयु सीमा है. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की तलाश करने वाली संस्था एफएसआईबी ने इस पद के लिए 29 जून, 2024 को तीन उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया.

राम पथ के निर्माण, सीवर लाइन बिछाने का मामला

# लापरवाही के आरोप में छह अधिकारी को किया निलंबित

एजेंसी। अयोध्या



उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या में 14 किलोमीटर लंबे राम पथ के निर्माण और सीवर लाइन बिछाने में घोर लापरवाही बरतने के आरोप में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) तथा उत्तर प्रदेश जल निगम के छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया है. पिछले शनिवार और मंगलवार रात हुई बारिश में यहां राम पथ के किनारे स्थित करीब 15 गलियां और सड़कें जलमग्न हो गयी थीं. राम पथ के किनारे स्थित घरों में न सिर्फ बारिश का पानी घुस गया, बल्कि नवनिर्मित राम पथ एक दर्जन से अधिक स्थानों पर धंस गया. राज्य सरकार ने इस मामले में अहमदाबाद स्थित कंपनी भुवन इंफ्राकॉम प्राइवेट लिमिटेड को भी नोटिस जारी किया है. विशेष सचिव विनोद कुमार ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ध्रुव अग्रवाल और सहायक अभियंता अनुज देशवाल को निलंबित करने के आदेश जारी किये. वहीं, कनिष्ठ अभियंता प्रभात कुमार पांडेय को निलंबित करने का आदेश पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता वीके श्रीवास्तव ने जारी किया. उत्तर प्रदेश जल निगम के प्रबंध निदेशक राकेश कुमार मिश्रा ने अयोध्या में पदस्थ अभियंता आनंद कुमार दुबे, राजेंद्र कुमार यादव और मोहम्मद शाहिद को निलंबित करने के आदेश जारी किये हैं.

सैन्य अभ्यास के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ा

# पांच जवान बहे, रेस्क्यू जारी

एजेंसी। लद्दाख



लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी इलाके में नदी में सैन्य अभ्यास करने के दौरान अचानक से नदी का जलस्तर बढ़ गया. अचानक पानी का स्तर बढ़ने से सेना का टैंक बह गया. टैंक में करीब चार से पांच जवान सवार थे. पीटीआई के अनुसार, टैंक अभ्यास के दौरान बाढ़ आने से पांच जवान पानी में बह गये हैं. इस हादसे में सेना के कुछ जवानों के शहीद होने की आशंका है. फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है. बता दें कि दौलत बेग ओल्डी में शुक्रवार को टैंक अभ्यास चल रहा था. इस दौरान वहां सेना के कई टैंक मौजूद थे. एलएसी के पास स्थित नदी में शनिवार सुबह तीन बजे सेना के जवानों को टैंक से नदी पार करने का अभ्यास कराया जा रहा था. तभी अचानक नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी का बहाव तेज हो गया और टैंक पानी में बह गया. जानकारी के अनुसार, इस टैंक में चार-पांच जवान सवार थे.

### पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट, चार की मौत

**विरुधुनगर (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के विरुधुनगर के निकट शनिवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट के बाद चार श्रमिकों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई. उन्होंने बताया कि विस्फोट और आग लगने का कारण पटाखा बनाने में रासायनिक पदार्थों का गलत तरीके से इस्तेमाल किया जाना बताया जा रहा है. उन्होंने बताया कि इकाई के नजदीक मौजूद एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया. उन्होंने बताया कि पटाखा निर्माण इकाई की इमारत को भी इस घटना में नुकसान पहुंचा है.

ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव का मामला

# रुझान में पेजेशकियन व जलीली में टक्कर

एजेंसी। दुबई



ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव परिणाम के रुझानों में सुधारवादी उम्मीदवार मसूद पेजेशकियन और कट्टरपंथी प्रत्याशी सईद जलीली के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है. ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल द्वारा प्रसारित प्रारंभिक परिणामों में दोनों में से किसी भी उम्मीदवार को चुनाव में सीधे जीत हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखाया गया, जिससे चुनाव परिणामों में शीर्ष दो स्थानों पर रहने वाले उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना नजर आ रही है. चैनल ने बताया कि एक करोड़ 20 लाख मतों की गिनती के बाद पेजेशकियन को 53 लाख वोट मिले, जबकि जलीली को 48 लाख वोट मिले हैं. संसद के कट्टरपंथी स्पीकर मोहम्मद बाघेर कलीबाफ को 16 लाख वोट मिले. शिया धर्मगुरु मुस्तफा पूरमोहम्मदी को करीब 95,000 वोट मिले हैं. ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ था. ईरान के कट्टरपंथी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मई में हुए हेलीकॉप्टर हादसे में मृत्यु हो गई थी, जिस कारण देश में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराया गया.

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डी श्रीनिवास का निधन

**हैदराबाद ।** कांग्रेस की आंध्र प्रदेश (अविभाजित) इकाई के पूर्व अध्यक्ष डी श्रीनिवास का शनिवार को यहां निधन हो गया. वह 76 वर्ष के थे. श्रीनिवास के पुत्र और निजामाबाद से सांसद डी अरविंद ने उनके निधन की सूचना दी. श्रीनिवास के पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस नेता पिछले कुछ दिन से बीमार थे. श्रीनिवास 2004 और 2009 के विस और आम चुनावों के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष थे. वह पूर्व मुख्यमंत्री वाई एस राजशेखर रेड्डी की कैबिनेट में मंत्री भी थे. वह कांग्रेस छोड़कर 2016 में बीआरएस में शामिल हो गए थे और 2016 से 2022 तक राज्यसभा सदस्य रहे थे तथा बाद में वह कांग्रेस में लौट आए थे.

बातचीत

ओबामा प्रशासन के पूर्व अधिकारी वैन जोन्स ने बाइडेन के बारे में कहा

# बाइडेन को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी से सम्मानजनक रूप से हटना चाहिए

एजेंसी। सिडनी

जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच इस सप्ताह की राष्ट्रपति बहस के समापन के कुछ ही मिनटों के भीतर, कई लोगों के लिए यह स्पष्ट हो गया कि 81 वर्षीय बाइडेन नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल नहीं कर पाएंगे. 90 मिनट की बहस के दौरान स्पष्ट रूप से संवाद करने में उनकी असमर्थता के कारण पूरे अमेरिकी राजनीतिक हलकों, विशेष रूप से डेमोक्रेट के बीच, उनकी कड़ी आलोचना हुई. ओबामा प्रशासन के पूर्व अधिकारी और सीएनएन विश्लेषक वैन जोन्स ने बाइडेन के बारे में कहा, देश और जनता में विश्वास बहाल करने के लिए उन्हें आज रात एक परीक्षा से गुजरना था, और वह ऐसा करने में असफल रहे. हम अभी भी पार्टी सम्मेलन से दूर हैं. और इस पार्टी के लिए आगे बढ़ने का एक अलग रास्ता निकालने का समय आ गया है. बाइडेन ने ट्रम्प के विभिन्न व्यक्तिगत अविवेक और 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल पर विद्रोह को लेकर अपने पूर्ववर्ती पर कुछ वार किए, और एक बिंदु पर कहा, आप गली की एक बिल्ली जितने नैतिक हैं. लेकिन यह कहें संशयवादियों को समझाने के लिए पर्याप्त नहीं था कि बाइडेन-ट्रम्प अभियान से लड़ने में सक्षम हैं, अमेरिकी कमांडर-इन-चीफ के कर्तव्यों को निभाने और अगले चार वर्षों तक दुनिया में सबसे कठिन काम करने को तो जिक्र ही नहीं किया गया. यदि सप्ताहांत के मतदान से पता चलता है कि बाइडेन अपने भयानक बहस प्रदर्शन के बाद समर्थन खो रहे हैं, जिसकी अत्यधिक संभावना है, तो डेमोक्रेट के उम्मीदवार के रूप में उनकी जगह लेने का कदम और भी तीव्र और अंततः निर्विरोध हो जाएगा. अगले कुछ हफ्तों में यह कैसा रहेगा?



राष्ट्रपति जो बाइडेन

### जिल बाइडेन के सहयोग की आवश्यकता होगी

ट्रम्प के साथ बहस के अगले दिन, उन्होंने उत्तरी कैरोलिना में एक अभियान कार्यक्रम में अपनी मुट्ठी हिलाई और जोर देकर कहा, जब आप हार जाते हैं, तो आप फिर से खड़े हो जाते हैं. बाइडेन को पद छोड़ने के लिए मनाने के लिए उनकी पत्नी, प्रथम महिला जिल बाइडेन के सहयोग की आवश्यकता होगी. डॉ. जिल, जैसा कि वह जानी जाती है, ने राष्ट्रपति के दैनिक जीवन और सार्वजनिक उपस्थिति के प्रबंधन में व्यावहारिक भूमिका निभाई है. डेमोक्रेटिक पार्टी के बहुत कम बुजुर्ग हैं जो बाइडेन पर प्रभावशाली हो सकते हैं. यदि वे दोनों प्रथम महिला के पास जाते हैं और जबरदस्ती बाइडेन के उम्मीदवारी से हटने का आग्रह करते हैं, तो इसका विरोध करना बहुत मुश्किल हो सकता है. यदि बाइडेन अगस्त के मध्य में डेमोक्रेटिक सम्मेलन से पहले दौड़ से हट जाते हैं, तो उनके प्रतिनिधि कार्यक्रम में एक नए उम्मीदवार के लिए मतदान कर सकते हैं. संभावित उम्मीदवारों में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम, मिशिगन के गवर्नर ग्रेचेन व्हिटमर और पेंसिल्वेनिया के गवर्नर जोश शापिरो शामिल हैं.

**बाइडेन अपने भाग्य पर नियंत्रण बनाए हुए हैं :** अपनी पार्टी की तीखी आलोचना के बावजूद, बाइडेन अपने भाग्य पर नियंत्रण बनाए हुए हैं. उन्होंने इस साल की शुरुआत में डेमोक्रेटिक प्राथमिक प्रक्रिया में प्रतिज्ञा किए गए 99% प्रतिनिधियों को जीत लिया.

# केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी। नयी दिल्ली



दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने शराब नीति से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई की मांग पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. सुनवाई के दौरान सीबीआई ने केजरीवाल की 14 दिन न्यायिक हिरासत की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया. केजरीवाल को 12 जुलाई को दोपहर 2 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश किया जाएगा.

केजरीवाल की तीन दिन की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद शनिवार को सीबीआई ने कोर्ट में पेश किया. विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने केजरीवाल को जेल भेजने की मांग करने वाली याचिका पर पहले फैसला सुरक्षित रखा और बाद में 14 दिन की न्यायिक हिरासत का आदेश सुनाया. कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीबीआई की रिमांड की मांग का विरोध करते हुए, केजरीवाल के वकील ने जांच से संबंधित एकत्र की गई सामग्री को रिकॉर्ड पर रखने के लिए दायर आवेदन के आधार पर सीबीआई को निर्देश दिए जाने की मांग की. उनकी इस मांग पर जज ने कहा कि इस पहलू को कोर्ट पर छोड़ देना चाहिए, जांच के महत्वपूर्ण पहलू आरोपी को नहीं बताए जा सकते.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - दीपक कुमार अम्बष्ठ*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)